संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज समूह संपादक : रवि भारद्वाज नई दिल्ली, सोमवार, 04 मार्च 2024 ₹ 2 www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive



कांग्रेस नेता राहुल गांधी अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 62 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आसनसोल से भाजपा प्रत्याशी पवन सिंह ने पहले ही क्यों डाला हथियार?

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह ने चुनाव मैदान में उतरने के पहले ही हथियार डाल दिए। क्यों? क्या फिल्म अभिनेता से राजनेता बने बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा से मुकाबला की नौबत से बचने के लिए! या, 2022 के उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस की भाजपा प्रत्याशी पर बड़ी हार का डर समझने के बाद यह फैसला लिया। या, 2022 के उपचुनाव में तृणमूल के अकेले लड़ने और इस बार वामदल और कांग्रेस समेत इंडी एलायंस के साझा उम्मीदवार के सामने खुद को अकेला पाने के डर से यह निर्णय लिया। पवन सिंह ने लिखा- "पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।" मतलब, यह तो पक्का है कि उन्हें आसनसोल से ही संकट है। वह भी तब, जबकि उनका नाम आने के बाद भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री रह चुके बाबुल सुप्रियो ने तृणमूल में होने के बाद भी लिखा था- "आसनसोल को पवन सिंह मुबारक हो"।

**बिहार बाबू से बिहारी और एक्टर का पंगा लेना मुश्किलः** आसनसोल में बिहारी और खासकर भोजपुरी लोगों की आबादी ठीकठाक मानी जाती है। बिहार से जुड़ाव के कारण यह इलाका खांटी बंगाली स्वभाव का नहीं है। यहां बिहारियों के खिलाफ शेष बंगाल जैसा भाव नहीं है। भोजपुरी फिल्मों का भी यहां ठीकठाक क्रेज है और हिंदी का तो पहले से है। इसी कारण शत्रुघ्न सिन्हा के सामने पवन सिंह को लाया गया था। लेकिन, एक तो शत्रुघ्न सिन्हा की पहचान बिहारी बाबू के रूप में है और फिल्मी जगत में भी पवन सिंह उनके सामने बच्चा हैं। इसके अलावा दोनों बिहारी हैं और एक बिहारी दिग्गज अभिनेता के सामने उतरना पवन सिंह को उचित नहीं लगा हो। हालांकि, पवन सिंह की उम्मीदवारी वापसी के फैसले से यह साबित हो गया कि उनकी शत्रुघ्न सिन्हा से भी बात हुई और यह भी पक्का है कि इस सीट पर तृणमूल फिर उन्हीं को उतारने वाली है।

**पवन के मन में वोटों का यह अंतर भी जरूर होगाः** भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह ने आसनसोल सीट से चुनाव लड़ने से इनकार किया तो कहीं न कहीं एक वजह पिछले चुनाव के आंकड़े भी होंगे।

2019 की बात होती तो कोई भी पांच साल में बदलाव का हिसाब समझता। लेकिन, अभी दो साल भी नहीं हुए यहां उप चुनाव के। अप्रैल 2022 के लोकसभा उपचुनाव में आसनसोल सीट से बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा ने बड़ी जीत हासिल की थी। वह तृणमूल के प्रत्याशी थे और भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल को बड़े अंतर से हराया था।


### आदर्श विचार



"मनुष्य को जीवन की चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए।"

-भागवद्

### मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

-स्वामी विवेकानंद




## 'इंडिया' गठबंधन ने भरी 'हुंकार'

### चीन-पाक हमसे बेहतरः राहुल गांधी, युवाओं को कमजोर ट्रेनिंग देकर मोर्चे पर भेज रही मोदी सरकार

**हमला बोला**

8 सेना में दो तरह के सैनिक हो गए हैं। अग्निवीर सैनिक होंगे, जो शहीद होकर भी उसका दर्जा नहीं हासिल कर पाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः बिहार** की राजधानी पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन-विश्वास महारैली के दौरान युवाओं की बड़ी तादाद देखकर कांग्रेस के नंबर वन नेता राहुल गांधी ने अग्निवीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सेना में दो तरह के सैनिक हो गए हैं। अग्निवीर ऐसे सैनिक होंगे, जो शहीद होकर भी उसका दर्जा नहीं हासिल कर सकेंगे। न जीते जी सुविधा मिलेगी और न शहीद होने पर सम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इन अग्निवीरों को छह महीने की ट्रेनिंग देकर चीन-पाकिस्तान की मजबूत सेना के सामने भेज रही है।

**पीएम मोदी 73% आबादी के खिलाफ रच रहे साजिशः** राहुल गांधी ने कहा कि इस देश में नफरत क्यों फैल रही है? इस देश में नफरत की जगह नहीं है। इसका सबसे बड़ा कारण अन्याय है। युवाओं, किसानों, गरीबों के खिलाफ अन्याय है। मोद जी केवल दो तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं। उनके लाखों करोड़ों रुपये के कर्ज माफ कर दिए गए। किसानों के कर्ज क्यों नहीं माफ किए जा रहे हैं? एक उद्योगपति के हाथ में हिन्दुस्तान के बंदरगाह, रेलवे, रक्षा को पकड़ा दिया है। हिन्दुस्तान में पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित और आदिवासियों की आबादी 73 प्रतिशत है। अब देखिए 73 प्रतिशत में हिन्दुस्तान की बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालइए, इसमें से एक भी आदमी इस वर्ग का आपको नहीं मिलेगा। बड़े-बड़े प्राइवेट अस्पतालों में इन 73 प्रतिशत से एक भी इन वर्गों का नहीं मिलेगा। पहले पब्लिक सेक्टर में गरीबों को नौकरी मिल जाती थी। मगर नरेंद्र मोदी ने सारे रास्ते बंद कर दिए।



### लालू यादव ने खेल दिया हिंदू कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** भारतीय जनता पार्टी अबतक हिंदू कार्ड खेलने के लिए जानी जाती रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सनातन धर्म का संरक्षक बताती रही है। लेकिन, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने दोनों मोर्चों पर अब लड़ाई छेड़ दी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोई हिंदू यह-यह काम नहीं कर सकता, जो पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने पीएम मोदी की पारिवारिक जिंदगी पर भी हमला बोला। शनिवार को पीएम मोदी बिहार में आए थे तो उन्होंने बिना नाम लिए परिवारवाद के बहाने लालू प्रसाद पर हमला बोला था।

### लालू ने पीएम मोदी को गैर-हिंदू बताया

**राजद** अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पीएम पर हमला कायम रखा। बोले- "देश भर नफरत फैला रहे हो। कहता है कि भगवान में प्राण प्रतिष्ठा कर दिया। बताओ कि बिना प्राण प्रतिष्ठा के ही भगवान ही अब तक थे?" उन्होंने पीएम मोदी को हिंदू मानने से इनकार करते हुए अपनी बातें पूरी कीं तो राम-सीता होते हुए बेटी-बेटा तक पहुंचे। उन्होंने कहा- "जनकपुर में श्रीराम चंद्र जी की शादी हुई। बिहार जैसे राज्य में एक से एक सूरमा पैदा लिए। इसी गांधी मैदान में न जाने कितनी बार देश भर नेताओं का सभाएं हुईं। यहीं से देश भर संदेश गया। बिहार के हवा में इतना दम हैं कि जो देश के लोग इसका अनुकरण करते हैं। मेरा किडनी का ट्रांसप्लांट हुआ है। हमारी बेटी रोहिणी ने अपनी किडनी मुझे दान दी। मुझे जीवनदान दिया।

## सीएम मान-केजरीवाल ने पंजाब के 13 स्कूल ऑफ एमिनेंस का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने रविवार को लुधियाना से 13 नये स्कूल ऑफ एमिनेंस का लोकर्पण कर शिक्षा क्रांति के लिए पंजाब में एक और मील का पत्थर पार किया। पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इन स्कूलों का निर्माण करके विद्यार्थियों के सपनों को उड़ान दे रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाद अब पंजाब में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी क्रांति देखने को मिल रही है और यह स्कूल उसी की झलक हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मौका है और वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब देश का अग्रणी राज्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहलकदमी खास करके गरीब और पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों की मानक शिक्षा तक पहुँच यकीनी बनाऐगी। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब इन स्कूलों के विद्यार्थी हर क्षेत्र में सफलताएं हासिल करके राज्य का नाम रौशन करेंगे।



### शहबाज शरीफ बने पाक के नए पीएम

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद शहबाज शरीफ ने गठबंधन सरकार में अपने सहयोगियों को उन पर भरोसा करने और उन्हें सदन का नेता चुनने के लिए धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि शहबाज शरीफ पाकिस्ताना के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के छोटे भाई हैं। शहबाज शरीफ ने कहा कि मेरे बड़े भाई तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

## 'सीहॉक्स' एमएच-60आर नौसेना के बेड़े में होगा शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय नौसेना 06 मार्च को कोच्चि के आईएनएस गरुड़ में शामिल किए गए अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को अपने बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल करेगी। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है, जिसे समुद्र में 'उड़ता फ्रिगेट' कहा जाता है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीद रही है, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुई थी। सौदे के तहत अब तक छह एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। पहली खेप की आपूर्ति के दौरान भारतीय नौसेना के 18 कर्मियों की एक टीम अमेरिका में हेलीकॉप्टरों के उड़ान का प्रशिक्षण लेने के लिए गई थी। इन हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल एयर क्रू और तकनीकी चालक दल के पहले भारतीय बैच को अमेरिका के पेंसाकोला, फ्लोरिडा और सैन डिएगो में प्रशिक्षण देने के लिए किया गया। अमेरिकी नौसेना के साथ हुए अनुबंध के तहत सभी 24 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति 2025 तक पूरी हो जाएगी।



## पुरातात्विक स्थल के रूप में अग्रोहा किया जाएगा विकसितः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अग्रोहा में स्थित महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में शोध के लिए महाराजा अग्रसेन के नाम पर चेयर और हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। ये घोषणाएं उन्होंने दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में हिसार के अग्रोहा में स्थित पुरातत्व स्थल को विकसित करने को लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर अवसर पर की। इस समझौता ज्ञापन पर एएसआई की ओर से महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत और हरियाणा पर्यटन एवं विरासत विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं अग्रोहा विकास परियोजना के चेयरमैन ज्ञानचन्द गुप्ता और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री एवं अग्रोहा विकास परियोजना के को-चेयरमैन डॉ कमल गुप्ता भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि हिसार हवाई अड्डे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और यह प्रतिमा समाज के सहयोग से निर्मित होगी।



### सीएम ने महाराजा अग्रसेन को बताया भामाशाह

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि दानवीर के रूप में दो ही नाम सामने आते हैं-दानवीर कर्ण और महाराजा अग्रसेन। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन समाज के भामाशाह रहे हैं। यहीं गुण अग्रवाल व वैश्य समाज में आज भी है। वैश्य समाज के लोग दान देने की प्रवृत्ति रखते है जो कि अच्छी बात है। मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि समाज की यह वर्षो से इच्छा थी कि हजारों वर्ष पुराने इस अग्रोहा स्थल और महाराजा अग्रसेन जैसे महापुरुष के बारे में लोग जानकारी प्राप्त कर सकें, इसके लिए कुछ होना चाहिए।

## मिनिकॉय में भारत ने बनाया नौसेना बेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत ने एशिया के सबसे छोटे देश मालदीव में चीन की पहल के कारण अपनी पकड़ खो दी है लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी नजर बनाए रखने के लिए भारतीय नौसेना ने लक्षद्वीप द्वीप समूह में एक नौसैनिक हवाई अड्डा बनाया है। यह अरब सागर में भारतीय मिनिकॉय द्वीप मालदीव से सिर्फ 507 किलोमीटर दूर है, जहां भारतीय नौसेना 06 मार्च को आईएनएस जटायु को तैनात करेगी।

यह रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप समूह में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के मद्देनजर नौसेना की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय नौसेना 06 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय को आईएनएस जटायु के रूप में तैनात करेगी। यह नौसेना बेस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप समूह में सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के नौसेना के संकल्प में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय की स्थापना 1980 के दशक की शुरूआत में नौसेना ऑफिसर इन चीफ (लक्षद्वीप) की परिचालन कमान के तहत की गई थी। कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि मिनिकॉय, लक्षद्वीप का सबसे दक्षिणी द्वीप है, जो संचार की महत्वपूर्ण समुद्री लाइनों (एसएलओसी) तक फैला हुआ है।



## नौसेना के जहाज से नाविक साहिल वर्मा लापता, इंक्वायरी के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय नौसेना के जहाज से लापता नाविक साहिल वर्मा का छह दिनों बाद भी पता नहीं चल पाया है। उनकी खोज के लिए नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है। इस बीच पश्चिमी नौसेना कमान ने बोर्ड ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिये हैं। भारतीय नौसेना का एक नाविक 27 फरवरी से नौसेना के एक जहाज से लापता है और उसका पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। मुंबई मुख्यालय वाली पश्चिमी नौसेना कमान ने कहा कि नाविक की पहचान साहिल वर्मा के रूप में की गई है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। बताया गया कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में साहिल वर्मा सीमैन क्क के 27 फरवरी से तैनाती के दौरान समुद्र में लापता होने की सूचना मिली है। नौसेना ने तुरंत जहाजों और विमानों के साथ बड़े पैमाने पर खोज अभियान शुरू किया, जो अभी भी जारी है।

## विदेशी महिला के साथ गैंगरेप, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** झारखंड के दुमका जिले में विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सात में से तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्राजील के दूतावास ने दुखद घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए जानकारी दी है। दूतावास ने कहा है कि महिला को मेडिकल सुविधाएं दी गई हैं और पूरे घटनाक्रम पर वे नजर बनाए हुए हैं। पीड़ित महिला के पास दोहरी नागरिकता है। वह ब्राजील के साथ-साथ स्पेन की भी नागरिक है। वह अपने पति के साथ एशिया के अपने दौरे पर थी। झारखंड के दुमका जिले में महिला के साथ सात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला ने स्वयं पुलिस स्टेशन पहुंचकर इसकी जानकारी दी। इसके बाद से यह मामला सुर्खियों में है और सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। ब्राजील के दूतावास ने एक बयान में कहा है कि घटना के तुरंत बाद महिला और स्थानीय प्रशासन से संपर्क साधा गया है। महिला दोहरी नागरिकता रखती है और पति-पत्नी स्पेनिश पासपोर्ट से भारत आए थे।



**कार्रवाई**

8 दूतावास ने कहा है कि महिला को मेडिकल सुविधाएं दी गई हैं और पूरे घटनाक्रम पर वे नजर बनाए हुए हैं

**लोग परेशान** बर्फबारी के बाद रिकांग पिओ व सांगला घाटी के बट्सेरी गाँव मे तूफान उठा व पेड़ो के टूटने के चलते कई वाहनों को भारी क्षति पहुंची

## किन्नौर जिला मे बर्फबारी के बाद जनजीवन अस्त-व्यस्त, सड़कें अवरुद्ध

**अनिल**

**किन्नौरः जिला** किन्नौर मे भारी बर्फ बारी के चलते जिला का जनजीवन अस्तव्यस्त हुआ है। ऐसे मे जिला के अधिकतर सडक मार्ग अवरुद्ध हुए है। वहीं बर्फबारी के बाद रिकांग पिओ व सांगला घाटी के बट्सेरी गाँव मे तूफान उठा व पेड़ो के टूटने के चलते कई वाहनों को भारी क्षति पहुंची है। इसके अलावा शनिवार शाम भी बर्फ बारी के चलते जंगी नाला मे गलेशियर गिरा व रविवार को करछम समीप नाले मे गलेशियर गिरने के चलते एनएच-5 अवरुद्ध हुआ है वहीं निगुलसारी व नाथपा झूला समीप पहाड़ो से पत्थरो के गिरने के चलते राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 अवरुद्ध हुआ है।ऐसे मे जिला के सडके अवरुद्ध होने के अलावा अब पीने के पानी के जलस्त्रोत जाम, शनिवार से बिजली घुल, पैदल मार्ग जाम, होने के चलते जिला देश दुनियां से फिलहाल कट चूका है। जिला मे करीब 80 सडक सम्पर्क मार्ग बर्फ बारी के चलते अवरुद्ध है वहीं सडके अवरुद्ध होने के चलते वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हुई है। जिला के छितकुल, रकछम मे 4 फिट, सांगला साढ़े तीन फिट, आसरंग, लिप्पा, हांगरंग घाटी रोपा घाटी के सभी ग्रामीण इलाकों मे साढ़े तीन फि ट, कल्पा 3 फि ट, युवारिंगी 2 फि ट, रिकांगपिओ डेढ़ फि ट, नेसँग व कुनोचारंग 3 फि ट के आसपास बर्फ बारी हुई है। बर्फ बारी के चलते रिकांगपिओ व बट्सेरी गाँव मे तूफ ान उठने से बड़े-बड़े पेड़ो के टूटने से वाहनों व अन्य सम्पदा को क्षति पहुंची है जिससे लाखो का नुकसान भी हुआ है। मार्च माह मे हुई भारी बर्फ बारी बागवानो व किसानों के लिए किसी अमृत से कम नहीं क्योंकि बागवानो को लम्बे समय से सेब बगीचो मे चिलिंग आवर के समय पूरा करने हेतु इंतजार था जो पूरा हुआ है वहीं गर्मियों मे इस बर्फ बारी बाद प्राकृतिक जलस्त्रोत भी खुलने लगेंगे, जिला मे प्रशासन ने जबतक प्रशासन की ओर से सडके बहाल नहीं की जाती तबतक किसी भी प्रकार से जोखिम उठाने से परहेज का आग्रह किया है। डीसी किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने कहा कि जिला मे बर्फ बारी के बाद अवरुद्ध सडकों को खोलने के लिए प्रशासन प्रयासरत है और बिजली के टूटे खम्बे, पैदल मार्ग, पीने के पानी के जलस्त्रोत को रिस्टोर करने हेतु काम किया जा रहा है लेकिन बर्फ बारी के बाद प्रशासन को भी सडके बहाल व अन्य कार्यो मे दिक्कते पेश आ रही है। उन्होंने कहा कि जिला जनजीवन को सामान्य करने हेतु प्रशासन प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पोलियो अभियान के तहत तीन मार्च से स्वास्थ्य विभाग जिला मे शून्य से पांच वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाने के लिए निर्धारित तिथि को भी बर्फ बारी के चलते फि लहाल स्थगित किया गया है।



**जलस्त्रोत जाम**

8 शनिवार से बिजली घुल, पैदल मार्ग जाम, होने के चलते जिला देश दुनियां से फिलहाल कट चूका है

## पहाड़ों पर भारी बर्फबारी, रूक-रूक कर हो रही बारिश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः मौसम के** मिजाज में शनिवार को तेज बदलाव हुआ और राष्ट्रीय राजधानी एवं आसपास के इलाकों समेत उत्तर व मध्य भारत के ज्यादातर इलाकों में भारी बारिश हुई। कई इलाकों में तेज हवाएं चलने के साथ ओलावृष्टि भी हुई। वहीं, पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी और निचले इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई है। दिल्ली-एनसीआर में सुबह फिर बारिश ही है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह तेज हवा के साथ बारिश हुई। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि बारिश के बावजूद न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं आई और यह 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय हवा की गुणवत्ता भी ठीक रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक 148 दर्ज किया गया। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब व यूपी में अलग-अलग जगहों पर आंधी के साथ बारिश व ओलावृष्टि हुई है। हिमाचल में हिमपात और बारिश से चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 350 से अधिक सड़कें बंद हैं।

# 'बीवी को वापस भेज दो, नहीं तो तेरे बेटे को मार दूंगा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कापसहेड़ा थाना पुलिस ने साले का अपहरण कर फिरौती मांग रहे जीजा को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान खजूरी खास के समीर उर्फ मुनीश के रूप में हुई है। वह दूसरी कक्षा तक पढ़ा है और रिक्शा चलाने का काम करता है। करीब एक महीने पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। उसे लगता था कि उसका ससुर उसकी पत्नी की दूसरी शादी करवाने वाला है।

**पानी देने गया था बेटा:** इसी वजह से उसने साले का अपहरण किया। दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि कापसहेड़ा थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि 11 वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया गया है। शिकायतकर्ता तब्बसुन खातून ने बताया था कि उनका बेटा उनके पति कसार अली को दुकान पर पानी देने गया था, लेकिन वापस नहीं आया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। कसार अली ने बताया कि उन्हें उनका दामाद समीर फिरौती के लिए कॉल कर रहा है। फिरौती न देने पर वह बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहा है और पत्नी व बेटी को वापस करने का दबाव भी बना रहा है। उसे लगता है कि उसकी पत्नी की शादी किसी और से हो गई है और कसार अली को उसके वर्तमान ठिकाने के बारे में अच्छी तरह पता है।

**दोनों से डेढ़ साल की है बेटी:** समीर की शादी चार वर्ष पहले कसार अली की बेटी से हुई थी।




इस विवाह से उनकी डेढ़ वर्ष की बेटी है। एक महीने पहले उसकी पत्नी बिना बताए हुए उसे छोड़कर चली गई थी। समीर उसकी मांगों को पूरा न होने पर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपित को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। टीम में एसआइ जसबीर मलिक, कमल कांत, विनोद कुमार, सुनील, एएसआई अजीत सिंह, हेड कॉन्स्टेबल बीरेंद्र, आलोक, राजेश आदि शामिल थे।

**धमकी**

**8 कापसहेड़ा थाना पुलिस ने साले का अपहरण कर फिरौती मांग रहे जीजा को गिरफ्तार किया है**

पुलिस ने उस मोबाइल नंबर की डिटेल खंगाली, जिस नंबर से धमकी दी जा रही थी। उस के आधार पर दिल्ली-एनसीआर के विजय घाट, दरियागंज, सीलमपुर, गांधी नगर, खजूरी, कोटला मुबारकपुर आदि में छापेमारी की गई।

**अलग-अलग नंबर से करता था कॉल:** यहां पर पता लगा कि समीर राहगीरों के अलग-अलग नंबरों से शिकायतकर्ता को कॉल कर रहा था। जब शिकायतकर्ता को समीर का कॉल आया तो संक्षिप्त बातचीत के बाद शिकायतकर्ता ने उसकी मांग मान ली। इसके बाद आईएनए मेट्रो स्टेशन के पास जाल बिछाया गया।

इसके बाद समीर बच्चे को वहां पर छोड़कर भागने में कामयाब हो गया। समीर को पकड़ने के लिए टीम ने उसके मूल गांव उत्तर प्रदेश के संभल के अकबरपुर में भी छापेमारी की, लेकिन वह वहां पर नहीं आया।

बाद में पता लगा कि समीर ने अपना मोबाइल एक्टिवेट किया है और वह नया सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहा है। इसके बाद उसे महाराष्ट्र के अहमदनगर से गिरफ्तार कर लिया गया।

# प्रतिबंध के बाद भी इंस्टाग्राम पर बेच रहे ई-सिगरेट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** औद्योगिक नगरी में चीन में बनने वाली ई-सिगरेट नेपाल के रास्ते दिल्ली पहुंचने के बाद अब इंटरनेट मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच रही है।

गिरोह से जुड़े लोग इंस्टाग्राम पर आईडी बनाकर ई-सिगरेट की आपूर्ति कर रहे हैं। गिरोह के सदस्यों ने बकायदा इंस्टाग्राम पर आपूर्ति वाले उन शहरों का नाम भी लिख रहा है, जहां वह आपूर्ति कर रहे हैं। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ (डीटीसीसी) की प्रभारी डॉ. श्वेता खुराना का कहना है कि सेक्टर-39 कोतवाली पुलिस ने पिछले माह दो तस्करों को गिरफ्तार कर कब्जे से तीन किलो 100 ग्राम गांजा व 960 ई-सिगरेट बरामद की थी। जांच में पता चला कि ई-सिगरेट चीन में बनी ई-सिगरेट नेपाल के रास्ते उत्तराखंड आती थी। वहां से पीलीभीत के रास्ते दिल्ली पहुंचती थी। वहां से दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग कॉलेज, बार, रेस्तरां, बड़े पान दुकानदारों को इंटरनेट मीडिया मसलन फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज, वाट्सऐप ग्रुप, फर्जी टेलीग्राम ग्रुप बनाकर इन्हें बेचा जाता था। जांच में पता चला है कि वेपे, जूल नाम से कई इंस्ट्राग्राम पर आइडी बनी हुई हैं, जो ई-सिगरेट की बिक्री करती हैं। आई डाट वेपइंडिया नाम से एक चल रहे ई-सिगरेट की बिक्री जा रही है।

# ब्लू सफायर मॉल में लोहे का स्ट्रक्चर गिरने से दो लोगों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ब्लू सफायर मॉल में लोहे का स्ट्रक्चर गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। दोनों नीचे खड़े थे, तभी उनके सिर पर ग्रिल लगी और उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है और जांच में जुटी हुई है। बिसरख पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान गाजियाबाद के विजय नगर निवासी हरेंद्र भाटी (35) और शकील (35) के तौर पर की गई है। पुलिस द्वारा पंचायतनाम भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा जा रहा है।

ब्लू सफायर मॉल में ग्रिल गिरने से दो लोगों की मौत पर एडीसीपी सेंट्रल हृदेश कठेरिया ने कहा, 'आज ब्लू सफायर मॉल में पांचवीं मंजिल से लोहे की ग्रिल गिर गई, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई।

पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और विजयनगर, गाजियाबाद के रहने वाले दो लोगों की पहचान की। जब दुर्घटना हुई तो वे एस्केलेटर की ओर चल रहे थ।'

# गाजियाबाद संभाग में खुलेंगे 12 निजी फिटनेस केंद्र, मनमानी पर लग सकेगी लगाम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** वाहनों की फिटनेस के नाम पर चल रहे खेल पर एक माह में लगाम लग जाएगी। आरटीओ गाजियाबाद पीके सिंह की जांच रिपोर्ट के बाद शासन ने गाजियाबाद संभाग में आने वाले गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और बुलंदशहर चार जिलों में 12 निजी वाहन फिटनेस केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। प्रत्येक जिले में तीन-तीन फिटनेस केंद्र खुलेंगे। अभी उत्तर प्रदेश में सिर्फ गाजियाबाद जिले के डासना में एकमात्र निजी ऑटोमैटिक वाहन फिटनेस केंद्र था। उक्त निजी फिटनेस केंद्र के कामकाज में परिवहन कार्यालय का कोई हस्तक्षेप नहीं था, जिसके चलते लगातार मनमानी व वसूली किए जाने की शिकायत मिल रही थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। आरटीओ गाजियाबाद पीके सिंह ने बताया कि निजी आटोमैटिक



वाहन फिटनेस केंद्र खोलने के लिए गौतमबुद्धनगर से 24, गाजियाबाद से 15, बुलंदशहर से नौ व हापुड़ से पांच आवेदन आए हैं। एक माह में चारों जिलों में तीन-तीन निजी फिटनेस केंद्र खुल जाएंगे। इनके कामकाज पर परिवहन कार्यालय का दखल रहेगा, जिससे यह मनमानी नहीं कर सकेंगे।

**परिवहन कार्यालय से फिटनेस प्रमाण पत्र जारी:** निजी फिटनेस केंद्रों पर सिर्फ ऑटोमैटिक मशीनों से जांच होगी। जांच करने के बाद इन केंद्रों को परिवहन विभाग के पोर्टल पर जांच रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। परिवहन कार्यालय के संभागीय निरीक्षण जांच रिपोर्ट को गहनता से जांच कर उसे स्वीकृत करेंगे।

इसके बाद ही परिवहन कार्यालय से फिटनेस प्रमाण पत्र जारी होगी। यदि जांच में कुछ खामी मिलती है तो उस पर आपत्ति लगाने का अधिकारी भी संभागीय निरीक्षक को होगा।

**काकड़ा व डासना में खुलेंगे दो केंद्र:** खास बात यह है कि आनलाइन पोर्टल पर जांच रिपोर्ट अपलोड होने के बाद संभागीय निरीक्षक को दो दिन में उसके स्वीकृत या खामी मिलने पर आपत्ति लगाकर खारिज करना होगा। दो दिन की समयावधि के बाद ऑटो स्वीकृति की व्यवस्था शासन ने लागू की है। गाजियाबाद के काकड़ा व डासना में दो केंद्र खोलने के लिए शासन ने प्राथमिक मंजूरी दे दी है। इसी तरह गौतमबुद्धनगर के दो केंद्रों को भी प्राथमिक मंजूरी दे दी गई है। गाजियाबाद में पूर्व में वाहनों की फिटनेस जांच परिवहन कार्यालय में मैन्युअल होती थी। आरआइ जांच के बाद फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करते थे। मैन्युअल फिटनेस जांच में खामियों की आशंका के चलते शासन ने आटोमैटिक फिटनेस केंद्र की व्यवस्था लागू की गई थी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मनीष कुमार त्यागी @ सोनू @ डॉक्टर, पुत्रः श्री शिव कुमार त्यागी, पताः गली नं. 5, पुष्पांजली विहार, रिलायंस टावर के पास, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और सी–191, लाजपत नगर, साहिबाबाद, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 113/2009, U/s 489B/489C/411/34 IPC, पुलिस थाना कमला मार्केट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनीष कुमार त्यागी @ सोनू @ डॉक्टर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनीष कुमार त्यागी @ सोनू @ डॉक्टर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 113/2009, U/s 489B/489C/411/34 IPC, पुलिस थाना कमला मार्केट, दिल्ली** के अभियुक्त **मनीष कुमार त्यागी @ सोनू @ डॉक्टर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री जोगिंदर प्रकाश नाहर
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
केन्द्रिय जिला, कमरा नं. 230
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2566/CD/2024


# एनसीआर में तेज बारिश के साथ गिरे ओले, आगे कैसा रहेगा मौसम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद/नोएडा:** एक दिन पहले गाजियाबाद में पूरे दिन बादल छाए रहने के साथ हुई हल्की वर्षा के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शनिवार-रविवार को रात में वर्षा के बाद सुबह बादल छाए रहे। शाम को बादल घिर आए। कुछ ही देर में तेज वर्षा शुरू हो गई और साथ में ओले भी पड़े।

**बादल के चलते महसूस हुई सर्दी**

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन हल्के बादल छाए रह सकते हैं। बीते कई दिन से सुबह से ही तेज धूप रहने की वजह से तापमान में बढोतरी हो रही है। शनिवार को बादल छाए रहने के साथ



हल्की वर्षा भी हुई। जिसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रविवार को रात वर्षा के बाद सुबह से बादल छाए रहे। जिससे हल्की सर्दी महसूस हुई। दिन भर आसमान में बादल मंडराते रहे। इसके बाद शाम को तेज वर्षा शुरू हो गई और कुछ ही देर में ओले भी पड़े। हालांकि ओले काफी ज्यादा छोटे थे और कम ही दिखाई दिए। शहर के कुछ इलाकों में ओले ज्यादा दिखे। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस

**चौकसी**

**8 शनिवार-रविवार को रात में वर्षा के बाद सुबह बादल छाए रहे। शाम को बादल घिर आए। कुछ ही देर में तेज वर्षा शुरू हो गई**

और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में हवा अधिकतम 13 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली।

**सोमवार को कैसा रहेगा मौसम**

वातावरण में आर्द्रता 77 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। तापमान में गिरावट आ सकती है। न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। हवा अधिकतम 14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। वातावरण में आर्द्रता 59 प्रतिशत तक रह सकती है। वहीं, नोएडा में गत रात अचानक मौसम बादल छाए और तेज हवाओं के साथ बरस उठे। देर रात से रविवार अलसुबह तक भी हल्की वर्षा का सिलसिला जारी रहा। शाम तक तेज हवाएं चलती रही। वर्षा के कारण मौसम सुहावना हुआ है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr. P.C देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **बब्लू कुमार** पुत्र बुधो प्रसाद मंडल निवासी : डी–131, दुर्गा एन्कलेव, पंजाब खोर, दिल्ली और गांव सैदपुर, थाना गोपालपुर, जिला भागलपुर, बिहार ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 119/2019 धारा 323/452/376 भा.द.स.** थाना कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बब्लू कुमार** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **बब्लू कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **बब्लू कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.04.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री जगमोहन सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश,
कमरा नं. 201, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2316/RD/2024
(Court Notice)


# मुखबिर ने की थी छात्र की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा:** कारोबारी प्रदीप मित्तल के बेटे यश मित्तल की हत्या के मामले में चौंकाने वाला पर्दाफाश हुआ है। सूत्रों ने दावा किया है कि अमरोहा पुलिस के मुखबिर ने कारोबारी के बेटे को मौत के घाट उतारा था। फरार आरोपित शुभम अमरोहा पुलिस का मुखबिर है। इसी वजह से आरोपित जब ग्रेटर नोएडा से यश को अपने साथ लेकर गए तो हत्या यहां न करके अमरोहा के गजरौला में की। आरोपितों को भरोसा था कि यदि वह छात्र को गजरौला में मौत के घाट उतारेंगे तो पकड़े नहीं जाएंगे।



इसी वजह से हत्या करने के बाद आरोपितों ने शव को भी गजरौला में ही दफनाया, लेकिन ग्रेटर नोएडा पुलिस ने आरोपितों की इस साजिश का पदार्फाश कर चार लोगों को धर दबोचा। पांचवां आरोपित शुभम चौधरी अभी फरार है। उसकी महिला मित्र भी गायब है। महिला मित्र एक फैक्ट्री में नौकरी करती है।

ग्रेटर नोएडा की दादरी कोतवाली पुलिस चार आरोपित रचित नागर, शिवम, सुशांत व सुमित को रिमांड पर लेगी।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'स्वच्छता सैनिक का संकल्प ले जीवन में आगे बढ़ें प्रदेशवासी'

स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत थीम को समर्पित हुई फरीदाबाद की हाफ मैराथन,सूरजकुंड परिसर से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हॉफ मैराथन को किया फ्लैग ऑफ,मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा लेने का किया आह्वान,फरीदाबाद का वार्षिक इवेंट बना हॉफ मैराथन, मुख्यमंत्री ने की हर साल अक्टूबर के पहले रविवार को हैप्पी संडे बनाने की घोषणा,मुख्यमंत्री ने हरियाणा के गौरव कार्यक्रम आयोजन की घोषणा की, प्रदेश की छिपी हुई प्रतिभाओं को मिलेगा इस कार्यक्रम से प्रोत्साहन, बॉक्सर पद्म भूषण अवार्डी मैरीकॉम और अंतरराष्ट्रीय शूटर मनु भाकर ने किया प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन

**समर्पित**

8 फरीदाबाद में आयोजित हॉफ मैराथन स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत थीम को समर्पित रहा





**दीपिका शर्मा**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नए संकल्प के साथ सभी को स्वच्छता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सुखद वातावरण की परिकल्पना को साकार करना है। आज फरीदाबाद में आयोजित हॉफ मैराथन स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत थीम को समर्पित है, वे स्वयं स्वच्छता सैनिक की भूमिका निभाते हुए प्रदेशवासियों के साथ स्वच्छ हरियाणा बनाने के लिए आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री रविवार की सुबह फरीदाबाद के सूरजकुंड परिसर में मैराथन की विभिन्न श्रेणियों को फ्लैग ऑफ करने के दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने हॉफ मैराथन सहित 10 व 5 किलोमीटर व दिव्यांग जनों की मैराथन के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद हॉफ मैराथन स्वच्छता को समर्पित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हम अगर अपने आसपास साफ सफाई रखेंगे तो इससे हमारी सेहत भी ठीक रहेगी। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को स्वभाव बनाने पर जोर देते हुए कहा कि गंदगी किसी भी सभ्य समाज का पैमाना नहीं है। ऐसे में हम सभी को यह सामूहिक प्रयास करना है कि हम अपने आसपास स्वच्छता को बरकरार रखते हुए स्वच्छ व स्वस्थ हरियाणा के साथ-साथ स्वच्छ भारत के मार्ग पर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान उपस्थित जनसमूह से आस-पास कचरा मुक्त वातावरण रखने के लिए स्वच्छता सैनिक बनने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

**फरीदाबाद का वार्षिक इवेंट बना हॉफ मैराथन, अक्टूबर के पहले रविवार को हैप्पी संडे बनाने की घोषणा:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद हॉफ मैराथन में हजारों की संख्या में शामिल प्रतिभागियों से सीधा संवाद करते हुए घोषणा की कि गुरुग्राम में प्रत्येक वर्ष फरवरी के आखिरी रविवार को आयोजित की जाने वाली फुल मैराथन की तर्ज पर अब भविष्य में फरीदाबाद में भी अक्टूबर माह के पहले रविवार को फरीदाबाद हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों शहरों में 6 महीने के अंतराल पर इन दोनों वार्षिक इवेंट का आयोजन सकारात्मक उद्देश्य के साथ होगा, जिससे हर वर्ग को सार्थक संदेश दिया जाएगा। वहीं प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में भी इस प्रकार के आयोजन करवाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

**हरियाणा के गौरव कार्यक्रम आयोजन की हुई घोषणा, प्रदेश की छिपी हुई प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद जिला में आयोजित हॉफ मैराथन में उमड़े जनसमूह को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक नए कार्यक्रम का शुभारंभ करने जा रही है। उन्होंने मुख्य मंच से हरियाणा के गौरव कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का विमोचन करते हुए बताया कि यह आयोजन हरियाणा प्रदेश का सबसे बड़ा टैलेंट हंट कार्यक्रम होगा जोकि आगामी मई माह से शुरू होगा। यह कार्यक्रम हरियाणा प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उनका कौशल दिखाने का एक मजबूत मंच होगा।

**मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा लेने का किया आह्वान:** मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान में हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या से तनाव कम करने के लिए अपने व परिवार के लिए समय अवश्य निकालना है और इस प्रकार के आयोजन हर वर्ग को नई ऊर्जा का संचार करने में सहभागी होते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट व योग से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि देश का युवा अगर फिट रहेगा तो देश का भविष्य भी उज्जवल होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से वर्ष 2015 में योग को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान से लोगों की मानसिकता में बदलाव आया है।

## 90 साल की शंकरी देवी बनी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

**सूरजकुंड** में आयोजित हॉफ मैराथन में 5 किलोमीटर की रन फॉर फन मैराथन में 90 साल की शंकरी देवी ने भागीदारी निभाते हुए अपनी स्वस्थ जीवन शैली का प्रमाण दिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रतिभागी बुजुर्ग महिला शंकरी देवी को मंच पर बुलाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि युवा जोश का जज्बा उम्र के सामने आड़े नहीं आता और बुजुर्ग शंकरी देवी ने 5 किलोमीटर की दूरी तय कर यह प्रमाणित भी किया है।

मैराथन के विजेताओं को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित विभिन्न श्रेणियों में विजेता रहे धावकों को मुख्यमंत्री ने सात लाख रुपए से अधिक राशि के पुरस्कारों से किया सम्मानित मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद हॉफ मैराथन व 10 किलोमीटर की श्रेणी सहित स्पेशल कैटेगरी में विजेता रहे विभिन्न विजेताओं को निर्धारित पुरस्कार राशि देकर सम्मानित भी किया। इसमें पुरुष वर्ग के हॉफ मैराथन में रवि गुलिया ने पहला स्थान प्राप्त हासिल करते हुए 1 लाख रुपये का इनाम अपने नाम किया। वहीं दूसरे स्थान पर रहने वाले प्रशांत चौधरी को 75 हजार का ईनाम मिला। इस श्रेणी में तीसरे स्थान पर अजय कुमार रहे जिन्हें मुख्यमंत्री ने 50 हजार का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं महिला वर्ग में भी धावकों ने अपना जोर दिखाया। हॉफ मैराथन में यूथोपिया मूल की निवासी फुलासा चलतु ने प्रथम स्थान हासिल कर 1 लाख रुपये का ईनाम अपने नाम किया। इसी श्रेणी में सोनिका और मुन्नी देवी को मुख्यमंत्री ने दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने पर 75 हजार व 50 हजार पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं 10 किलोमीटर की श्रेणी में मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान पाने वालों में पुरुष वर्ग में अभिषेक पहले,प्रदीप दूसरे व अश्विन तीसरे स्थान पर रहे। इसी कैटेगरी में महिला वर्ग में रिमा पटेल,रूबि व पूजा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

## बॉक्सर पद्म भूषण अवार्डी मेरी कॉम और अंतरराष्ट्रीय शूटर मनु भाकर ने बढ़ाया उत्साह

**हॉफ** मैराथन में बॉक्सर पद्म भूषण अवार्डी मैरीकॉम और अंतरराष्ट्रीय शूटर मनु भाकर ने भी मंच से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ी मैरीकॉम ने कहा कि युवाओं को लक्ष्य लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कठिन संघर्ष से ही सफलता की राह आसान होती है,यह सब आपकी मेहनत से संभव हो सकता है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार खेलों और इस तरह की मैराथन का आयोजन कर युवा पीढ़ी को खेलों की ओर अग्रसर कर रही है। अर्जुन अवार्ड विजेता शूटिंग खिलाडी मनु भाकर ने युवाओं को इस तरह के आयोजन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत खेलों सहित हर क्षेत्र में आगे है,हम शारीरिक रूप से फिट हैं,तभी इंडिया हिट है।

# गरीब, किसान, कमेरे वर्ग की चंडीगढ़ में आवाज बनी जेजेपी - अजय सिंह चौटाला



**अंकुश जैन**

**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि पिछले सवा चार साल में जेजेपी गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के लिए चंडीगढ़ में आवाज बनी है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की प्रेरणा से पार्टी आज मजबूत भी हो रही है और लोगों के काम भी कर रही है। वे रविवार को करनाल में जेजेपी राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की अहम बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जेजेपी की राजनीतिक सलाहकार समिति और चार विशेष समितियां बनाने का फैसला लिया है। जेजेपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई गई नई समन्वय समिति को एनडीए नेतृत्व से एक सप्ताह में बातचीत कर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। पार्टी ने उम्मीदवारों के चयन और प्रचार के लिए भी कमेटियों का गठन किया। बैठक में जेजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर गंभीरता के साथ चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा कि पूर्ण बहुमत ना होने, कोरोना महामारी व किसान आंदोलन की वजह से कार्यकताओं की उम्मीदों के अनुसार काम होने में बाधाएं आई लेकिन पार्टी ने अपने बहुत सारे चुनावी वादों को पूरा किया है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे चुनावों की जोर-शोर से तैयारी करें और प्रदेश में जेजेपी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए काम करें। अजय चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव, गली-गली, घर-घर जाएं और एक-एक व्यक्ति से संपर्क करें और पार्टी के लिए समर्थन मांगे। जेजेपी अध्यक्ष ने यह भी कहा कि बड़े-बड़े दावे करने वाली कांग्रेस जैसी पार्टियों को आज बैसाखी की जरूरत पड़ गई है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी के घोषणा पत्र का बड़ा वादा कुरुक्षेत्र में संत गुरु रविदास मंदिर बनाने को हरियाणा सरकार के बजट में शामिल किया गया है।

**बैठक**

8 लोकसभा चुनाव को लेकर जेजेपी राजनीतिक सलाहकार समिति और 4 विशेष कमेटियां बनाने का निर्णय

**न्यूज फ्लैश**

## गाय आधारित प्राकृतिक खेती करें किसान: ढांडा

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पानीपत के निकटवर्ती गांव सिवाह स्थित कर्मयोगी श्री कृष्ण गौशाला का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। वहीं पानीपत ग्रामीण हलके से विधायक महिपाल ढांडा जहां कर्मयोगी श्री कृष्ण गौशाला के वार्षिकोत्सव में मुख्याथिति के रूप में पहुंचे, वहीं विधायक ढांडा ने गौशाला को अपनी विधायक निधि से 21 लाख रुपए का अनुदार देने की घोषणा की। विधायक ढांडा ने गौशाल में गौवंश को गुड व हरा चारा खिला कर आशीर्वाद लिया। इधर, विधायक ढांडा नेइधर, विधायक ढांडा ने वार्षिकोत्सव में उमडी श्रद्धालुओं की भीड को संबोधित करते हुए कहा कि गाय का पालन करना, गाय की सेवा करना, गाय की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। गाय में भी भगवानों का वास है। गाय की सेवा करने से नागरिक को सभी भगवानों से आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि किन्ही कारणों से नागरिक गाय का पालन नहीं कर सकते तो गौशाला में निवास कर रहे गौवंश को गोद लेना चाहिए, मौका मिलने पर गौशाला में गौवंश की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाय हर तरह से मानवहित कारी है, इसी लिए गाय को शास्त्रों में मां का दर्जा दिया गया है। गाय का दूध व इससे बनने वाला हर पदार्थ इंसान के लिए पौष्टिक आहार है। इसके मद्देनजर सभी को गाय के दूध व इससे बनने पदार्थ का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गाय आधारित प्राकृतिक खेती करनी चाहिए। गाय आधारित प्राकृतिक खेती से जहां फसल का लागत मूल्य कम हो जाता है, वहीं फसल की गुणवत्ता बढने लगी है, साल दर साल खेती का उत्पादन बढता है। इससे किसान का मुनाफा तो होता ही है नागरिकों को बिना कीटनाशक व रसायनिक खादों वाला खाद्यान्न मिलता है। वहीं गौशाला प्रबंधन की ओर से भी दानदाताओं का पगडी बांध कर व स्मृति चिंह भेंट कर सम्मान किया गया। जबकि गौशाला में आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और गौसेवा की। गौशाला के प्रधान रविंद्र कादियान, संरक्षक संदीप कादियान, उपप्रधान मनोज गोयत, सचिव राजवीर कादियान, परिवार कादियान, प्रवीण शर्मा, कपिल कादियान, महा सिंह गाहल्याण, महेंद्र कादियान समेत बडी संख्या में गौभक्त आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जबकि कर्मयोगी श्री कृष्ण गौशाला के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ विशाल हवन कर गौवंश को गुड और हरा चारा खिलाकर किया गया।

## हरियाणा में ओलावृष्टि ने मचाई तबाही, किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

**टीम एक्शन इंडिया**

चण्डीगढ़: हरियाणा में पिछले दो दिन के दौरान हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि ने हर तरफ तबाही मचा दी है। खेत में खड़ी गेहूं की फसल लगभग बर्बाद हो गई है। प्रदेश में अचानक हुई बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के बाद विपक्ष ने एकजुट होकर सरकार से किसानों को तुरंत मुआवजा दिए जाने की मांग की है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दावा किया कि इस बरसात और भारी ओलावृष्टि से किसानों की सौ प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई है।

# 'पोलियो मुक्त रखने के लिए पोलियो खुराक पिलाना एक मात्र विकल्प'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** भावी पीढ़ी को पोलियो मुक्त रखने के लिए राष्ट्रव्यापी पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक साथ पोलियो खुराक पिलाना एक मात्र विकल्प है। इसलिए किसी भी सूरत में इस अभियान के तहत कोई भी पात्र बच्चा इस दवा के सेवन से वंचित नहीं रहना चाहिए। यह बात हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज नारनौल स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में बच्चों को ह्यदो बूंद जिन्दगी कीह्ल पिला कर जिला स्तर पर राष्ट्रव्यापी सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ करने के उपरान्त कही। यादव ने कहा कि भारत देश 2014 से पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो के मामले आ रहे हैं। इसलिए भारत देश में पोलियो का खतरा बरकरार है। उन्होंने कहा कि देश को पोलियो मुक्त रखने के लिए इस कार्यक्रम के तहत सभी 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना आवश्यक है। पोलियो जैसी भंयकर बीमारी का शिकार व्यक्ति न केवल अपने आप को असहाय महसूस करता है बल्कि सामान्य जीवन व्यतीत करने से भी वंचित रहता है। इस मौके पर सिविल सर्जन डा. रमेश चन्द्र आर्य ने बताया कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों को अभियान के तहत बार-बार दवा पिलाने का मूल उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोलियो मुक्त रखना है।

## तेज हवाओं व बारिश से नगूरां में गिरा दो मंजिला मकान

**टीम एक्शन इंडिया**

जींद: शनिवार रात को तेज हवा व बारिश के चलते नगूरां गांव के खेतों में बना दो मंजिला मकान धड़ाम से गिर गया। हालांकि मकान गिरने से किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। मकान मालिक नगूरां निवासी कुलदीप ने बताया कि उसने कुछ समय पूर्व खेतों में दो मंजिला मकान बनाया था। रविवार को लोगों में दहशत रही। शनिवार रात को तेज हवा व बारिश के चलते अचानक से मकान गिर गया। हालांकि मकान गिरने से घर में सोये परिवार के किसी सदस्य को चोटें नहीं पहुंची है। मकान मालिक ने सरकार से गिरे मकान का सर्वे करवा नुकसान की भरपाई करने की मांग की है।

# बेटियों के उज्ज्वल भविष्य लिए है सुकन्या समृद्धि योजना

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा सरकार द्वारा बेटियों के उज्ज्वल भविष्य लिए सुकन्या समृद्धि योजना चलाई गई है। यदि आपके घर में एक नन्ही बिटिया ने जन्म लिया है और आप बेटी के भविष्य के लिए पढ़ाई, उच्च शिक्षा एवं शादी आदि के लिए एक बेहतर प्लांनिंग कर रहे हैं तो सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना को इसी उदेश्य से बनाया है। यह योजना केवल बेटियों के लिए ही बनाई गई है। इस योजना का लाभ दत्तक पुत्री (जिसे गोद लिया हो) के लिए भी क्रियान्वित किया जा सकता है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना बालिकाओं के लिए एक छोटी बचत योजना है, जो बेटियों के भविष्य में होने वाले खर्च की पूर्ति करेगा।

**लाभ उठाएं**

8 आप बेटी के भविष्य के लिए पढ़ाई, उच्च शिक्षा एवं शादी आदि के लिए एक बेहतर प्लांनिंग कर रहे हैं

योजना को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत शुरू किया गया है। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 10 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के नाम से माता पिता या उनके लीगल अभिभावक द्वारा यह खाता खुलवाया जा सकता है, जो कि 250 रुपये से शुरू होकर 1.50 लाख रुपये हो सकता है। सरकार का मुख्य उद्देश्य इस योजना के माध्यम से देश के बेटियों का भविष्य सुरक्षित करना है। इस योजना का खाता परिवार का कोई भी सदस्य जैसे माता पिता या अन्य कोई अभिभावक आदि खुलवा सकता है। योजना के तहत केवल बेटियों का खाता खोला जाता है। आप सुकन्या समृद्धि योजना का खाता अपने किसी भी नजदीकी पोस्ट ऑफिस या अधिकृत बैंक में जाकर खुलवा सकते है। प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना हेतु बालिका की अधिकतम प्रवेश आयु 10 वर्ष है। सालाना निवेश राशि 1000 रुपये से राशि एक लाख 50 हजार रुपये है। सुकन्या समृद्धि योजना में कुल 15 वर्ष तक प्रीमियम राशि जमा करनी होती है, जिसकी परिपक्वता अवधि 21 वर्ष है। वर्तमान में इस योजना में मिलने वाले ब्याज की दर 7.60 प्रतिशत है। बालिका की आयु 18 वर्ष पूरे होने पर उसकी उच्च शिक्षा की पढ़ाई हेतु 50 प्रतिशत राशि निकालने का विकल्प दिया गया है। सुकन्या समृद्धि योजना का खाता आप दूसरी जगह भी ट्रांसफर करवा सकते है। यदि लड़की बालिग होने के बाद अपना खुद चलाना चाहती है, तो योजना में भी ये भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि यह योजना लड़कियों के सुखद भविष्य के लिए बहुत ही कारगर है। इसलिए अभिभावकों को इस योजना का अवश्य ही लाभ उठाना चाहिए। इससे अभिभावकों पर कोई ज्यादा आर्थिक बोझ भी नहीं पडता और लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा के साथ साथ उनकी शादी के लिए भी भरपूर सहयोग मिलता है।

# 'जनता का जोश बता रहा कि जल्द ही समय बदलेगा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा: वर्तमान भाजपा सर**कार ने देश-प्रदेश की जनता को सिर्फ जुमलेबाजी करते हुए बहकाने का काम कर रही है। सरकार केवल पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, लेकिन जनता को मूलभूत सुविधाएं देने की दिशा में कुछ नहीं किया जा रहा है। इसलिए अब समय आ गया है कि भाजपा की छुट्टी करके कांग्रेस की सरकार बनाए ताकि लोगों को सभी सुविधाएं मिल सके। आप लोगों का जोश बता रहा है कि अब जल्द ही समय बदलेगा। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने रविवार को नाथूसरी चोपटा में कांग्रेस की जनसंदेश रैली में कही। यह रैली अनाजमंडी में संतोष



बेनीवाल द्वारा आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष का दौर है। आज हमारी बहनें कांग्रेस का संदेश घर-घर जाकर पहुंचा रही हैं। इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है कि हम इनका हौसला बढ़ाए। जब मैं पहली बार यहां आई थी,तब देश में कांग्रेस के लिए विकट स्थिति थी। लगता था कि क्या होगा, लेकिन उस विकट हालात में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक जुट होकर संघर्ष किया और पार्टी को मजबूत किया। आज भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। आज हमें राहुल गांधी का संदेश जनता तक पहुंचाना है। राहुल गांधी ऐसे कांग्रेस के नेता है तो कभी झुके नहीं। वे जो कहते हैं, सच कहते हैं। आज पीएम मोदी गारंटी की बात करते हैं। आप भाजपा से पूछना कि पिछली बार जो वादा किया था, उसका क्या हुआ। भाजपा ने सभी के खातों में 15 लाख रुपये देने, विदेशों से कालाधन लाने का वादा किया था। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी की गारंटी है। आप लोगों ने मेरे पिताजी का साथ दिया। मेरा साथ दिया। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद कैसे करू, मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे सिरसा से चुनाव लड़े हुए लंबा वक्त हो गया है, लेकिन आज भी मुझे आपका प्यार मिल रहा है। यह हमारा पुराना नाता रहा है, जो आगे भी बरकरार रहा है।आगे भी मैं आपकी सेवा करती रहूंगी। चुनाव लड़ना या नलड़ना कांग्रेस हाईकमान तय करता है।

**दावा**

8 देश-प्रदेश की जनता को सिर्फ जुमलेबाजी करते हुए बहकाने का काम कर रही है।

## अग्रोहा धाम के लिए दिल्ली और चण्डीगढ से चलेगी विशेष बसें

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऐतिहासिक पुरातत्व स्थल राखीगढ़ी और अग्रोहा धाम में रूचि रखने वाले लोगों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली के हरियाणा भवन में आयोजित एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान चण्डीगढ़ और दिल्ली से बसे चलाये जाने की शुरूआत की। कोई भी व्यक्ति निश्चित शुल्क अदा कर विशेष बस से इन ऐतिहासिक स्थलों पर जा सकता है। बस चण्डीगढ़ के सेक्टर-17 बस स्टैंड व दिल्ली के अंतर्राज्यीय बस अड्डा कश्मीरी गेट से रवाना होंगी।

# महाग्रामों में स्ट्रीट लाइट लगाने की जिम्मेदारी जिला परिषदों को सौंपी

**काजल रानी**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली में जवाबदेही के साथ स्वायत्तता के सिद्धांत के समावेश के लिए समर्पित है। पंचायती राज संस्थाओं को एक परिभाषित फॉमूर्ले के आधार पर राज्य के स्वयं कर राजस्व (एस.ओ.टी.आर.) के हिसाब से प्रति व्यक्ति के आधार पर सरकार द्वारा धनराशि सीधे भेजी जा रही है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों का आवंटन स्पष्ट और विशिष्ट रूप से परिभाषित किया गया है और पंचायती राज संस्थाएं उन्हें सौंपे गए कार्यों की प्रकृति व प्राथमिकता स्वयं निर्धारित कर सकती हैं। अब इन कार्यों को समय पर पूरा कर लोगों को लाभ दिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जिला परिषदों में 699 पद सृजित करके इंजीनियरिंग विंग की स्थापना की गई है ताकि वे ग्रामीण बुनियादी ढांचे के रखरखाव के लिए अतिरिक्त जिम्मेदारियां संभाल सकें। इसके अलावा 710 ग्राम पंचायतों और सभी महाग्रामों में स्ट्रीट लाइट लगाने की जिम्मेदारी जिला परिषदों को सौंपी गई है। जिला परिषदों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-केंद्रों के रखरखाव के अलावा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा निर्मित ग्रामीण सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। प्रवक्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गों की चौपालों की मरम्मत के लिए धन सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं।

**धनराशि**

8 राज्य के स्वयं कर राजस्व के हिसाब से प्रति व्यक्ति के आधार पर सरकार द्वारा धनराशि सीधे भेजी जा रही है।

# नायब सैनी की मौजूदगी में पार्षद तकदीर ने समर्थकों ने भाजपा ज्वाइन की

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के अंदर भारत का सिर ऊंचा करने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के कड़े फैसलों के कारण भारत सुरक्षित और मजबूत हुआ है और मनोहर लाल सरकार ने हरियाणा प्रदेश को सशक्त बनाने का काम किया है। नायब सैनी रविवार को सोनीपत में गोहाना के कथूरा में आयोजित विशाल सदस्यता समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां पार्षद तकदीर नरवाल सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा ज्वाइन की। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने उन्हें



भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में सभी का स्वागत किया। नायब सैनी ने कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीबी हटाओ का नारा देकर सत्ता पर काबिज होती रही, लेकिन गरीबी नहीं हटाई। श्री सैनी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि झूठ बोलने वाली कांग्रेस को अब गरीबों ने ही हटा दिया है। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने भी यहां मोदी और मनोहर सरकार की योजनाएं बताई। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और पार्टी में शामिल होने वाले सभी कार्यकताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होने आए पूर्व सरपंच प्रवीन राठी, संदीप नरवाल, राजमल ठेकेदार, विकास वत्स, सरपंच अंशु नरवाल, डा.दलबीर, राजबीर, हरबीर नरवाल ने भाजपा में आस्था जताते हुए कहा कि वे पार्टी के लिए निष्ठा के साथ मेहनत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है। हरियाणा की जनता एक बार फिर देश की बागडोर नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंपने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनता की ही ताकत से भारत को दुनिया का नंबर-1 देश बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मोदी और मनोहर सरकार ने जनहित और गरीब हित योजनाएं बनाकर हर वर्ग का ख्याल रखा है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार ने किसानों को समृद्ध करने के लिए अनेकों योजनाएं बनाई हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, खाद व कृषि उपकरणों पर सब्सिडी देकर किसानों की चिंता की है।नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं किया। कांग्रेस सिर्फ वोट बटोरने का काम करती रही।

**कमल पकड़ा**

8 प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बना है

# सिविल सर्जन ने की नैशनल पल्स पोलियो प्रोग्राम अभियान की शुरूआत

टीम एक्शन इंडिया

**करनाल।** नैशनल पल्स पोलियो प्रोग्राम अभियान की शुरूआत रविवार को स्थानीय सेवा समिति में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार द्वारा की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग से सभी अधिकारी, रोटरी क्लब करनाल के सभी पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद थे। सिविल सर्जन करनाल द्वारा रोटरी द्वारा किये गये कार्यों की सहराना भी की गई। इसके अलावा उप सिविल सर्जन (प्रतिरक्षण) डा. नीलम वर्मा द्वारा कुं जपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नैशनल पल्स पोलियो प्रोग्राम अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर वरिष्ट चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप अबरोल भी मौजूद रहे।



सिविल सर्जन ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में 3 मार्च से 5 मार्च तक नैशनल पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला करनाल में 0 से 5 साल तक के 173308 बच्चों को दवाई पिलाने के लिए 838 बूथ स्तरीय टीमें (631 चार सदस्यीय व 207 दो सदस्यीय) और 1469 हाउस टू हाउस टीमे बनाई गई हैं, जिनकी निगरानी 157 सुपरवाईजर द्वारा की जाएगी। करनाल जिले में कुल 65 मोबाईल टीमों, जिसमें 35 ट्रांजिट टीमे तथा कुल 3294 कर्मचारी व अधिकारी इस कार्य में भाग लेंगे। सिविल सर्जन ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में जनवरी 2010 से कोई पोलियो केस नहीं हुआ है और भारतवर्ष में जनवरी 2011 से पोलियो का कोई केस नही मिला है। इसलिए भारत वर्ष 11 फरवरी

**दो बंदू जिंदगी**

> 8 स्वास्थ्य विभाग से सभी अधिकारी, रोटरी क्लब करनाल के सभी पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद थे

2014 को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया है। परन्तु भारत के पडोसी देश पाकिस्तान व अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के केस मिल रहे हैं, जिसकी वजह से भारत में पोलियो केस का खतरा बना रहता है। जिसकी वजह से पोलियो उन्मूलन अभियान भारत में बार बार चलाया जा रहा है। भारत में कोई भी पोलियो केस ना हो इसलिए भारत से बाहर जाने वाले व भारत में आने वाले व्यक्ति को पहले पोलियो की खुराक पिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि अबकी बार जिले के हाई रिस्क एरिया जैसा कि भट्टे, डेरे, फैक्टरियां , राईस मिल्स, सल्म एरिया, नोमेडस (झुग्गी झोपड़ी) में रह रहे बच्चों को पोलियो की बून्दें पिलाने पर ज्यादा जोर दिया जाएगा, क्योकि ऐसी जगह पर माईग्रेटरी पोपुलेशन होती है जहां पर पोलियो फैलने का खतरा सबसे अधिक होता है। वर्ष 2010 में हरियाणा का तथा वर्ष 2011 में भारत वर्ष का आखिरी पोलियो केस भी माईग्रेटरी पापुलेशन का ही था। सिविल सर्जन ने बताया कि सभी रेलवे स्टेशनों व बस स्टेंडस पर पोलियो बूथ बनाए गए हैं।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: कपिल किशोर गांव रंदौली में हुआ रक्तदान

**शिविर**

> 8 सरकारी स्कूल में थैलीसीमियां रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** अग्रकुल सेवा संस्था एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से गांव रंदौली के सरकारी स्कूल में थैलीसीमियां रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया और 64 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती।

इस अवसर पर अग्रकुल सेवा संस्था के प्रधान डा.एस. के. गोयल, महासचिव पुनीत मित्तल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रमन बंसल, सीए प्रवीन मित्तल, विनोद गुप्ता, नीरज गर्ग, अनिल पाल, अनिल शर्मा, सतीश राणा, चंद्रप्रकाश, राकेश कुमार, सरपंच लालचंद, चरणजीत सिंह, संजय राणा, हरीश माणिक, वेद प्रकाश कालडा, दलबीर राणा, संजीव राणा, नरेश राणा, राकेश राणा आदि मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## फसल खराब का किसानों को मिलेगा उचित मुआवजा : डॉ. चौहान



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बीज से लेकर बाजार तक अन्नदाता किसान के साथ मजबूती से खड़ी रहने वाली हरियाणा की मनोहर सरकार ओलावृष्टि से हुए नुकसान का समयबद्ध ढंग से मुआवजा देगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और आपदा राहत विभाग के प्रदेश सहसंयोजक डॉ.वीरेंद्र सिंह चौहान ने आज राहड़ा में किसानों के साथ संवाद में यह टिप्पणी की। सरपंच प्रतिनिधि मास्टर सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पहुंचे भाजपा नेता डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने आपदा प्रभावित किसानों की पीड़ा को सुना। उन्होंने कहा कि क्षतिपूर्ति पोर्टल आज से खोल दिया गया है। किसान अपनी फसल के हुये नुकसान की जानकारी इस पोर्टल पर अटल सेवा केंद्र के माध्यम से दर्ज करें, ताकि नियमानुसार सारी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए उन्हें मिलने वाली राहत राशि उनके खातों में डलवाई जा सके। भाजपा नेता ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकाल में फसल खराब होने पर प्रति एकड़ अधिकतम 6 हजार रुपए देने का प्रावधान था। मोदी और मनोहर सरकार बनने के बाद यह राशि बढ़ाकर 12 हजार रुपए प्रति एकड़ की गई थी। फिलहाल हरियाणा के किसानों को ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदा के समय 100 प्रतिशत खराबी पर प्रति एकड़ 15 हजार रुपए देने की व्यवस्था सरकार ने की हुई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने किसानों को बताया कि जिन किसानों ने अपनी फसल का बीमा करवाया हुआ है, उन्हें ओलावृष्टि होने के 72 घंटे के भीतर कृषि विभाग के संबंधित कार्यालय में अपने नुकसान की लिखित जानकारी देनी होगी।

## युवती को शादी का झांसा देकर फौजी ढाई साल तक बनाता रहा संबंध, केस दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**सिरसा: सिरसा में हि**सार रोड स्थित गेस्ट हाउस में सेना के एक जवान ने युवती के साथ रेप किया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने रविवार को पीड़ित युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।पीड़ित युवती रानियां पुलिस थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस को दिए बयान में 25 वर्षीय युवती ने बताया कि वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम पर पंजाब के गांव खैरां कलां जिला मानसा निवासी कुलविंदर सिंह से हुई थी। कुलविंदर सिंह सेना में फौजी है। पीड़िता का कहना है कि 8 जुलाई 2021 को कुलविंदर सिंह ने उसे सिरसा बस स्टैंड के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में मिलने के लिए बुलाया। पुलिस के अनुसार, जब युवती गेस्ट हाउस पहुंची तो आरोपी कुलविंदर ने जबरन उसके साथ रेप किया। बाद में कुलविंदर ने युवती से भरोसा दिलाया कि वह उसके साथ शादी करेगा। पीड़िता का कहना है कि कुलविंदर ने उससे शादी करने का वादा किया तो उसने घरवालों को इस बारे में कुछ नहीं बताया। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद शादी करने का झांसा देकर कुलविंदर ढाई साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा।

## काछवा के श्री कृष मंदिर में शिव महापुरा ण कथा शुरू निकाली भव्य कलश यात्रा

**भव्य यात्रा**

> 8 इस कलश यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। श्री कृष्णा मंदिर से प्रारंभ हुई

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** श्री कृष्ण मंदिर काछवा में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर आज गांव में कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। यह शोभायात्रा गांव के श्री कृष्णा मंदिर से प्रारंभ हुई, जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर



पहुंची। प्रधान सुरेंद्र भाटिया ने बताया कि गांव के श्री कृष्ण मंदिर में शिव महापुराण कथा आज से प्रारंभ हो चुकी है, जो 7 मार्च तक चलेगी। कथाव्यास साध्वी प्रवीणा भारती जी श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगी। आज कथा व्यास साध्वी प्रवीणा भारती ने कहा कि जीवन का उद्देश्य ईश्वर की प्राप्ति होना चाहिए। भगवान शिव की आराधना और शिवलिंग पर शहद का अभिषेक करने से व्यक्ति के पाप का नाश होता है। उन्होंने इस दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा का महत्व बताया। शिव महापुराण कथा में मुख्य यजमान के रूप में प्रवीण नागपाल अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे और पूजा अर्चना की।

## इंग्लैंड भेजने का झांसा देकर साढ़े सात लाख रुपये ठगे

टीम एक्शन इंडिया

**जींद: एक व्यक्ति** को इंग्लैंड भेजने का झांसा देकर साढ़े सात लाख रुपये की ठगी कर ली गई। जुलाना थाना पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लिजवाना कलां निवासी ललित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इंग्लैंड जाने का इच्छुक था। जिसके चलते उसने चीका में विगस स्टडी अबरोड सेंटर चलाने वाले कैथल निवासी जगदीप को इंग्लैंड भेजने के लिए फाइल दी थी। जिसके लिए उसने साढ़े सात लाख रुपये जगदीप को दिए थे। एक साल बीत जाने के बाद भी उसकी फाइल नही लगाई। जिस पर उसने जगदीप से कागजात तथा रुपये वापस मांगे। जिस

**फर्जीवाड़ा**

> 8 पुलिस ने ललित की शिकायत पर जगदीप के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है

पर उसने दो चेक दिए। जिनको लगाए जाने पर वे बाउंस हो गए। जब जगदीप के फोन पर संपर्क करना चाहा तो फोन स्विच ऑफ आया। जब वह उसके कार्यालय पर पहुंचा तो उस पर भी ताला लगा मिला। जुलाना थाना के जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने ललित की शिकायत पर जगदीप के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मनोहर और मोदी का संदेश लेकर निसिंग पहुंचे सुभाष चंद्र

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मिशन 2024 के तहत 400 लोकसभा सीटों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा के रणनीतिकारों ने माइक्रो लेवल पर काम करना प्रारंभ कर दिया है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 10 में से 10 सीटों को जीतने के लिए भाजपा जुट गई है। इसी कड़ी में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं करनाल लोकसभा के नवनियुक्त विशेष संपर्क अभियान प्रमुख सुभाष चंद्र ने रविवार को निसिंग से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। आज यहां पहुंचने पर सबसे पहले सुभाष चंद्र का समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने उनका लोकसभा विशेष संपर्क



प्रमुख बनाए जाने पर जोरदार स्वागत किया और मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से सबको राम राम कहते हुए सुभाष चंद्र ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश लेकर

**मंथन**

> 8 भाजपा के रणनीतिकारों ने माइक्रो लेवल पर काम करना प्रारंभ कर दिया है

घर-घर जाएंगे। जन सम्पर्क अभियान के तहत समाज के विभिन्न वर्गों और व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों से देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश के 45 लाख लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार की मुफ्त राशन योजना, उज्वला योजना से महिलाएं और गरीब आदमी सशक्त हुआ है।

सुभाष चंद्र ने कहा कि आज प्रदेश के 36 बिरादरी के लोगों को किसी न किसी रूप में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के नौकरियां मिल रही हैं, जिससे उन्हें पिछली सरकारों के भ्रष्टाचार से मुक्ति मिली है।

## भाजपा से गठबंधन पर दिल्ली में चर्चा करेगी जेजेपी



राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि केंद्र सरकार ने पांच महानुभावों को भारत रत्न से सम्मानित किया है। चौधरी काशीराम और चौधरी देवीलाल को भी भविष्य में भारत रत्न से नवाजा जाए, इसके लिए केंद्र सरकार को एक मांग पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव में भाजपा से गठबंधन पर फैसला करने के लिए जननायक जनता पार्टी ने पहल शुरू कर दी है। करनाल में पार्टी की मीटिंग में इस पर चर्चा के साथ ही एक कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया। ये कमेटी ही अब दिल्ली जाकर भाजपा आलाकमान के साथ बातचीत करेगी। जजपा ने बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर अलग अलग चार कमेटियों का भी गठन किया। ये कमेटी लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन और प्रचार के लिए काम करेंगी। चुनाव को लेकर सभी जिलाध्यक्षों को एक हफ्ते में सदस्यता लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मीटिंग के बाद डिप्टी सीएम ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए से चर्चा करने के लिए 5 मेंबरी कमेटी डॉक्टर अजय सिंह चौटाला ने बनाई है, जो एक हफ्ते में अपनी रिपोर्ट पीएसी को देगी, पीएसी इस पर अंतिम निर्णय लेगी। हरियाणा में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने फिलहाल जजपा के साथ शीट शेयरिंग को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

## दुकान से सामान चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** थाना घरौंडा की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर दुकान फाडकर सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों अजय उर्फ छोटा उर्फ काना पुत्र सुभाष वासी जिला मुजफ्फरनगर हाल हरी सिंह कॉलोनी नूरवाला पानीपत और दीपक कुमार उर्फ दीपू पुत्र रमेश कुमार वासी बरोदा सोनीपत हाल हरिसिंह कॉलोनी नुरवाला पानीपत को पानीपत से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से शिकायतकर्ता रामदास वासी कोहंड की बंटी कम्युनिकेशन नाम



की दुकान से 26 अप्रैल 2023 की रात को चोरी हुआ सामान इन्वर्टर, बैटरी और मोबाइल एक्सेसरीज आदि बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिन्होंने पैसे

**सफलता**

> 8 इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना घरौंडा में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था

और नशापूर्ति के लिए वारदात को अंजाम दिया था।

आरोपी दीपक के खिलाफ रोहतक जिला में चोरी के तहत पांच मुकदमें दर्ज हैं, जिनमें आरोपी जेल में भी रह चुका है।

## अफीम उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सीआईए टू की टीम ने अफीम उपलब्ध कराने वाले आरोपी दीपक कुमार पुत्र राजेंद्र वासी नेवरी कर्मा, हजारीबाग झारखंड को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। आरोपी दीपक को न्यायालय में पेश कर आठ दिन का रिमांड हासिल किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि आरोपी दीपक पिछले लंबे समय से अफीम सप्लाई करने का काम करता है, जिसके खिलाफ पहले भी लखनऊ उत्तर प्रदेश में अफीम सप्लाई करने के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके आठ दिन का रिमांड



हासिल किया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और अफीम सप्लाई की इस कड़ी में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जाएगा। इस मामले में पहले ही 25 फरवरी को आरोपी प्रवीण कुमार पुत्र देशराज वासी बाबा रामदेव कॉलोनी नई सब्जी मंडी करनाल को रतनगढ़ मोड से स्कूटी एचआर05बीएच-6521 के साथ गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 40 ग्राम अफीम बरामद की गई थी। इस संबंध में आरोपी प्रवीण के खिलाफ थाना रामनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपी से पूछताछ में पाया गया था कि आरोपी प्रवीण आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी करनाल और कैथल में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मुकदमें दर्ज हैं।

## शादी समारोह में हुई युवक की हत्या, ईंट मारकर की गई हत्या

### युवक पड़ोस की शादी में डीजे पर डांस कर रहा था। उसी दौरान वहां कुछ लोगों से झगड़ा हो गया, आरोपियों ने उसके हाथ पैर भी तोड़ दिए

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बीती रात युवक की ईंट मारकर हत्या कर दी गई। युवक पड़ोस की शादी में डीजे पर डांस कर रहा था। उसी दौरान वहां कुछ लोगों से झगड़ा हो गया। आरोपियों ने उसके हाथ पैर भी तोड़ दिए। घटना की सूचना के बाद मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। आज पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। वहीं आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान अमृतपुर कलां गांव निवासी 34 वर्षीय रामपाल के रूप में हुई है। शनिवार रात वह पड़ोस में डीजे पर झूमते लोगों को देखने के लिए घर से निकला था। देर रात तक भी जब वह नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। वे



शादी वाले घर के पास गए, लेकिन उन्हें रामपाल नहीं मिला।

आसपास के एरिया में भी तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लग पाया। बाद में रामपाल का शव परिजनों को निमार्णाधीन मकान में अर्धनग्न अवस्था में मिला। रामपाल के शरीर पर गहरी चोटों के निशान थे। हाथ-पांव भी टूटे हुए थे। घटनास्थल पर संघर्ष के भी निशान मिले हैं। युवक का एक जूता निमार्णाधीन भवन के अंदर और एक जूता बाहर बरामद हुआ।

**जांच जारी**

> 8 घटना की सूचना के बाद मधुबन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेज दिया

परिजनों ने बताया कि रामपाल की टांग व बाजू तोड़ी हुई है। सिर में भी चोटें हैं। तेजधार हथियार से हमला किया गया। आरोपियों ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर घसीटकर निमार्णाधीन मकान में डालकर चले गए। हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। कितने लोगों ने हत्या की है, इसका कुछ पता नहीं है। मधुबन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि अमृतपुर कलां में रामपाल की डेडबॉडी मिली है। रामपाल शराब पीने का आदी है। जहां भी डीजे बजता है, वहां पर शराब पीकर डांस करता था। कल उसके पड़ोस में सुरेश सैनी के लडके की शादी थी। वहां भी रामपाल डीजे पर डांस कर रहा था। डांस के दौरान उसकी कहासुनी हो गई। इस मामले को लेकर सुरेश सैनी के परिवार से पूछताछ की जाएगी।

## सेक्टर-9 में पहुंची भगवान शिव की पालकी

**प्रभातफेरी**

> 8 शहर में शिव प्रभातफेरी की ओर से निकाली जा रही प्रभात फेरियों का दौर जारी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शहर में शिव प्रभातफेरी की ओर से निकाली जा रही प्रभात फेरियों का दौर जारी है। इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार को भगवान शिव की पालकी सेक्टर-9 में पहुंची। यहां पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पालकी का भव्य स्वागत किया।



रविवार सुबह सेक्टर-9 में ओमबीर राणा के निवास से प्रभातफेरी का आरंभ हुआ। इसके बाद गलियों का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी सेक्टर-9 में ही मगुट भाटिया के निवास स्थान पर पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रभातफेरी का फूल बरसाकर स्वागत किया गया और अपने परिवार सहित भगवान शिव की आरती की आशीर्वाद लिया। ढोल की थाप पर भोलेनाथ के भजन गाए तो श्रद्धालु झूम उठे।

प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि जो भगवान शिव की शरण में आते हैं तो भगवान शिव दुख दर्द दूर कर देते हैं। उन्होंने 8 मार्च पर महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर सभी शिव भक्तों को आमंत्रित किया।

संपादकीय

# कानून और रसूखदारों का रवैया

इसमें दो राय नहीं कि प्रभावशाली लोग कानून को खिलौना समझ लेते हैं। व्यवस्था भी उनके इस काम में खूब मददगार साबित होती है। बरसों बरस से देश में ऐसा ही चलता आ रहा है। सख्त से सख्त कानून बनाने और तमाम दूसरे उपायों के बाद भी रसूखदार कानून का आए दिन मजाक उड़ाने से बाज नहीं आते। कानून को बौना साबित करने वाली इस जमात को राजनीतिक संरक्षण हासिल होता है। ऐसे में धनबल और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोग व्यवस्था की कमियों और छिद्रों के चलते नियम कानूनों को आसानी से गच्चा देते हैं। आम आदमी की मामूली-सी गलती पर उसे पकड़ने में भरपूर तेजी दिखाने वाली पुलिस को प्रभावशाली और रसूखदार लोगों तक पहुंचने में वक्त लग ही जाता है। पश्चिम बंगाल में इसकी अवधि कुछ ज्यादा ही लंबी हो जाती है। संदेशखाली मामले से चौतरफा निंदा का पात्र बना तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिनों से फरार रहने के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया। लेकिन तब, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाई। यदि फटकार नहीं लगी होती तो उसे छुपाए रखा गया होता। वह जिस हनक और रुआब से थाने और अदालत में दाखिल हुआ, उससे यही लगा कि वह कोई शहंशाह है। पश्चिम बंगाल पुलिस उसके आगे दंडवत और सहमी दिखी। उसे सत्ता का संरक्षण प्राप्त था, यह सच्चाई तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे निलंबित कर दिया। यह राजधर्म नहीं, बेशर्मी है कि उसे गिरफ्तार न करने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या तक की गई। यदि ईडी को शक है कि बंगाल पुलिस शाहजहां शेख की मदद कर सकती है तो यह स्वाभाविक है। बड़ी निर्लज्जता से तृणमूल कांग्रेस की सरकार अपने नेता का बचाव करती रही। संदेशखाली की महिलाओं ने जिन शब्दों में अपनी पीड़ा का बयान किया है, उससे किसी पत्थर दिल व्यक्ति का भी दिल पिघल सकता है। लेकिन पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री का दिल नहीं पसीजा। भारतीय जनता पार्टी के विरोध और हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद शाहजहां को गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली शराब घोटाले में पूछताछ के लिए अब तक आठ समन भेज चुका है। जांच एजेंसी के सामने पेश होने की बजाय केजरीवाल ईडी के समन को ही गैर कानूनी बता रहे हैं। वो कानूनी दांव पेंच से जांच से बच रहे हैं। और दिल्ली विधानसभा में खड़े होकर केंद्र की मोदी सरकार से लेकर अपने राजनीतिक विरोधियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। चूंकि विधानसभा में दिए बयान पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इसी के चलते केजरीवाल ने विधानसभा को अपनी भड़ास निकालने और राजनीतिक विरोधियों पर मनगंढ़त आरोप लगाने का मंच बना रखा है। देश की जनता उनका तमाशा देख रही है। जिस शराब घोटाले में उनसे पूछताछ होनी है, उसी घोटाले में उनके सबसे खास साथी मनीष सिसोदिया और संजय सिंह तिहाड़ की रोटियां तोड़ रहे हैं। एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति किस तरह कानून और संविधान का उपहास उड़ा रहा है, उससे समाज में गलत उदाहरण तो पेश हो ही रहा है। वहीं आम आदमी के मन में यह सवाल भी उठता है कि क्यों कानून रसूखदारों सामने कमजोर और असहाय दिखाई देता है?

# न्याय और गारंटी का मुकाबला



प्रेम शर्मा

"जबकि कांग्रेस का सारा ध्यान राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है और किसी भी राज्य में उसका अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों की साझेदारी पर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। बहरहाल कांग्रेस को राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए मोदी सरकार के खिलाफ उसके मुद्दों को मिलने वाली धार और बचे खुचे विपक्षी इंडिया गठबंधन की ताकत के जरिए भाजपा को चुनावों में पराजित करने का भरोसा है। पंजाब से दिल्ली कूच का नारा देकर फिर दिल्ली की सरहदों पर धावा बोलने वाले किसानों के साथ सरकार के टकराव और राहुल गांधी की यात्रा में उमड़ने वाली भीड़ ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को वो सियासी ऑक्सीजन दी है, जिससे वह सत्ताधारी भाजपा गठबंधन के सामने चुनाव में खड़े हो सकें"

**लोकसभा** 2024 की उल्टी शुरूआत हो चुकी है। अगले 15 दिनों में सभी दलों के प्रत्याशियों की सूची लगभग सर्वाजनिक हो जाएगी। शनिवार के दिन भाजपा ने एक मुश्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 195 लोकसभा प्रत्याशियों की सूची जारी कर प्रत्याशी चयन में प्राथमिकता दर्ज करा दी है। चुनाव को लेकर पक्ष एवं विपक्ष के भारी जीत के दावें के बीच कही ना कही कुछ असमंजस दिख रहा है। इसके बावजूद लोगों को इस चुनाव से पूर्व 15 अगस्त 2023 को लालकिले की प्राचीर पर दसवी बार ध्वाजारोहण के दौरान पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मैंने परिवर्तन लाने का वादा किया था. आप देशवासियों ने मुझपर भरोसा किया। मैंने आपसे किए वादे को विश्वास में बदल दिया. 2019 में परफोर्मेंस के आधार पर आपने फिर मुझे आशीर्वाद दिया। परिवर्तन ने मुझे दोबारा मौका दिया। मैं आपका हर सपना पूरा करुंगा. अगली 15 अगस्त को मैं फिर आऊंगा। पीएम ने अपने भाषण का समापन करते हुए कहा श्चलता-चलाता काल चक्र, अमृत काल का भाल चक्र, सबके सपने अपने सपने, पनपे सपने सारे, धीर चले वीर चले, चले युवा हमारे, नीति सही रीति नई, गति सही राह नई, चुनो चुनौती सीना तान, जग में बढ़ाओ देश का नाम। दिल्ली में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में अतिविश्वास चुनाव से छह माह पहले व्यक्त किया जाना अपने आप में कही ना कही इस बॉत का इशारा करता है कि मोदी की नजर में विपक्ष का बिखराव संजीवनी की तरह है। इसके अलावा 12 राज्यों में भाजपा की सरकार होने के साथ एनडीए के वर्तमान में 333 सांसदों का बहुमत, हालियॉ में सम्पन्न राज्यसभा चुनाव में 30 सीटों को हासिल करने के साथ राज्यसभा में 117 सांसद यानि की राज्य सभा में बहुमत के आकड़े के करीब पहुच रही भाजपा 2024 में सात राज्यों सिक्किम, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी उत्साहित है। अभी हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार है। ओडिशा में बीजद, आंध्र प्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस की सरकार है। लोकसभा 2024 में 400 का दावे की हवा बनाने के पीछे भाजपा कई रणनीति पर कार्य कर रही है। कांग्रस को तीन राज्यों तक समेटने चुकी भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ 2024 में ही राज्यसभा में पूर्ण बहुमत की योजना पर काम कर रही है। लोकसभा चुनावों के लिए देश में दो तरह के मुद्दे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का विकसित भारत और मोदी की गारंटी का नारा तो दूसरी तरफ कांग्रेस का पांच न्याय। 14 जनवरी से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस इसे लोगों के बीच रख रही है, जो मणिपुर से शुरू होकर पूर्वोत्तर के राज्यों से होते हुए पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के रास्ते पर है। विकसित भारत और मोदी की गारंटी जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नारे के रूप में हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में गढ़ा था और अब भाजपा ने उसे लोकसभा चुनावों के लिए अपना मुख्य नारा बना लिया है। हालिया 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न हुए राम मंदिर में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य और दिव्य आयोजन से देश में जो राममय माहौल बना, भाजपा को उससे भी अपना चुनावी बेड़ा पार होने की उम्मीद है।हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में सपा व कांग्रेस में हुई क्रॉस वोटिंग से भाजपा ने जिस तरह अपने अतिरिक्त उम्मीदवारों को जिताया है वह उसकी आक्रामक और जीत के लिए कुछ भी कर गुजरने की रणनीति की ही एक बानगी है। विपक्षी इंडिया गठबंधन में बिखराव और इसके सूत्रधार नीतीश कुमार वापस भाजपा के साथ चले गए और उन्होंने एक ही विधानसभा में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद और कुल नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रिकॉर्ड बना डाला है, उसने बिहार में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन 2024 में भी 2019 जैसी कामयाबी हासिल करेगा। इंडिया गठबंधन को दूसरा बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता जयंत चौधरी ने दिया, जब उन्होंने अपने दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद इंडिया गठबंधन को नमस्ते करके एनडीए का दामन थाम लिया। भाजपा से दो सीटें लेकर भी जयंत खुश हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि भाजपा के समर्थन से वह ये दोनों सीटें बिजनौर और बागपत जीत लेंगे। जबकि सपा के साथ गठबंधन ने उन्हे सात सीटे दी थी।उधर प. बंगाल में ममता बनर्जी और जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला ने भी इंडिया गठबंधन में रहते हुए भी अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी भी पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने और दिल्ली में कांग्रेस को महज एक सीटे देने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस का सारा ध्यान राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है और किसी भी राज्य में उसका अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों की साझेदारी पर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। बहरहाल कांग्रेस को राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए मोदी सरकार के खिलाफ उसके मुद्दों को मिलने वाली धार और बचे खुचे विपक्षी इंडिया गठबंधन की ताकत के जरिए भाजपा को चुनावों में पराजित करने का भरोसा है। पंजाब से दिल्ली कूच का नारा देकर फिर दिल्ली की सरहदों पर धावा बोलने वाले किसानों के साथ सरकार के टकराव और राहुल गांधी की यात्रा में उमड़ने वाली भीड़ ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को वो सियासी ऑक्सीजन दी है, जिससे वह सत्ताधारी भाजपा गठबंधन के सामने चुनाव में खड़े हो सकें। लेकिन जिस ढीले ढाले तरीके से विपक्षी दलों की अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी है, उससे लगता है कि जैसे वो चुनाव लड़ने की जगह भाजपा को वॉक ओवर दे रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धुआंधार दौरे करते हुए शिलान्यास और उद्घाटनों की झड़ी लगा रहे हैं। हजारों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं की घोषणा कर रहे हैं। उनके सरकारी कार्यक्रमों में भी चुनावी प्रचार की कवायद है। इधर सबसे उत्साहित भाजपा ने अबकी बार एनडीए के लिए चार सौ पार का नारा भी दे दिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए चार सौ से ज्यादा सीटों का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, जनता में उनकी विश्वसनीयता, मोदी सरकार की उपलब्धियां, राम मंदिर की लहर और विपक्षी गठबंधन में बिखराव और निराशा से बन रही भाजपा की तीसरी लगातार विजय की अवधारणा से काफी उम्मीदे हैं। यही नही कांग्रेस खास नेता अशोक च्हवाण, मिलिंद देवरा, विभाकर शास्त्री, आचार्य प्रमोद कृष्णम आदि के पाला बदलने से भी भाजपा और एनडीए को उत्साहित कर दिया है।यूं तो 1988 में पार्टी के पालनपुर अधिवेशन में राम मंदिर के मुद्दे को अपने एजेंडे में लेने का बाद हर चुनाव में यह मुद्दा भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा रहा है, लेकिन अब जबकि राम मंदिर अयोध्या में आकार ले रहा है,तब भाजपा इसका पूरा श्रेय लेते हुए इसका पूरा लाभ लेना चाहती है। वहीं भाजपा का मोदी की गारंटी का नारा वैसा ही है जैसा 2014 में अबकी बार मोदी सरकार का नारा भाजपा ने दिया था। हालांकि गारंटी को नारे के रूप में कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों में दिया था, लेकिन बड़ी राजनीतिक चतुराई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मोदी की गारंटी में बदल दिया और अब कांग्रेस को नया नारा गढ़ने की जरूरत पड़ी और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण का नाम भारत न्याय यात्रा रखा गया है। इसलिए स्पष्ट है कि लोकसभा चुनावों में सत्ताधारी एनडीए जहां मोदी की गारंटी के नारे के साथ चुनाव मैदान में उतर रहा है तो विपक्षी इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस ने उसका मुकाबला राहुल के न्याय से करने का फैसला किया है। याद करिये कि 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में एक न्याय योजना का ऐलान किया था जिसके तहत गरीबों को साल में 72 हजार रुपए यानी प्रति माह छह हजार रुपए देने की घोषणा की गई थी। बताया जाता है कि इस न्याय योजना के शिल्पकार खुद राहुल गांधी थे जिसे उन्होंने रघुराम राजन जैसे अर्थशास्त्रियों के साथ गहन विचार विमर्श के बाद तैयार करवाया था। इसके जवाब में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को सालाना छह हजार रुपए यानी पांच सौ रुपए हर महीने देने का वादा किया। चुनावों में कांग्रेस की न्याय योजना वो कमाल नहीं कर सकी जिसकी उम्मीद कांग्रेस को थी।

कविता

**आसान नही है शिव होना।**

प्राण तो सबको प्रिय हैं।

परंतु पृथ्वी के झुझारू रूप
से चलने हेतु, हर कल्प में
प्राण रूपी शक्ति को खुद
से पृथक करने के लिए
रुद्र होना पड़ता है।

निः स्वार्थ भक्ति से तो
कोई भी आकर्षित हो
जाता है।

परंतु प्रेम वश असुरों के
भी हो जाने के लिए
भोलेनाथ होना पड़ता है।

कमल तो किसी को भी
मोह ले ।

परंतु कंटीले फल बेल पत्र
से ही खुश हो जाने के
लिए शंभु होना पड़ता है।

शीतलता सबको प्रिय है।

परंतु किसी की शीतलता
बनी रहे, इसके लिए उसे
सर पर धारण करने के
लिए चंद्रशेखर होना पड़ता
है।

गंगा की चंचलता
सबको भाती है।

परंतु उसके धरती पर
अवतरण हेतु ,उसके वेग
को जटाओं में धारण
करने के लिए गंगाधर
होना पड़ता है !

सुंदर पशु-पक्षी सबको
प्रिय हैं।

परंतु हेय और भय के
भाव से देखे जाने वाले
सर्प को भी अपने कंठ में
स्थान देने के लिए
पशुपतिनाथ होना पड़ता
है।

पुष्प के आभूषण तो कोई
भी ग्रहण कर सकता है,

परंतु मनुष्य के जीवन
पश्चात भी उसको राख के
रूप में अपने पास रखने
के लिए महादेव होना
पड़ता है।

अमृत तो सब चाहते हैं।

परंतु दूसरों के अमृत हेतु,
खुद विषपान करने के
लिए नीलकंठ होना पड़ता
है।

**मेधावी महेंद्र**

## बंगाल पर दहाड़,मणिपुर पर खामोशी ?

**तनवीर जाफरी**

**लोकसभा के** आम चुनावों का बिगुल बज चुका है। राजनेताओं ने चुनावी सभायें,रैलियां व रोड शो करने शुरू कर दिये हैं। साम्प्रदायिक व जातीय ध्रुवीकरण,लोभ-लालच,सुनहरे सपने दिखाने,धार्मिक भावनायें भड़काने, विपक्षी नेताओं को अपमानित करने उन्हें डराने धमकाने व खरीदने का दौर जारी है। सत्तारूढ़ दल जहां हर सूरत में स्वयं को सत्ता में बनाये रखना चाहता है वहीँ विपक्ष, सत्ता हासिल करने के लिये कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहता। केंद्रीय सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक बार फिर चुनाव प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभाल ली है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में चुनावी बिगुल फूंकने के बाद पिछले दिनों बंगाल राज्य का दौरा किया। उन्होंने यहां कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके बाद पीएम मोदी ने यहां जनसभा की और जैसी कि उम्मीद थी उन्होंने संदेशखाली हिंसा के मामले पर बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने यहां तक कहा कि संदेशखाली की घटना पर ममता बनर्जी की सरकार को शर्म आनी चाहिए। खबरों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां पर आरोप है कि उसने संदेशखाली में महिलाओं पर यौन अत्याचार किये और आदिवासियों की जमीनें हड़प लीं। यदि यह आरोप सही है तो निश्चित रूप से आरोपी किसी भी दल या समुदाय का क्यों न हो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिये और कानून के मुताबिक उसे सजा जरूर मिलनी चाहिये। फिलहाल आरोपी शेख शाहजहां को गिरफ़्तार भी किया जा चुका है और तृणमूल कांग्रेस से उसे छः वर्षों के लिये निष्कासित भी किया जा चुका है। परन्तु अपने बंगाल दौरे पर प्रधानमंत्री संदेशखाली प्रकरण को भी साम्प्रदायिक रंग देने से बाज नहीं आये। चूँकि आरोपी का नाम शेख शाहजहां है इसलिए उन्होंने अपनी सार्वजनिक सभा में यह कहा कि कहा कि - आज बंगाल की जनता यहां की मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है कि क्या कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा अहम हो गया है ? कुछ लोगों के वोट से उनका सीधा इशारा मुस्लिम मतों की तरफ था। उन्होंने संदेशखाली प्रकरण पर केवल बंगाल की तृणमूल कांग्रेस को ही नहीं घेरा बल्कि इसी बहाने क ठ. ऊ क अ. पर भी यह कहते हुये निशाना साध दिया कि - इंडी गठबंधन के बड़े-बड़े नेता संदेशखाली पर आंख, कान, मुंह सब बंद करके बैठे हैं? मोदी ने कांग्रेस और क ठ. ऊ क अ गठबंधन को भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टीकरण करने वालों का साथ देने वाला तथा तृणमूल कांग्रेस को बंगाल में अपराध और भ्रष्टाचार का एक नया मॉडल पैदा करने वाला दल बताया। साथ ही उन्होंने राम मंदिर मुद्दे को भी यह कहकर भुनाने की कोशिश की कि हम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं।

विचार

## विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का उभरता सवाल ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**भारत** घूमने आए विदेशी सैलानियों की सुरक्षा का सवाल हमारे सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। विदेशी सैलानियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं जहाँ हमें कटघरे में खड़ा करती हैं वहीं दूसरी उनसे मारपीट, लूट और अधिक पैसे वसूलने की घटनाएं भी आम हैं।हमारे देश की संस्कृति अतिथि देव भवः की है। झारखंड के दुमका में एक स्पैनिश महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत हमेशा से विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां की प्राकृतिक बनावट और धार्मिक विविधता लोगों को यहां खींच लाती है। प्राकृतिक वातावरण विदेशी सैलानियों की पहली पसंद हैं। विदेशी पर्यटकों को भौगोलिक एवं प्राकृतिक बनावट के साथ विविधता में एकता की संस्कृति अपनी तरफ आकर्षित करती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना कोई पहली वारदात नहीं है। भारत में अक्सर विदेशी पर्यटक इस तरह की घटना का शिकार होते हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से भारत का पर्यटन देश की संवृद्धि में अच्छी खासी भूमिका निभाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं जहां हमारे देश की छवि को नुकसान पहुंचती है वहीं विदेशी पर्यटक यहां आने से डरते और घबराते हैं। हजारों की तादाद में विदेशी सैलानी एक बार भारत आए तो भारत के ही होकर रह गए। लेकिन विदेशी सैलानियों के साथ इस तरह की घटनाएं मारपीट, ठगबाजी हमारी छवि को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा हमारे पर्यटन व्यवस्था पर भी सवाल उठाती है। दुमका में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना हमारी संस्कृति और संस्कार के खिलाफ है। इस घटना में शामिल दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। केंद्र सरकार को राज्य सरकार से मिलकर आवश्यक कदम उठाने चाहिए। पर्यटन मंत्रालय को इस संबंध में विशेष कदम उठाने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। ऐसी घटनाओं की फेहरिस्त बहुत लंबी है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बाद भी हम आवश्यक कदम नहीं उठा पाते हैं। विदेशी पर्यटकों के लिए खास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। भारत आने वाले पर्यटकों के लिए जो सरकारी स्तर पर विशेष गाइड की व्यवस्था होनी चाहिए। यह सरकारी एजेंसी के माध्यम से होनी चाहिए। भारत आने वाले ऐसे पर्यटक कहाँ ठहर रहे हैं। कहां जा रहे हैं। उनके लिए कहां रुकना अच्छा रहेगा। सरकार की तरफ से उन्हें सारी सुविधा और सूचना उपलब्ध होनी चाहिए। सिविल पुलिस के बजाय इसके लिए अलग से विशेष पर्यटन पुलिस होनी चाहिए। पर्यटन पुलिस की विशेष जिम्मेदारी विदेशी सैलानियों की सुरक्षा के संदर्भ में होनी चाहिए। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से सरकार को इस तरह की व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। विदेशी पर्यटकों के साथ आमतौर पर भाषा की भी समस्या होती है ऐसे में उसके समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाने चाहिए। दुमका में हुई घटना में भी पुलिस और पीड़ितों के बीच भाषा की समस्या देखने को मिली है। भारत आने वाली विदेशी पर्यटकों के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन भी होनी चाहिए। पर्यटकों को यह निर्देश होना चाहिए की आप जहां जा रहे हैं वहां की भौगोलिक स्थिति क्या है। अगर आप पहाड़ी या आदिवासी इलाके में घूमने जा रहे हैं तो वहां क्या समस्या हो सकती है। पहाड़ और दूसरी जगह पर जा रहे हैं तो क्या -क्या सावधानी बरतनी चाहिए। स्थानीय लोगों के बारे में भी जानकारी देना आवश्यक है। उनकी सुरक्षा को लेकर जहाँ खतरा हो सकता है इस सम्बन्ध में उन्हें आगाह करने की भी आवश्यकता है।

विदेशी दूतावास को भी भारतीय दूतावास से संपर्क में रहना चाहिए। उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का ख्याल रखना हमारा दायित्व है। इस तरह की घटनाएं विदेशी पर्यटकों में असुरक्षा का जहाँ माहौल पैदा करती हैं वहीं हमारी सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाती हैं। विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा या अन्य मामलों में सीधे केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का हस्तक्षेप होना चाहिए। पर्यटन अब ग्लोबल शौक बन चुका है। पर्यटन से दुनिया भर के देशों को एक अच्छी खासी आए हो रही है। कोविड में जहां पर्यटन व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा था

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

## जीवन में आशाओं के अनंत आकाश

**संजीव**

**जिंदगी का के**नवास जन्म से लेकर क1 तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है।

और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं।

## शिव-शक्ति मिलन का महापर्व महाशिवरात्रि

**डॉ० घनश्याम बादल**

**देवों में** देवाधिदेव महादेव कहे जाने वाले शिव एवं शक्ति के महा मिलन के पर्व को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है विविधताओं से भरे इस देश में अलग-अलग क्षेत्र में महाशिवरात्रि को भी अलग-अलग तरीकों व मान्यताओं के साथ मनाया जाता है। गृहस्थों के लिए महाशिवरात्रि शिव के विवाह का दिन है तो तपस्वियों और साधकों के लिए शिव के शांत होने का दिन है । हर कोई आज के दिन शिव को मनाने एवं समझने का प्रयास करता है कोई व्रत रखकर तो कोई महामृत्युंजय का जाप करके और आस्तिक भक्ति कोशिश करते हैं शिव को समझने की। देखें आखिर शिव है क्या?

क्या है शिव ? : शिव शब्द का अर्थ है- जो नहीं है। जो नहीं है से आशय है, जिसका अस्तित्व ही नहीं है। जिसका अस्तित्व ही नहीं है का आशय है- रिक्तता, शून्यता और सृष्टि का असल सार तत्व रिक्तता या कुछ न होने में ही है। इसी के गर्भ से ही सृष्टि का जन्म होता है। इस ब्रम्हांड के 99 फीसदी हिस्से में यही रिक्तता छाई हुई है, जिसे हम शिव के नाम से जानते हैं। कैसे मिला शिव को नाम?

शैव मानते हैं कि भगवान शिव का जन्म नहीं हुआ, वे स्वयंभू हैं। लेकिन पुराणों में उनकी उत्पत्ति का विवरण भी मिलता है। विष्णु पुराण के अनुसार शिव भगवान विष्णु के माथे के तेज से उत्पन्न हुए । विष्णु पुराण के अनुसार माथे के तेज से उत्पन्न होने के कारण शिव हमेशा योगमुद्रा में रहते हैं। श्रीमद् भागवत के अनुसार एक बार जब भगवान विष्णु और ब्रह्मा अहंकार से अभिभूत हो स्वयं को श्रेष्ठ बताते हुए लड़ रहे थे तब एक जलते हुए खंभे से भगवान शिव प्रकट हुए। विष्णु पुराण में वर्णित शिव के जन्म की कहानी शायद भगवान शिव का एकमात्र बाल रूप वर्णन है। इसके अनुसार ब्रह्मा को एक बच्चे की जरूरत थी। उन्होंने इसके लिए तपस्या की।

तब अचानक उनकी गोद में रोते हुए बालक शिव प्रकट हुए। ब्रह्मा ने बच्चे से रोने का कारण पूछा तो उसने बड़ी मासूमियत से जवाब दिया कि उसका कोई नाम नहीं है इसलिए वह रो रहा है। तब ब्रह्मा ने शिव का नाम रूद्र रखा जिसका अर्थ होता है रोने वाला। शिव तब भी चुप नहीं हुए।

## न्यूज फ्लैश

### गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में हुई मीटिंग



समालखा ( कुलरीप सिंह )
गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में जांगिड़ समाज पानीपत की सभा प्रधान राधेश्याम जांगिड़ की अध्यक्षता में मीटिंग की गई अगला प्रधान चुने बारे में जिसमें पट्टी कल्याण छाजपुर गवालडा इसराना बाघ माड़ी गड़ीच्छाजू बापौली छाजपुर निबरी जौरासी आदि गांव से गणमान्य आदमी इकट्ठे हुए जिसमें 31 मार्च को प्रधान चुने के बारे में बातचीत हुई वर्तमान प्रधान ने अपने 3 साल कार्यकाल का वाक्यांश किया और उसकी जानकारी दी प्रधान राधेश्याम जांगड़ा ने समाज से अनुरोध किया की अध्यक्ष पद के लिए अपना कोई भी नाम करें परंतु पूरे समाज ने सर्वसम्मति से वर्तमान प्रधान राधेश्याम जांगड़ा का नाम आगे बढ़ाया सभी ने आश्वासन दिया कि हम सब आपके साथ हैं और इस पद को आप ही संभाले इस अवसर पर समय सिंह ईश्वर रणधीर छाजपूर वेदपाल पटिकल्याणा हरिओम पटीकल्याणा अजीत सुखचैन बाध सुरेश पानीपत मुकेश गढ़ी छाज्जु प्रमोद बापौली धर्मवीर नूरपुर रमेश नूरपुर सुनील समालखा रमेश जौरासी तेजा माडी रोहतास गवालड़ा आदि जांगड़ा समाज से जुड़े व्यक्ति उपस्थित रहे

### 'सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द सभी फसलों की गिरदावरी करवाकर निर्देश दें'

कमाल हुसैन
**पानीपत:** जिला पानीपत अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान धर्मवीर मलिक ने पत्रकारों को बताया कि 2 दिन बहुत तेज बारिश व ओलावृष्टि की वजह से तकरीबन सभी फैसले खराब हो चुकी हैं। जिसमें से गेंहू, सरसों व सब्जी की फसल को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द सभी फसलों की गिरदावरी करवाकर अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्देश दे कि वह किसानों की फसल का मुआवजा जल्द से जल्द दें ताकि किसानों को इस भारी नुकसान से राहत मिल सके। मलिक ने कहा कि सरकार अपने हर एजेंडे में कहती है कि वह किसान के साथ हर समय खड़ी है। अब वह समय आ चुका है जब पता चल जाएगा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है या नहीं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर राज्यों में बहुत ज्यादा ओलावृष्टि होने की वजह से फसलों को भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। बहुत सी फैसले तो पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं।



### दो दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** मिश्री देवी पुर्नवास केन्द्र बहादुरगढ़ द्वारा चलाए जा रहे दो दिवसीय सैमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आरसीआई नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित विषय शिक्षण "सीखने की सामग्री अनुकूली और सहायक उपकरण" पर चर्चा हुई। इसमें अनेक छात्रों ने भाग लिया। सेमिनार के माध्यम से उन्हें रोचक व लाभकारी जानकारी प्रधान की गई। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर श्रीमती रिंकू दहिया ने कहा कि इस तरह के सेमिनार छात्रों के भविष्य के लिए काफी लाभदायक रहते है। इसलिए समय–समय पर इस प्रकार के सेमिनार आयोजित कराए जाते हैं। सहायक प्रोफेसर डॉक्टर सुनील, सहायक प्रोफेसर प्रमोद शर्मा, सहायक प्रोफेसर प्रियंका, सहायक प्रोफेसर सुरेन्द्र, रमन व आशा ने उपरोक्त विषय पर चर्चा की व अपने विचार रखे।



# दिव्यांगों के लिए कृत्रिम बुद्धिमता पर पुनर्वास परिषद के दिशा निर्देश में कार्यशाला का हुआ समापन

## लाइफ टाइम केयर सैंटर में 100 दिव्यांगजनों की देखरेख की पूरी जिम्मेदारी की सुविधा

टीम एक्शन इंडिया
**राई:** बहालगढ़ में खेवड़ा रोड स्थित श्री रामेश्वर सेवा संस्थान द्वारा संचालित रेनू विद्या मंदिर में स्थित सुशीला गुप्ता ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय अन्तर्राष्टीय कान्फ्रेंस दिव्यांगों के लिए कृत्रिम बुद्धिमता पर भारतीय पुनर्वास परिषद के दिशा निर्देश में किया गया। तीसरे दिन प्रथम सेशन में एसजीटी विश्वविद्यालय गुरूग्राम की चेयरपर्सन डा. माधवी शर्मा, एनसीडीएस की सह चेयरपर्सन डा. कृपा स्वामी, रेनू विद्या मन्दिर के उप निदेशक डॉ प्रमोद कुमार कुल्हाड़े, डा. रतनेश कुमार सहायक प्रोफेसर, विष्णु बिश्नोई, नवीन कुमार, मनोज कुमार अस्सिटेंट प्रोफेसर स्पीकर, डॉ कुसुम डाटा अस्सिटेंट प्रोफेसर डा.



कुसुम, ज्योति कौशिक, दीप्ति चोपड़ा असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दू कॉलेज, खुशी रिसर्चर, मयंक, श्रवण असिस्टेंट प्रोफेसर, विष्णु बिश्नोई, मधुलिका आदि ने स्पेशल एजुकेशन के द्वारा पेपर प्रेजेंट किया। रेनू विद्या मन्दिर की डायरेक्टर ध्वनि गुप्ता ने कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल करने के लिए बताया की जल्दी ही दिव्यंजनो की सुविधा के लिए एप्लीकेशन तैयार करेंगे। उस सबके लिए रेनू विद्या मंदिर की तकनीति टीम कार्यरत है। दिव्यांगनो की सुविधा के लिए कैसे कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल पर प्रकाश डाला। संस्थान के सीनियर मैनेजर विजेंद्र सिंह ने रेनू विद्या मंदिर की विशेषता के बारे में बताया। शिक्षिका दीप्ती चौपड़ा ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर रेनू विद्या मंदिर के चेयरमैन डायरेक्टर ध्वनि गुप्ता एवं खजांची उत्सव गुप्ता ने संस्थान के पुरे स्टाफ को सुशील

**प्रकाश डाला**


8 दिव्यांगनो की सुविधा के लिए कैसे कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल पर प्रकाश डाला

गुप्ता एक्सक्लूसिव अवार्ड के साथ सम्मानित किया।

**संस्थान दिव्यांगजन के आत्मनिर्भर बनाएगा : गुप्ता**
- श्री रामेश्वर सेवा संस्थान द्वारा शुरू किए गए दिव्यांग के लिए लाइफ टाइम केसर सैंटर की अतिथियों ने सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान दिव्यांगजनो की मदद कर उनके लिए सहारा बनकर उभरा है।

# शिव महापुराण कथा में शिवलिंग अवतार कथा में

**गन्नौर।** बसंत बिहार में चल रही शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन शिवलिंग अवतार की कथावाचक श्री सुधीर महाराज वृन्दावन धाम ने कहा कि शिवलिंग पर चढ़ाया गया एक लोटा जल और एक बेलपत्र सारे दुखों का नाश करता है। बेलपत्र में योग और शिव शक्ति है। शिवलिंग पर चढ़ाया गया बेलपत्र उठाकर उसे धोकर फिर से शिवलिंग पर चढ़ा देना, ऐसा करने से गंगासागर में स्नान करने, 12 ह्मयोतिर्लिंग पर जल चढ़ाने, चारों धाम की यात्रा से मिलने वाले पुण्य से लाख गुना पुण्य मिलता है। एक बेल पत्र का दान सवा मण सोना दान करने से भी हजारों गुना बड़ा है। कथा वाचक सुधीर महाराज ने कहा कि साधु, संत, तपस्वी जिस धरा पर बैठकर भगवान शिव का अखंड जाप और पूजन करते हैं वो धरा कभी साधारण नहीं हो सकती। बाबा तारा ने इस भूमि पर भक्ति की है। संत का जन्म विश्व कल्याण के लिए होता है। जो सच्चे मन से शिव का स्मरण करता है उसके सारे



संकट दूर हो जाते हैं। माता-पिता, संत, गुरुजन और भगवान के भक्त की पहचान उसके जीते जी नहीं होती उसके जाने के बाद पता चलता है कि जीवन में उनका क्या महत्व था। कथा के संयोजक प्रिंस मुदगल शास्त्री, शिव भक्त रवि मदान ने दूसरे दिन कथा में पहुंचे सभी अतिथियों का सम्मान किया। कथा की सहयोगी संस्था शिव जोतराम मन्दिर गन्नौर, शिव जन कल्याण समिति, विष्णु धाम बाजा जी धाम गन्नौर की भक्तों ने आयोजन कि लिए सराहना की।

## गाली गलौच करने के बाद मां का सिर फोड़ा

**गन्नौर।** लड़सौली गांव में बेटे ने अपनी मां के साथ गाली गलौच करने के बाद लकड़ी के बीटे से सिर में हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। महिला ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी शिकायत में अपने बेटे के खिलाफ हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस को दी शिकायत में लड़सौली गांव की रामरती ने बताया कि मेरा सबसे बड़ा लड़का राजेश गाली गलौच करने लगा जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने हाथ में लिए लड़की के बिटा सिर में मारकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

# जोहड़ की सफाई व दो पोंड सिस्टम दुरूस्त करवाने की मांग

## पंचायत को भी कई बार कहने सहित सीएम विंडो में अपील करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया

समालखा ( कुलदीप सिंह )
**गांव** बिहौली में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के पीछे स्थित गुसाई वाला जोहड़ में दो पोंड सिस्टम के लिए बनाई गई दीवार टूटने से पूरे तालाब का पानी गंदा हो गया है। इस बारे में पंचायत को भी कई बार कहने सहित सीएम विंडो में अपील करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया।

ग्रामीण बलराज सिंह, भल्लेराम, रामकुमार शर्मा, इंद्र सिंह, राजा, ईश्वर सिंह, रामधारी, रामकिशन, संजय, कर्मवीर, जयवीर, आनंद, हाजरिया, बिल्लू, भागीरथ, संदीप, पोपन, मोहित, नन्हा, कृष्ण, अमित,जयकिशन, इंद्रा प्रजापत, विनीत आदि ने बताया कि गुसाई वाला जोहड़ में दो पोंड सिस्टम था। जिसमें तालाब के हिस्से में पशुओं के नहाने व पीने के लिए पानी था तथा दूसरे हिस्सा गांव के वेस्ट पानी के लिए था। जोहड़ को दो भागों में बांटने वाली दीवार काफी नीचे थी और पंचायत से इसे कई बार ठीक करवाने को कहा। लेकन सुनवाई नहीं हुई। गत वर्ष 3 जुलाई 2023 को दीवार टूट गई। जिसके कारण दोनों भाग एक हो गए और पूरा जोहड़ गंदे पानी से भर गया। जिसके कारण पशुओं में बिमार होने का भय बढ़ गय। इसके चलते मजबूरी में कुछ गांव वालों ने तालाब पर पशुओं को ले जाने की बजाए घर पर ही नहलाना शुरू कर दिया। जिससे ज्यादा पानी की बबार्दी होती है।



जोहड़ की सफाई और उचित प्रबंधन को लेकर कुछ महीने पहले सीएमविंडो पर अपील की थी लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

इसके बाद सिंचाई व जल संसाधन विभाग, हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव एवं आयुक्त और परियोजना निदेशक, अटल भूजल योजना एवं इंजीनियर-इन-चीफ, सिंचाई एवम् जल संसाधन विभाग, हरियाणा सरकार (जिन्होंने गांव के तालाब को योजना के तहत गोद ले रखा है) को विशेष अपील की। लेकिन अभी तक समस्या ज्यों की त्यों है।

## धूमधाम से मनाया मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय का वार्षिकोत्सव



**राई।** मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई ने अपना 51 वाँ वार्षिकोत्सव मनाया। इस अवसर पर खेल स्कूल राई के ही पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल सुकृति दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि , विशिष्ठ अतिथि खेल स्कूल राई के ही पूर्व छात्र संदीप चौधरी, एंकर एंड कंसल्टिंग एडिटर बतौर विशिष्ट अतिथि खेल स्कूल राई पहुँचे। स्कूल के घुड़सवारों द्वारा लेफ्टिनेंटजनरल सुकृति दहिया को सलामी देकर वार्षिकोत्सव की शुरूआत की गई। इस दौरान कई सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विशिष्ट अतिथि ने अपने भाषण में खेल के साथ साथ पड़ाई के महत्व पर भी जोर दिया। वार्षिकोत्सव के दौरान खेल स्कूल राई के 39 राष्ट्रीय मेडल विजेताओं को सम्मानित किया गया वहीं काजल को गवर्नर मेडल पहनाकर विशेष सम्मान दिया गया। काजल ने इसी वर्ष नेशनल डिफेंस अकादमी में भी अपनी जगह बनाई है।

## ब्रहमकुमारी ने शिव बाबा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर:** नगरपालिका रोड स्थित प्रजापित ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव की जयंती के उपलक्ष्य में शिव बाबा का संदेश जन- जन तक पहुंचाया। इस मौके पर ब्रहमकुमारी बहन रचना, सुदेश, पूजा, बबीता, प्रीति ने कहा कि शिव सर्व आत्माओं के पिता हैं। यहीं समाज में चारों तरफ फैले हुए भ्रष्टाचार, आर्थिक समस्याएं, विकारों का पापाचार, अराजकता आदि से मुक्ति दिला सकते हैं। उन्होंने कहा कि परमपिता शिव परमात्मा ने अपने प्रिय बच्चों की आत्माओं को स्नेह भरा निमंत्रण दिया कि मुझे पहचानों और मुझ से सर्व संबंध जोड़कर मेरी सर्व शक्तियों और सर्व गुणों का उत्तराधिकार पा लो। मौके पर बहन रचना के साथ सैकड़ों की संख्या में माताएं तथा भाई बहनों ने शिवबाबा का जयकारा लगाते हुए उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिये गुब्बारों के साथ ही बाबा के संदेशों की पर्ची को भी उड़ाया।



## जींद: ट्राले की चपेट में आने से डिलीवरी ब्वाय की मौत

टीम एक्शन इंडिया
**जींद:** जुलाना खंड के गांव गतौली के निकट शनिवार रात तेज रफ्तार ट्राला ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार डिलीवरी ब्वाय की मौत हो गई। मृतक परिवार का इकलौता चिराग था। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। भटनागर कालोनी निवासी राजबीर (21) प्राइवेट कंपनी में डिलीवरी ब्वाय का कार्य करता था।

शनिवार की देर शाम वह जुलाना की तरफ बाइक पर सवार होकर डिलीवरी देने गया हुआ था। वापसी के दौरान गांव गतौली के निकट तेज रफ्तार ट्राले ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें राजबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों न उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

# रक्तदान महादान है, इसलिए रक्तदान करते रहना चाहिए : राजपाल

**रक्तदान महादान**

8 चौपाल में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 45 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर: श्रीराम** कल्याणकारी संगठन द्वारा खेड़ी गुज्जर गांव की चौपाल में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 45 युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। लायन्स ब्लड बैंक कुंडली के चिकित्सकों की टीम ने रक्तदान करवाया। शिविर का शुभारम्भ करने के बाद संगठन के प्रधान राजपाल छौक्कर ने रक्तदाताओं का हौसल्ला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्त किसी दुर्घटना में घायल युवक की जान बचाने के काम आता है। रक्तदान करने के शरीर में रक्त की कमी नही आती।



## समितियों की निगरानी में आयोजित की जाएंगी जागरुकता गतिविधियां

**चंडीगढ़:** प्रदेश सरकार ने मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समितियां गठित की गई हैं। इन समितियों की निगरानी में विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जायेगी तथा समय-समय पर चिन्हित किये गए मामलों की समीक्षा भी की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि यह समितियां नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान समितियों के तौर पर कार्य करेंगी। प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा यह समितियां कारगर होंगी और राज्य के नागरिकों को नशे की प्रवृति से निजात दिलाने और हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने में भरपूर सहयोग करेंगी।

# गौमाता की सेवा करने से मिलता बड़ा पुण्य: देवेंद्र कादियान

## सनपेड़ा गौशाला में तीसरा विशाल रागनी कम्पटीशन के साथ लगाया भंडारा

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर:** गांव सनपेड़ा स्थित भगत करतार सिंह गौशाला गऊशाला में तीसरा विशाल रागनी कम्पटीशन आयोजित करने के साथ भंडारा लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से रागनी कार्यक्रम किया गया। जिसमें आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे और रागनी कार्यक्रम में भाग लिया और गौ माताओं की सेवा के लिए अतिथियों ने सहयोग किया। कार्यक्रम सरकारी स्कूल के ग्राउंड में किया गया। इससे पूर्व बतौर मुख्यातिथि के तौर पर देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत किया। उनका फूल माला व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया है। इस दौरान सभी भामाशाहों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान ने गोवंश की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समाज के लोगों को भी गो सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्हें अपनी नेक कमाई में से धार्मिक कार्यों में हमेशा खर्च करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा करने से बड़ा पुण्य मिलता है। गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इस अवसर पर सरपंच प्रमोद ढाका, गौशाला प्रधान रोहताश, सुनील ढाका, कृष्ण कौशिक, सोनू, दीपक समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



**संरक्षण**

8 गौमाता की सेवा करने से बड़ा पुण्य मिलता है। गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है

# प्रदेश के सामने आ चुकी है भाजपा-जजपा की सच्चाई : त्यागी

## वरिष्ठ कांग्रेसी एवं त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी ने चलाया हर घर कांग्रेस अभियान

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर:** वरिष्ठ कांग्रेसी एवं त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी ने कहा कि घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत गांव घसौली में पहुंचे। उनके साथ एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश महासचिव प्रदीप घणघस, विधानसभा कार्डिनेटर कुलबीर सरोहा, राकेश कैलाना, कंवरपाल कुराड ने भी शिरकत की। ग्रामीणों ने गांव में पहुंचने पर सभी का जोरदार स्वागत किया। सुरेश त्यागी ने ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों के बारे में और बीजेपी जजपा सरकार की विफलताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अपने आप को किसानों का हितैषी कहने वाली भाजपा-जजपा की सच्चाई प्रदेश के सामने आ चुकी है। इस सरकार ने किसानों को धरने व प्रदर्शन के अधिकार से वंचित करने के लिए न केवल लाठीचार्ज करवाया है बल्कि किसानों पर आंसू गैस के गोले व रबड़ की गोलियां भी दागी गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अब जनता का विश्वास खो चुकी है और आने वाले चुनाव में कांग्रेस देश को भाजपा मुक्त कर देगी। इस मौके पर कार्यक्रमों में काफी भीड़ नजर आई।



**भाजपा मुक्त**

8 भाजपा अब जनता का विश्वास खो चुकी है और आने वाले चुनाव में कांग्रेस देश को भाजपा मुक्त कर देगी

# आस्था और विश्वास की शक्ति नैया को पार कराती है: राजेश स्वरुप

टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर।** सिद्धपीठ सतकुंभा धाम तीर्थ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज ने रविवार को कहा कि आस्था प्रेम और विश्वास की शक्ति जीवन की नैया करवाती है। यह वक्तव्य सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव के द्वितीय दिवस उद् बोधन में बतलाया। परम श्रद्धेय पीठाधीश्वर राजेश स्वरुप महाराज ने कहा कि सनातन शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। उतराखंड से आए वेदपाठियों ने मंत्रोच्चारण कर वातावरण पावन और पवित्र किया है। वृदावन से आए आचार्य व्यास पवन देव चतुर्वेदी की टीम ने शिव पावर्ती प्रसंग को प्रस्तुत किया। राजपाल छौक्कर व अन्य अतिथियों के साथ सैकड़ों प्रभु भक्तों ने शिव स्तोत्र महायज्ञ में में आहुति डाली। पार्वती की तपस्या, समर्पण, और उनका भगवान शिव के प्रति अटूट विश्वास दिखाती है समझाती है। आचार्य व्यास के साथ में आचार्य जितेंद्र कृष्णम, पाठाचार्य बाबुलनाथ चतुर्वेदी, उपाचार्य अमन पांडेय। संगीत देने वालों में साजिंदे सुनील नागर रहे। जबकि राम अवतार शर्मा, आकाश शर्मा ने शिव पावर्ती की झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।



# ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र ने शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया

## हमें अपने जीवन में सदा खुश रहने के लिए ओर सदा परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए अपने जीवन में 7 'पी' को धारण करे

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र दयाल बाग द्वारा 88वी त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव ग्रैस पैलेस, महेश नगर, अंबाला कैंट में बहुत धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता, राष्ट्रीय संयोजक साइन्टिस्ट इंजिनीयर्स विंग राजयोगी ब्रह्माकुमार भ्राता भारत भूषण जी ने कहा हमें अपने जीवन में सदा खुश रहने के लिए ओर सदा परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए अपने जीवन में 7 'पी' को धारण करें। पहला पॉजिटिविटी हमेशा सकारात्मक सोचना है सकारात्मक बोलना है और हमेशा सकारात्मक कार्य करना है। दूसरा प्रशंसा सदा सबको प्रोत्साहित करना है उनके



द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए उनकी प्रशंसा करनी है तीसरा पॉलिटनेस सदा विनम्र होकर रहना है क्योंकि झुकता वो ही है जिसमे जान होती है अकड़ापन तो मुर्दे की पहचान होती है चौथा प्रैक्टिकल लाइफ में हम जो भी दूसरों को करने को कहे वो पहले हम स्वयंम करे क्योंकि लोग वो समझते है जो हम करते है वो नही समझते जो हम बोलते है। पांचवा पेशेंस उन्होंने कहा अगर हममें पेशेंस नहीं है तो हमें पेशंट बनने में समय नहीं लगेगा। छठा प्योरिटी सदा शरीर की पवित्रता के साथ साथ अपने मन की पवित्रता भी रखनी है ब्रह्मकुमारी संस्था का फाउंडेशन ही पवित्रता है। इस पवित्रता के बल से ही आज 140 से अधिक देशों में इनकी लगभग 8500 शाखाएँ अपनी सेवाएं दे

**मन की पवित्रता**

**8 महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विकास दास जी महाराज जी ने कहा ये मेरा परम सौभाग्य है**

रही है। सातवां प्रैक्टिस मेडिटेशन हर रोज स्वयंम को परमात्मा से जोड़कर आत्मा की शक्तिशाली बनाए। महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विकास दास जी महाराज जी ने कहा ये मेरा परम सौभाग्य है जो मुझे आज इन पवित्र बहनों के बीच में आने का अवसर मिला। आज हमारे समाज को ब्रह्मकुमारी देवी बहनों के मार्गदर्शन की बहुत जरुरत है।

# वीरेंद्र बढ़खलसा ने किया युवा शक्ति को संबोधित

**मार्ग प्रशस्त**

**8 हम इन दोनों के ही विकास पर यथोचित ध्यान दे कर राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत** युवाओं ने लहराडा में जन सभा का आयोजन किया। जिसमें सोनीपत के सभी कॉलेज के युवा इक्कठे हुए। गांव के सैकड़ों ग्रामीणों भी सभा में एकत्रित हुए। इसमें वीरेंद्र बढ़खल्सा, ओ एस डी, सी एम ने बतौर मुख्य अथिति शिरकत की। विरेन्द्र बड़खालसा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और देश की हर तरह की प्रगति युवा शक्ति पर निर्भर करती है ।इस विषय पर आगे बोलते हुए उन्होने कहा कि आज युवा शक्ति को देश के लिए अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होने का समय है , और देश और समाज को भी युवाओं के प्रगतिशील भविष्य के लिए अपनी जिम्मेदारी पूर्ण भूमिका का निर्वाह करना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है ।
युवा और समाज दोनो की प्रगति ही देश के सर्वांगीण विकास का आधार है।
इसलिए हम इन दोनों के ही विकास पर यथोचित ध्यान दे कर राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं ।युवा शक्ति से तुषार ने कहा की हम समाज में अपने नागरिक जिम्मेदारी समझते हुए यथा संभव प्रयास करेंगे।
विनीत सराहा ने कहा की समाज के हर वर्ग को साथ लेके चलना ही हमारा लक्ष्य है।
उपस्थित लोगों ने इनके विचारों से सहमति जता कर उनका आभार व्यक्त किया । ग्रामीणों में प्रकाश सरोहा, विक्रम, फूलवती, संतोष और युवाओं में देवा,ओजस, हनी, दीपांशु, सुमित भारद्वाज, अजय, विकसित चिराग सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।

# भैरा बाकीपुर गांव में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय सेक्टर 15, आरोग्य सखी संस्था, देवा फाउंडेशन एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह भैरा बांकीपुर गांव में बनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में बीके प्रमोद दीदी द्वारा एवं बीके सुनीता दीदी द्वारा गांव की महिलाओं को आध्यात्मिक मध्यस्थता की सहायता से स्वयं, परिवार और समाज को सशक्त बनाने की विधि बताई।
गांव की सरपंच श्रीमती कमलेश द्वारा गांव की महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर एकता से हर महिला की समस्या को दूर और स्वयं सहायता समूह महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराएगा ।
आरोग्य सखी संस्था की अध्यक्ष प्रमिला जी ने बताया की कैसे उन्होंने सिर्फ दो महिलाओं के साथ इको फ्रेंडली सैनिटरी पैड का छोटा

**सशक्त**

**8 महिलाओं को आध्यात्मिक मध्यस्थता की सहायता से स्वयं, परिवार, समाज को सशक्त बनाने की विधि बताई**

सा व्यवसाय शुरू किया, अब यह उन्हें और यहां तक कि उनके आस-पास की महिलाओं को भी रोजगार प्रदान करता है।
साथ ही साथ श्रीमती रूबी एवं श्रीमती ललिता जी ने अपने अचार एवं ज्वेलरी के बिजनेस के बारे में बताया कार्यक्रम के अंत में देवा फाउंडेशन से मनीष जी एवं नेहरू युवा केंद्र से मयंक राणा द्वारा गांव की सभी महिलाओं को एक सेनेटरी पैड एवं एक पौधा बात कर महिला सशक्तिकरण पर शपथ दिलाई।
कार्यक्रम में देव ,दीपांशु, सुखचैन अभिषेक, मनीष ,मयंक राणा और गांव की महिलाएं उपस्थित थी।

# धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है आपसी भाईचारा : संदीप गर्ग

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** लाडवा में श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा शहर की सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरी रविवार को संजय गर्ग के निवास स्थान पर पहुंची। जहां प्रभातफेरी का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया।श्री राम हनुमान रामलीला समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि 7 मार्च को भोले की बारात में ड्रोन के साथ पुष्प वर्षा की जाएगी और बारात देखने योग्य होगी। उन्होंने बताया कि शहर की सभी संस्थाओं के सहयोग से शिवरात्रि पर्व के लिए प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जो प्रातः पांच बजे मेन बाजार स्थित शिव चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से



गुजरती हुई एक हर दिन अलग-अलग शिवभक्त के निवास स्थान पर पहुंचती है। वहीं रविवार को प्रभातफेरी संजय गर्ग के निवास पर पहुंची। जहां पर प्रभातफेरी का स्वागत श्रद्धालुओं द्वारा किया गया व भक्तजनों द्वारा वहां कीर्तन भी किया गया। समिति की ओर से परिवार को महादेव के आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मातृशक्ति द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि जैसे - जैसे महाशिव रात्रि पर्व नजदीक आ रहा है

**प्रभातफेरी**

**8 शहर की सभी संस्थाओं के सहयोग से शिवरात्रि पर्व के लिए प्रभात फेरी निकाली जा रही है**

वैसे-वैसे श्रद्धालुओं में भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्री राम हनुमान रामलीला समिति व शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा जो यह भोले की बारात निकालने का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने आलु-पूरी, ब्रैड़ पकौड़ा, बिस्कूट व खीर का प्रासद ग्रहण किया। कीर्तन के दौरान रादौर से आए पंडित इंदू शेखर शर्मा द्वारा भगवान भोले नाथ व श्री खाटू श्याम बाबा के सुंदर-सुंदर भजन सुनाए गए। मौके पर समिति प्रधान राजेश वर्मा, समाजसेवी संदीप गर्ग, जोगध्यान, बृजमोहन शर्मा, अनिल माटा, देवराज राजु, एस के गर्ग, प्रदीप सहगल, अनिल मलिक, डा. अशोक निर्मल, हेमंत सैनी, कुश गर्ग, विपिन शर्मा, राकेश गर्ग, अनिभव गर्ग, नीरज गोयल, रणित कंबोज, अमित सिंघल, घनश्याम कंबोज, मानव गर्ग, भगवान दास, मिंटू कंबोज, अशीष फौजदार, पंकज कम्बोज, सोमनाथ सोमी, योगेंद्र कम्बोज सहित अनेक शिव भक्त मौजूद थे।

# अवैध हथियार: दूसरे आरोपी को भी किया गिरफ्तार

सोनीपत: पुलिस आयुक्त सोनीपत बी सतीश बालन जी के कुशल मार्गदर्शन में जिले के पी ओ स्टाफ सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार की एक पूर्व की घटना में संलिप्त दुसरे आरोपी भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र जिले सिंह निवासी मुरथल जिला सोनीपत का रहने वाला है। विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 29 जनवरी को पी ओ स्टाफ सोनीपत में नियुक्त अरकरजीव ने खुफिया जानकारी मिलने पर अपनी पुलिस की टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोज में गाँव शेहरी के सरकारी स्कूल के पास से नवदीप उर्फ टीनू पुत्र जयभगवान निवासी शेहरी को 1 अवैध देसी पिस्तौल 12 बोर व 1 जिन्दा रौंद सहित काबू किया था।।

# देश में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार: स्वीटी

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने श्री गुरु रविदास मंदिर कुरुक्षेत्र में इंडिया गठबंधन के संयुक्त लोकसभा उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता का स्वागत किया। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।
इंडिया गठबंधन हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटे जीतेंगा। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन की



सरकार बनने पर देश और प्रदेश में किसानों, मजदूरों, व्यापारियों ,महिलाओं सहित हर वर्ग का भविष्य सुधारने का काम करेगी। देश से बेरोजगारी खत्म होगी । चिकित्सा और शिक्षा में सुधार होगा। इस अवसर पर गुरु रविदास मंदिर सभा के प्रधान सूरजभान नरवाल ,आम आदमी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष मेवा राम आर्य, मान सिंह बजगांव,

**दावा**

**8 स्वीटी रंगा नलवी ने इंडिया गठबंधन के संयुक्त लोकसभा उम्मीदवार सुशील गुप्ता का स्वागत किया**

पूर्व जिला परिषद रिंकू थाना, आप पार्टी के ट्रांसपोर्ट सेल के जिला अध्यक्ष समय सिंह, ईश्वर सिंह अमीन,रोहतास रंगा , श्याम लाल अढोन, फूल सिंह, बलवंत सिंह, शेर सिंह, जिले सिंह, उपस्थित रहे

# विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारत सरकार (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) के एमएसएमई-विकास कार्यालय करनाल द्वारा गत दिवस पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आरके सदन हॉल कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र में आयोजित किया गया। यह योजना 17 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री के द्वारा लांच की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हाथ से कार्य करने वाले परंपरागत दस्तकारों के संपूर्ण विकास के लिए भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस योजना में कारीगरों को 15 हजार तक की टूल किट और 3 लाख रुपए तक की राशि 5 फीसदी ब्याज पर बिना जमानत के लोन, मुफ्त प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपए दैनिक भत्ता, विपणन सहायता, प्रमाण पत्र और कारीगर पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। एमएसएमई डीएफओ करनाल के निदेशक संजीव

**अवगत कराया**

**8 दस्तकारों के संपूर्ण विकास के लिए भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की गई**

चावला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में एक वीडियो के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा कारीगरों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और ऑन बोर्डिंग्स ऑफ (ग्राम प्रधान/शहरी स्थानीय निकाय) प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। हरियाणा प्रदेश के सभी कारीगर इस योजना में पंजीकरण करवाए और इस योजना का लाभ उठाए। इस कार्यक्रम को जिला एमएसएमई सेंटर कुरुक्षेत्र के उप निदेशक दीपक नरवाल व एलडीएम राजीव रंजन द्वारा भी संबोधित किया गया।

# 'विकसित भारत के लिए स्टार्टअप इंड़िया एक अहम कड़ी'

**नवाचार**

**8 केयू यूआईईटी संस्थान में विद्यार्थियों ने वेस्ट मेटेरियल प्रोजेक्ट के माध्यम से दिया इको फ्रेंडली का संदेश**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में स्टार्टअप इंड़िया, उद्यमिता एवं नवाचार एक अहम कड़ी है जिसके माध्यम से 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना अवश्य साकार होगी।




कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने यह विचार केयू यूआईईटी संस्थान में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित नए प्रोजेक्ट कार्यशाला के निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि केयू विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी उद्देश्य से यूआईईटी संस्थान में दो इंक्यूबेशन सेंटर भी बनाए गए है। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित बहु आयामी सब्जी ट्रांस प्लाटर, लीथियम आयन बैटरी से संचालित वेस्ट यूज का प्रयोग कर-के 1998 मॉडल की मारुति कार व वेस्ट मैटेरियल द्वारा निर्मित दुपहिया वाहन का भी निरीक्षण करते हुए संस्थान के निदेशक, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा पेटेंट पंजीकृत करने की बात भी कही।
कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आज एक भारत श्रेष्ठ भारत व स्टार्टअप इंडिया को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के प्रोजेक्ट्स का बहुत अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रोजेक्ट गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन हर कदम विद्यार्थियों की मदद के लिए तैयार है। इस प्रकार के प्रोजेक्ट्स में गुणवत्ता डालने के लिए विद्यार्थियों का प्लेसमेंट का दायरा भी अधिक विकसित होगा।

# 'एड्स पीड़ितों को मिलती है 2250 रुपए की मासिक आर्थिक मदद'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सरकार ने एचआईवी/एड्स ग्रस्त लोगों की आर्थिक सहायता के लिए योजना शुरू की है। इस योजना के तहत संबंधित रोग से ग्रस्त पीड़ित लोग से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते है। एचआईवी/एड्स ग्रसित व्यक्ति व बच्चों को प्रदेश सरकार द्वारा 2250 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस



योजना का लाभ लेने के लिए हरियाणा राज्य के दो वैध निवास प्रमाण-पत्र होना चाहिए व आय 2 लाख रुपये से कम हो। वित्तीय सहायता लेने के लिए मरीजों को अपने नजदीक के सिविल अस्पताल के एआरटी सेंटर में संपर्क करना होगा। आवेदन स्वीकार होने के बाद राशि सीधे मरीज के खाते में जमा होगी। साथ ही एड्स पीड़ितों के उपचार के लिए सिविल अस्पतालों में सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

# जीएमएन कॉलेज में एनसीसी की प्रयोगिक परीक्षा आयोजित

**सफलतापूर्वक**

**8 कर्नल के मार्ग दर्शन में एन सी सी सी सर्टिफिकेट की प्रयोगिक परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ**

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा कन्या बटालियन एन सी सी अंबाला कैन्ट के कत्वाधान में गाँधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज अंबाला कैन्ट में पीठासीन अधिकारी ब्रिगेडियर विकास राय संडालिया, ग्रुप कमांडर, 1 हरियाणा के कमान



अधिकारी कर्नल संजीव कुमार शौर्य चक के मार्ग दर्शन में एन सी सी सी सर्टिफिकेट की प्रयोगिक परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। इस अवसर पर कर्नल संजीव कुमार शौर्य चक ने एन सी सी कैडेट को परीक्षा से पूर्वक शुभकामनाएं दी व बताया कि एन सी सी कैडेट ने ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, कंपास के प्रयोग पर प्रयोगिक परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि बच्चे तीन वर्ष एन सी सी में एकता एवं अनुशासन में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं और अपनी महनत व लगन से परीक्षा देकर सी सर्टिफिकेट प्राप्त

# 'अंबाला मेरा परिवार, आपदा परिवार सदस्य बनकर हमेशा खड़ा रहा साथ'

## 'मैंने हमेशा परिवार का सदस्य होने का फर्ज निभाया है, चाहे कोविड का समय हो या फिर बाढ़ आने के बाद लोगों की मदद करने का मामला हो'

**मनीष कुमार**

**अम्बाला :** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि अंबाला शहर मेरा परिवार है और मैंने हमेशा परिवार का सदस्य होने का फर्ज निभाया है। चाहे कोविड का समय हो या फिर बाढ़ आने के बाद लोगों की मदद करने का मामला हो। विनोद शर्मा ने कहा कि जब वह पहली बार अंबाला से विधायक बने थे तो उस समय साफ कर दिया था कि हमारा रिश्ता कोई राजनीतिक नहीं होगा और मैं अपने किए गए वायदे को निभा आ रहा हूं। शर्मा ने कहा कि परिवार की जरूरत को देखते हुए ही बच्चों की मदद करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि 11वीं व 12वीं के बच्चों को शिक्षा हासिल करने के लिए एक गांव से दूसरे गांव जाना पड़ता है, जिसके कारण उनका समय बर्बाद होता है। इसी को देखते हुए 11वीं व 12वीं के बच्चों को साइकिलें वितरित की जा रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंबाला के गांव सौंटा, सौंटी, जनसूआ गौरसिया, जनसूई, निहारसी, बकनौर, मिया माजरा, बम्बे, निहारसा, चुगना, अलाऊदीन माजरा सहित कई गांवों में लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गांवों में पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा हासिल करने के बाद हर युवा का सपना होता है कि उसे नौकरी मिले और जब नौकरी नहीं मिलती तो युवाओं को लगता है कि इतनी पढ़ाई करने का क्या फायदा। शर्मा ने कहा कि केवल आईएमटी लगने के बाद ही युवाओं को रोजगार मिल सकता है और आईएमटी लगवाने के लिए आपके साथ की जरूरत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2009 में अंबाला व रोहतक में एक साथ आईएमटी पास



किया गया था और उस समय अंबाला के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने भूखहड़ताल के नाम पर धरना देते हुए आईएमटी का विरोध किया। शर्मा ने कहा कि उन कांग्रेसी नेताओं के विरोध के कारण अंबाला में आईएमटी को कैंसिल कर दिया गया, जबकि रोहतक में आईएमटी लग गई। उन्होंने कहा कि इस समय रोहतक में करीब 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला हुआ है और निश्चिततौर पर यदि अंबाला में भी आईएमटी लगता तो निश्चिततौर पर यहां पर भी अभी तक हजारों युवाओं को रोजगार मिल चुका होता। शर्मा ने कहा कि आपका साथ मिलता तो अंबाला में आईएमटी लगवाकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार न होने के कारण युवा विदेश की तरफ रुख कर रहे हैं और वहां पर जाकर भी बड़ी मेहनत के बाद कामयाबी मिले या न मिले, इस बात की कोई गारंटी नही है। इस अवसर पर कुलदीप सिंह डंगडैहरी, मदन मोहन घेल, सुखजंट सिंह छोटा चेयरमैन, सौंटा से कुलदीप सिंह, सौंटी से पूर्व सरपंच साहिब सिंह, वकील सिंह, नरेश कुमार, सरदुल सिंह, सरुप सिंह, करनैल सिंह, कविराम, प्रीतम सिंह, बकनौर से प्यारा सिंह, कुलविंद्र सिंह बकनौर, जगतार सिंह, सुरेंद्र सिंह, बलकार सिंह, गुरबचन सिंह, सरपंच कप्तान सिंह, मियां माजरा से करतार सिंह, बम्बे से पूर्व सरपंच अशोक कुमार, धर्मचंद, गुरमीत सिंह, बलकार सिंह, शमशेर सिंह पूर्व सरपंच, चुगना से अशोक कुमार, जरनैल सिंह जनसूई, अमरजीत सिंह, रमेश, भरपूर सिंह, निहाल सिंह, रवैल सिंह, राम सिंह, सुखदेव सिंह, बलदेवराज, सुच्चा सिंह, पूर्ण सिंह, स्वर्णपाल, निहारसा से जगीर सिंह, धर्मचंद बम्बा, विजय कुमार मियामाजरा, अलाऊदीन माजरा से जयमल, राकेश मेहता, रविंद्र सौंडा, नवजोत शर्मा, एडवोकेट अमरिंद्र राणा, सतपाल वर्मा सौंटा, बलकार सिंह सौंटी, नरेश कुमार जनसुआ, राजकुमार गुप्ता, संदीप कुमार, सत्यनारायण पांडिया, अशोक तंवर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र ने शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया

## हमें अपने जीवन में सदा खुश रहने के लिए ओर सदा परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए अपने जीवन में 7 'पी' को धारण करे

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र दयाल बाग द्वारा 88वी त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव ग्रैस पैलेस, महेश नगर, अंबाला कैंट में बहुत धूमधाम से मनाया गया। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता, राष्ट्रीय संयोजक साइन्टिस्ट इंजिनीयर्स विंग राजयोगी ब्रह्माकुमार भ्राता भारत भूषण जी ने कहा हमें अपने जीवन में सदा खुश रहने के लिए ओर सदा परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए अपने जीवन में 7 'पी' को धारण करें। पहला पॉजिटिविटी हमेशा सकारात्मक सोचना है सकारात्मक बोलना है और हमेशा सकारात्मक कार्य करना है। दूसरा प्रशंसा सदा सबको प्रोत्साहित करना है उनके



द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए उनकी प्रशंसा करनी है तीसरा पॉलिटनेस सदा विनम्र होकर रहना है क्योंकि झुकता वो ही है जिसमे जान होती है अकड़ापन तो मुर्दे की पहचान होती है चौथा प्रैक्टिकल लाइफ में हम जो भी दूसरों को करने को कहे वो पहले हम स्वयंम करे क्योंकि लोग वो समझते है जो हम करते है वो नही समझते जो हम बोलते है। पांचवा पेशेंस उन्होंने कहा अगर हममें पेशेंस नहीं है तो हमें पेशंट बनने में समय नहीं लगेगा। छठा प्योरिटी सदा शरीर की पवित्रता के साथ साथ अपने मन की पवित्रता भी रखनी है ब्रह्मकुमारी संस्था का फाउंडेशन ही पवित्रता है। इस पवित्रता के बल से ही आज 140 से अधिक देशों में इनकी लगभग 8500 शाखाएँ अपनी सेवाएं दे

**मन की पवित्रता**

8 महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विकास दास जी महाराज जी ने कहा ये मेरा परम सौभाग्य है

रही है। सातवां प्रैक्टिस मेडिटेशन हर रोज स्वयंम को परमात्मा से जोड़कर आत्मा की शक्तिशाली बनाए। महामंडलेश्वर 1008 स्वामी विकास दास जी महाराज जी ने कहा ये मेरा परम सौभाग्य है जो मुझे आज इन पवित्र बहनों के बीच में आने का अवसर मिला। आज हमारे समाज को ब्रह्मकुमारी देवी बहनों के मार्गदर्शन की बहुत जरुरत है।

# वीरेंद्र बढ़खलसा ने किया युवा शक्ति को संबोधित

**मार्ग प्रशस्त**

8 हम इन दोनों के ही विकास पर यथोचित ध्यान दे कर राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत** युवाओं ने लहराडा में जन सभा का आयोजन किया। जिसमें सोनीपत के सभी कॉलेज के युवा इक्कठे हुए। गांव के सैकड़ों ग्रामीणों भी सभा में एकत्रित हुए। इसमें वीरेंद्र बढ़खल्सा, ओ एस डी, सी एम ने बतौर मुख्य अथिति शिरकत की। विरेन्द्र बड़खालसा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और देश की हर तरह की प्रगति युवा शक्ति पर निर्भर करती है ।इस विषय पर आगे बोलते हुए उन्होने कहा कि आज युवा शक्ति को देश के लिए अपने कर्तव्यों के प्रति



सजग होने का समय है , और देश और समाज को भी युवाओं के प्रगतिशील भविष्य के लिए अपनी जिम्मेदारी पूर्ण भूमिका का निर्वाह करना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है । युवा और समाज दोनो की प्रगति ही देश के सर्वांगीण विकास का आधार है।

इसलिए हम इन दोनों के ही विकास पर यथोचित ध्यान दे कर राष्ट्र की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं ।युवा शक्ति से तुषार ने कहा की हम समाज में अपने नागरिक जिम्मेदारी समझते हुए यथा संभव प्रयास करेंगे।

विनीत सराहा ने कहा की समाज के हर वर्ग को साथ लेके चलना ही हमारा लक्ष्य है।

उपस्थित लोगों ने इनके विचारों से सहमति जता कर उनका आभार व्यक्त किया । ग्रामीणों में प्रकाश सरोहा, विक्रम, फूलवती, संतोष और युवाओं में देवा,ओजस, हनी, दीपांशु, सुमित भारद्वाज, अजय, विकसित चिराग सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।

# भैरा बाकीपुर गांव में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय सेक्टर 15, आरोग्य सखी संस्था, देवा फाउंडेशन एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह भैरा बांकीपुर गांव में बनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में बीके प्रमोद दीदी द्वारा एवं बीके सुनीता दीदी द्वारा गांव की महिलाओं को आध्यात्मिक मध्यस्थता की सहायता से स्वयं, परिवार और समाज को सशक्त बनाने की विधि बताई।

गांव की सरपंच श्रीमती कमलेश द्वारा गांव की महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर एकता से हर महिला की समस्या को दूर और स्वयं सहायता समूह महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराएगा ।

आरोग्य सखी संस्था की अध्यक्ष प्रमिला जी ने बताया की कैसे उन्होंने सिर्फ दो महिलाओं के साथ इको फ्रेंडली सैनिटरी पैड का छोटा

**सशक्त**

8 महिलाओं को आध्यात्मिक मध्यस्थता की सहायता से स्वयं, परिवार, समाज को सशक्त बनाने की विधि बताई

सा व्यवसाय शुरू किया, अब यह उन्हें और यहां तक कि उनके आस-पास की महिलाओं को भी रोजगार प्रदान करता है।

साथ ही साथ श्रीमती रूबी एवं श्रीमती ललिता जी ने अपने अचार एवं ज्वेलरी के बिजनेस के बारे में बताया कार्यक्रम के अंत में देवा फाउंडेशन से मनीष जी एवं नेहरू युवा केंद्र से मयंक राणा द्वारा गांव की सभी महिलाओं को एक सेनेटरी पैड एवं एक पौधा बात कर महिला सशक्तिकरण पर शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में देव ,दीपांशु, सुखचैन अभिषेक, मनीष ,मयंक राणा और गांव की महिलाएं उपस्थित थी।

# धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है आपसी भाईचारा : संदीप गर्ग

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** लाडवा में श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा शहर की सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरी रविवार को संजय गर्ग के निवास स्थान पर पहुंची। जहां प्रभातफेरी का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया गया।श्री राम हनुमान रामलीला समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि 7 मार्च को भोले की बारात में ड्रोन के साथ पुष्प वर्षा की जाएगी और बारात देखने योग्य होगी। उन्होंने बताया कि शहर की सभी संस्थाओं के सहयोग से शिवरात्रि पर्व के लिए प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जो प्रातः पांच बजे मेन बाजार स्थित शिव चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से



गुजरती हुई एक हर दिन अलग-अलग शिवभक्त के निवास स्थान पर पहुंचती है। वहीं रविवार को प्रभातफेरी संजय गर्ग के निवास पर पहुंची। जहां पर प्रभातफेरी का स्वागत श्रद्धालुओं द्वारा किया गया व भक्तजनों द्वारा वहां कीर्तन भी किया गया। समिति की ओर से परिवार को महादेव के आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं मातृशक्ति द्वारा समाजसेवी संदीप गर्ग को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि जैसे - जैसे महाशिव रात्रि पर्व नजदीक आ रहा है

**प्रभातफेरी**

8 शहर की सभी संस्थाओं के सहयोग से शिवरात्रि पर्व के लिए प्रभात फेरी निकाली जा रही है

वैसे-वैसे श्रद्धालुओं में भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि श्री राम हनुमान रामलीला समिति व शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा जो यह भोले की बारात निकालने का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने आलु-पूरी, ब्रैड पकौड़ा, बिस्कुट व खीर का प्रासद ग्रहण किया। कीर्तन के दौरान रादौर से आए पंडित इंदू शेखर शर्मा द्वारा भगवान भोले नाथ व श्री खाटू श्याम बाबा के सुंदर-सुंदर भजन सुनाए गए। मौके पर समिति प्रधान राजेश वर्मा, समाजसेवी संदीप गर्ग, जोगध्यान, बृजमोहन शर्मा, अनिल माटा, देवराज राजु, एस के गर्ग, प्रदीप सहगल, अनिल मलिक, डा. अशोक निर्मल, हेमंत सैनी, कुश गर्ग, विपिन शर्मा, राकेश गर्ग, अनिभव गर्ग, नीरज गोयल, रणित कंबोज, अमित सिंघल, घनश्याम कंबोज, मानव गर्ग, भगवान दास, मिंटू कंबोज, अशीष फौजदार, पंकज कम्बोज, सोमनाथ सोमी, योगेंद्र कम्बोज सहित अनेक शिव भक्त मौजूद थे।

# अवैध हथियार: दूसरे आरोपी को भी किया गिरफ्तार

सोनीपत: पुलिस आयुक्त सोनीपत बी सतीश बालन जी के कुशल मार्गदर्शन में जिले के पी ओ स्टाफ सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार की एक पूर्व की घटना में संलिप्त दुसरे आरोपी भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र जिले सिंह निवासी मुरथल जिला सोनीपत का रहने वाला है। विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 29 जनवरी को पी ओ स्टाफ सोनीपत में नियुक्त अरकरजीव ने खुफिया जानकारी मिलने पर अपनी पुलिस की टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोज में गाँव शेहरी के सरकारी स्कूल के पास से नवदीप उर्फ टीनू पुत्र जयभगवान निवासी शेहरी को 1 अवैध देसी पिस्तौल 12 बोर व 1 जिन्दा रौंद सहित काबू किया था।।

# देश में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार: स्वीटी

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने श्री गुरु रविदास मंदिर कुरुक्षेत्र में इंडिया गठबंधन के संयुक्त लोकसभा उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता का स्वागत किया। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।

इंडिया गठबंधन हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटे जीतेंगा। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन की



सरकार बनने पर देश और प्रदेश में किसानों, मजदूरों, व्यापारियों ,महिलाओं सहित हर वर्ग का भविष्य सुधारने का काम करेगी। देश से बेरोजगारी खत्म होगी । चिकित्सा और शिक्षा में सुधार होगा। इस अवसर पर गुरु रविदास मंदिर सभा के प्रधान सूरजभान नरवाल ,आम आदमी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष मेवा राम आर्य, मान सिंह बजगांव,

**दावा**

8 स्वीटी रंगा नलवी ने इंडिया गठबंधन के संयुक्त लोकसभा उम्मीदवार सुशील गुप्ता का स्वागत किया

पूर्व जिला परिषद रिंकू थाना, आप पार्टी के ट्रांसपोर्ट सेल के जिला अध्यक्ष समय सिंह, ईश्वर सिंह अमीन,रोहतास रंगा , श्याम लाल अढोन, फूल सिंह, बलवंत सिंह, शेर सिंह, जिले सिंह, उपस्थित रहे

# विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारत सरकार (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) के एमएसएमई-विकास कार्यालय करनाल द्वारा गत दिवस पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आरके सदन हॉल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया। यह योजना 17 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री के द्वारा लांच की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हाथ से कार्य करने वाले परंपरागत दस्तकारों के संपूर्ण विकास के लिए भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस योजना में कारीगरों को 15 हजार तक की टूल किट और 3 लाख रुपए तक की राशि 5 फीसदी ब्याज पर बिना जमानत के लोन, मुफ्त प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपए दैनिक भत्ता, विपणन सहायता, प्रमाण पत्र और कारीगर पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे। एमएसएमई डीएफओ करनाल के निदेशक संजीव

**अवगत कराया**

8 दस्तकारों के संपूर्ण विकास के लिए भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी प्रदान की गई

चावला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में एक वीडियो के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा की तथा कारीगरों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और ऑन बोर्डिंग्स ऑफ (ग्राम प्रधान/शहरी स्थानीय निकाय) प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। हरियाणा प्रदेश के सभी कारीगर इस योजना में पंजीकरण करवाए और इस योजना का लाभ उठाए। इस कार्यक्रम को जिला एमएसएमई सेंटर कुरुक्षेत्र के उप निदेशक दीपक नरवाल व एलडीएम राजीव रंजन द्वारा भी संबोधित किया गया।

# 'विकसित भारत के लिए स्टार्टअप इंड़िया एक अहम कड़ी'

**नवाचार**

8 केयू यूआईईटी संस्थान में विद्यार्थियों ने वेस्ट मेटेरियल प्रोजेक्ट के माध्यम से दिया इको फ्रेंडली का संदेश

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में स्टार्टअप इंड़िया, उद्यमिता एवं नवाचार एक अहम कड़ी है जिसके माध्यम से 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना अवश्य साकार होगी।




कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने यह विचार केयू यूआईईटी संस्थान में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित नए प्रोजेक्ट कार्यशाला के निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने कहा कि केयू विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी उद्देश्य से यूआईईटी संस्थान में दो इंक्यूबेशन सेंटर भी बनाए गए है। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित बहु आयामी सब्जी ट्रांस प्लाटर, लीथियम आयन बैटरी से संचालित वेस्ट यूज का प्रयोग कर- के 1998 मॉडल की मारुति कार व वेस्ट मैटेरियल द्वारा निर्मित दुपहिया वाहन का भी निरीक्षण करते हुए संस्थान के निदेशक, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रशंसा की तथा पेटेंट पंजीकृत करने की बात भी कही।

कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आज एक भारत श्रेष्ठ भारत व स्टार्टअप इंडिया को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के प्रोजेक्ट्स का बहुत अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रोजेक्ट गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन हर कदम विद्यार्थियों की मदद के लिए तैयार है। इस प्रकार के प्रोजेक्ट्स में गुणवत्ता डालने के लिए विद्यार्थियों का प्लेसमेंट का दायरा भी अधिक विकसित होगा।

# 'एड्स पीड़ितों को मिलती है 2250 रुपए की मासिक आर्थिक मदद'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सरकार ने एचआईवी/एड्स ग्रस्त लोगों की आर्थिक सहायता के लिए योजना शुरू की है। इस योजना के तहत संबंधित रोग से ग्रस्त पीड़ित लोग से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते है। एचआईवी/एड्स ग्रसित व्यक्ति व बच्चों को प्रदेश सरकार द्वारा 2250 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस



योजना का लाभ लेने के लिए हरियाणा राज्य के दो वैध निवास प्रमाण-पत्र होना चाहिए व आय 2 लाख रुपये से कम हो। वित्तीय सहायता लेने के लिए मरीजों को अपने नजदीक के सिविल अस्पताल के एआरटी सेंटर में संपर्क करना होगा। आवेदन स्वीकार होने के बाद राशि सीधे मरीज के खाते में जमा होगी। साथ ही एड्स पीड़ितों के उपचार के लिए सिविल अस्पतालों में सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

# जीएमएन कॉलेज में एनसीसी की प्रयोगिक परीक्षा आयोजित

**सफलतापूर्वक**

8 कर्नल के मार्ग दर्शन में एन सी सी सी सर्टिफिकेट की प्रयोगिक परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा कन्या बटालियन एन सी सी अंबाला कैन्ट के कत्वाधान में गाँधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज अंबाला कैन्ट में पीठासीन अधिकारी ब्रिगेडियर विकास राय संडालिया, ग्रुप कमांडर, 1 हरियाणा के कमान



अधिकारी कर्नल संजीव कुमार शौर्य चक के मार्ग दर्शन में एन सी सी सी सर्टिफिकेट की प्रयोगिक परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। इस अवसर पर कर्नल संजीव कुमार शौर्य चक ने एन सी सी कैडेट को परीक्षा से पूर्वक शुभकामनाएं दी व बताया कि एन सी सी कैडेट ने ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, कंपास के प्रयोग पर प्रयोगिक परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि बच्चे तीन वर्ष एन सी सी में एकता एवं अनुशासन में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं और अपनी महनत व लगन से परीक्षा देकर सी सर्टिफिकेट प्राप्त

# 'अंबाला मेरा परिवार, आपदा परिवार सदस्य बनकर हमेशा खड़ा रहा साथ'

## 'मैंने हमेशा परिवार का सदस्य होने का फर्ज निभाया है, चाहे कोविड का समय हो या फिर बाढ़ आने के बाद लोगों की मदद करने का मामला हो'

**मनीष कुमार**

**अम्बाला :** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि अंबाला शहर मेरा परिवार है और मैंने हमेशा परिवार का सदस्य होने का फर्ज निभाया है। चाहे कोविड का समय हो या फिर बाढ़ आने के बाद लोगों की मदद करने का मामला हो। विनोद शर्मा ने कहा कि जब वह पहली बार अंबाला से विधायक बने थे तो उस समय साफ कर दिया था कि हमारा रिश्ता कोई राजनीतिक नहीं होगा और मैं अपने किए गए वायदे को निभा आ रहा हूं। शर्मा ने कहा कि परिवार की जरूरत को देखते हुए ही बच्चों की मदद करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि 11वीं व 12वीं के बच्चों को शिक्षा हासिल करने के लिए एक गांव से दूसरे गांव जाना पड़ता है, जिसके कारण उनका समय बर्बाद होता है। इसी को देखते हुए 11वीं व 12वीं के बच्चों को साइकिलें वितरित की जा रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंबाला के गांव सौंटा, सौंटी, जनसूआ गौरसिया, जनसूई, निहारसी, बकनौर, मिया माजरा, बम्बे, निहारसा, चुगना, अलाऊदीन माजरा सहित कई गांवों में लोगों को संबोधित कर रहे थे।इस अवसर पर गांवों में पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा हासिल करने के बाद हर युवा का सपना होता है कि उसे नौकरी मिले और जब नौकरी नहीं मिलती तो युवाओं को लगता है कि इतनी पढ़ाई करने का क्या फायदा। शर्मा ने कहा कि केवल आईएमटी लगने के बाद ही युवाओं को रोजगार मिल सकता है और आईएमटी लगवाने के लिए आपके साथ की जरूरत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2009 में अंबाला व रोहतक में एक साथ आईएमटी पास



किया गया था और उस समय अंबाला के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने भूखहड़ताल के नाम पर धरना देते हुए आईएमटी का विरोध किया। शर्मा ने कहा कि उन कांग्रेसी नेताओं के विरोध के कारण अंबाला में आईएमटी को कैंसिल कर दिया गया, जबकि रोहतक में आईएमटी लग गई। उन्होंने कहा कि इस समय रोहतक में करीब 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला हुआ है और निश्चिततौर पर यदि अंबाला में भी आईएमटी लगता तो निश्चिततौर पर यहां पर भी अभी तक हजारों युवाओं को रोजगार मिल चुका होता। शर्मा ने कहा कि आपका साथ मिलता तो अंबाला में आईएमटी लगवाकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार न होने के कारण युवा विदेश की तरफ रुख कर रहे हैं और वहां पर जाकर भी बड़ी मेहनत के बाद कामयाबी मिले या न मिले, इस बात की कोई गारंटी नही है। इस अवसर पर कुलदीप सिंह डंगडैहरी, मदन मोहन घेल, सुखजंट सिंह छोटा चेयरमैन, सौंटा से कुलदीप सिंह, सौंटी से पूर्व सरपंच साहिब सिंह, वकील सिंह, नरेश कुमार, सरदुल सिंह, सरुप सिंह, करनैल सिंह, कविराम, प्रीतम सिंह, बकनौर से प्यारा सिंह, कुलविंद्र सिंह बकनौर, जगतार सिंह, सुरेंद्र सिंह, बलकार सिंह, गुरबचन सिंह, सरपंच कप्तान सिंह, मियां माजरा से करतार सिंह, बम्बे से पूर्व सरपंच अशोक कुमार, धर्मचंद, गुरमीत सिंह, बलकार सिंह, शमशेर सिंह पूर्व सरपंच, चुगना से अशोक कुमार, जरनैल सिंह जनसूई, अमरजीत सिंह, रमेश, भरपूर सिंह, निहाल सिंह, रवैल सिंह, राम सिंह, सुखदेव सिंह, बलदेवराज, सुच्चा सिंह, पूर्ण सिंह, स्वर्णपाल, निहारसा से जगीर सिंह, धर्मचंद बम्बा, विजय कुमार मियामाजरा, अलाऊदीन माजरा से जयमल, राकेश मेहता, रविंद्र सौंडा, नवजोत शर्मा, एडवोकेट अमरिंद्र राणा, सतपाल वर्मा सौंटा, बलकार सिंह सौंटी, नरेश कुमार जनसुआ, राजकुमार गुप्ता, संदीप कुमार, सत्यनारायण पांडिया, अशोक तंवर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नंदू महाराज के बाबा श्याम भजनों पर खुब थिरके श्रद्धालु

**भजन**

8 नंदकिशोर शर्मा (नंदू) ने अपने सुरीले कंठ से भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया





**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**श्रीश्याम** बाबा सेवा मण्डल के तत्वाधान में श्याम बाबा का विशाल दरबार नई अनाज मंडी समालखा में बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर प्रारम्भ हुआ। श्याम बाबा सेवा मण्डल ने सभी भगतों को चंदन तिलक लगाया। इस दौरान नंदकिशोर शर्मा (नंदू) ने अपने सुरीले कंठ से भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। नंदकिशोर नंदू 75 वर्ष की आयु में भी बाबा के भजन इस भक्ति भाव से सुनाते हैं कि भक्तजन प्रभु की भक्ति में भाव-विभोर हो जाते हैं। नंदू ने श्याम ऐसी कृपा बरसा दे, हारे का सहारा है बाबा श्याम प्यारा है, दिल से रिझायेंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे, कीर्तन किया है रात बाबा आज थाणें आनो है आदि भजनों से शमा बांध दिया। इस दौरान , रवि शर्मा मोहित गोयल, , सतीश शर्मा आदि ने भी बाबा के मधुर भजन सुनाये। इस मौके पर विश्व विख्यात कथा मर्मज्ञ एवं युग वक्ता आचार्य ती मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी भी श्री शाम फाल्गुनोत्सव में पहुंचे प्रेमियों का उत्साह इतना जबरदस्त था की पूरा शहर बाबा के जयकारों से गुंज उठा। महिलाओं व बच्चे और श्याम बाबा सेवा मण्डल के सदस्यों के अपार जनसमूह ने बाबा के विशाल दरबार में झूम कर बाबा का आशीर्वाद लिया शाम बाबा सेवा मण्डल के सदस्य भी झुम उठे श्रीश्याम बाबा सेवा मंडल के प्रधान सत्यवीर गुप्ता,प्रदीप बंसल, कृष्ण बंसल,नवीन बंसल, नंदकिशोर सिंघल,विपीन गोयल, संदीप गुप्ता, विनोद बंसल सुनील,मुकेश गोयल, पवन गुप्ता,पदम,राकेश बंसल, मुकेश गोयल, अमित गर्ग, अशोक जैन,रमन शर्मा आदि शामिल रहे।। पुलिस प्रशासन की मुस्तेदी ने व्यवस्था को समुचित बनाने में भरपूर सहयोग दिया।

# देवी मां की आराधना से जीवन में कल्याण के द्वार खुलते हैं: राजीव जैन

**मां का आशीर्वाद**

8 मां ने दैत्यो का वध कर देवताओं को राहत प्रदान की उन्होंने कहा कि मां पत्र पुष्प से ही प्रसन्न हो जाती है



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा की देवी मां की आराधना से जीवन में कल्याण के द्वार खुलते हैं आवश्यकता यह है की हम मां के दरबार में सच्चे मन से जाएं न की कुछ मांगने, देवी मां मन के भाव को पढ़कर मनोकामनाये अवश्य पूरी करती है। राजीव जैन रविवार को चिटाने वाली माता के मंदिर में चल रही देवी भागवत में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भागवत कथा वाचक आचार्य अनुज से आशीर्वाद लिया और देवी भागवत का श्रवण किया। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया तथा मां की 1008 कमल पुष्पों से विशेष अर्चना की गई। अचार्य अनुज ने कहा कि जब असुरों ने देवताओं को पराजित किया तो सभी देवताओं ने मिलकर मां भगवती की आराधना की ओर सभी के तेज पुंज से मां भगवती का जन्म हुआ और मां ने दैत्यो का वध कर देवताओं को राहत प्रदान की उन्होंने कहा कि मां पत्र पुष्प से ही प्रसन्न हो जाती है।

इस अवसर पर प्रधान महेश गुप्ता, पंडित अमित शौनक, राजेश शौनक, राजेंद्र, विवेक, नरेश गोयल, तरुण गोयल, सुधीर गोयल, अशोक गोयल, प्रमोद गोयल, विक्रांत गुप्ता, आशुतोष, विपिन कुच्छल, प्रवीण कुच्छल, पुरुषोत्तम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### जन सेवा दल ने बांटा 350 जरूरतमंदों को मासिक राशन




**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** जन सेवा दल के मासिक राशन वितरण समारोह का आयोजन आज दल के कार्यालय में किया गया। गोलोकवासी पूज्य स्वामी विशुद्धानंद महाराज की प्रेरणा से आयोजित मासिक राशन वितरण में कार्यक्रम में आज 350 जरूरतमंदों को भंडारा भोजन उपरांत राशन बांटा गया। समारोह में भागवत रसिक श्री राधे राधे महाराज, श्री राजेंद्र रत्न,श्री ब्रह्मऋषि जी व किशोर जी ने मानव सेवा का संदेश देकर जनसेवा दल की सराहना की। वहीं मुक्ष्य अतिथि समाजसेवी मदन दुदेजा व स्टेशन अधीक्षक धीरज कपूर रहे। समाजसेवी युधिष्ठिर शर्मा ने कहा कि आशियाना और जनसेवादल समाज के सामने सेवा का दर्पण है। जिससे हजारों साधनहीन लाभान्वित हो रहे है। वहीं तीर्थ यात्रा दर्शन की योजना निरंतर चल रही है। महामंत्री चमन गुलाटी ने कहा के जनसेवा दल के सेवा कार्यों के अंतर्गत अप्रैल के प्रथम सप्ताह में भागवत कथा समारोह का आयोजन श्री कंशीगीर मंदिर में होगा। सभी राशन लाभार्थियों को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन का संकल्प रेलवे के सहयोग से विचाराधीन है। समारोह में प्रधान कृष्ण मनचंदा, राजकुमार, अशोक मिगलानी, शामलाल खुंगर, कमल गुलाटी,यश बांगा,राजू कथूरिया, प्रेम खुराना,लेखराज जताना, अशोक अरोड़ा, जगदीश, नारायण कपूर, ओमप्रकाश व राजपाल फौजी चाचा आदिउपस्थित थे।

### पिटाई के ढाई महीने बाद चालक बलवान की मौत

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** जिले के गांव सिवाह में 11 दिसंबर 2023 को बीच रास्ते में रोक कर 58 वर्षीय अधेड़ के साथ मारपीट की गई थी। तब से ही वह बीमार चल रहा था। उसका अनेकों अस्पतालों में इलाज चला लेकिन रविवार सुबह घर पर अधेड़ की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ये मौत मारपीट से लगी चोटों के कारण हुई है। उन्होंने मामले में आरोपियों पर हत्या की धारा भी जोड? के लिए पुलिस को बयान दिए हैं। इस मामले में सेक्टर 29 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने कहा कि मारपीट के मामले में पहले से ही केस दर्ज है। अब परिजनों ने मौत का कारण भी चोट ही बताया है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और डॉक्टरों की राय के आधार पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। उक्त वारदात को अंजाम देने में सेक्टर 29 थाना की महिला पुलिस कर्मचारी रीना पर भी आरोप लगे थे। कर्मचारी पर आरोप है कि उसने खुद तो पीटा ही, बल्कि मारपीट करने वाले अन्य लोगों को सलाह दी कि वे उसे नीचे की ओर मारें। पुलिस और वकील घर के हैं वह संभाल लेगी। इसके बाद आरोपियों ने उसे बेहोश होने तक पीटा। उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने 21 दिसंबर को शिकायत के आधार पर आरोपी महिला कर्मचारी समेत 6 लोगों पर धारा 148, 149,323 व 506 के तहत केस दर्ज कर किया था। 2 पुरुष आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में बलवान 3 मार्च को मौत हो गई ने बताया था कि वह इसराना उपमंडल के गांव बलाना, जिला पानीपत का रहने वाला है। गत 11 दिसंबर की शाम करीब 6 बजे वह अपने साले धर्मबीर की बरसी पर गांव सिवाह स्थित अपनी ससुराल आया था। यहां खाना खाने के बाद वह रिश्तेदारों से मिलने जा रहा था। रास्ते में जब वह रणबीर के मकान के सामने गली में पहुंचा तो वहां आरोपी अमन, नीटू, सतीश, देवी, रीना सेक्टर 29 थाना में पुलिसकर्मी व पवन ने उस पर षड्यंत्र के तहत हमला कर दिया। आरोप है कि हमले के दौरान पवन ने उसे पिस्तौल दिखाकर गली में रोका और लाठियों से हमला किया। रीना पत्नी सतीश और नीतू ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए। इसके बाद पवन, अमन और सतीश ने उसे डंडों से पीटा। रीना और देवी ने भी उसे पीटा। इसी बीच रीना ने पीटने वालों को सलाह दी कि वह उसे नीचे की ओर मारें। पुलिस और वकील उनके घर हैं वह संभाल लेगी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह बेहोश हो गया।

# किसानों पर पड़ी दोहरी मार, मुआवजा दे सरकार: पदम



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा : बीती** सायंकाल हुई ओलावृष्टि के कारण खराब हुई फसलों का जायजा लेते हुए पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने किसानों की स्थिति पर गहरी चिंता जतायी उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से किसानों पर दोहरी मार पड़ी है पहले खराब हुई फसल का मुआवजा किसानों को अभी तक नहीं मिला उस पर किसानों को फिर से फसल खराब होने का नुकसान उठाना पड़ रहा है। पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया की रविवार की सुबह विभिन्न गाँवों के दौरे पर थे जिसका उद्देश्य किसानों को ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन करते हुए उन्हें सांत्वना देना था उन्होंने गाँव सेहरी,खांडा से दौरे की शुरूआत की इसके बाद से उन्होंने सिसाना, चोलका, निरथान, बिधलान, खेड़ी दहिया, तिहारा खुर्द, झरोट, झरोठी, रोहट, भदाना और काकरोई आदि गाँवों का प्रमुखता से दौरा किया। फसल बबार्दी की मार झेल रहे किसानों से मिलते हुए उन्होंने हर प्रकार से साथ देने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस किसानों के साथ है। किसानों की लड़ाई कॉंग्रेस लड़ेगी किसानों को खराब फसल का मुआवजा दिलाया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पदम सिंह दहिया ने प्रदेश की भाजपा जजपा सरकार से माँग की कि किसानों को इस नुकसान की भरपाई की लिए पचास हजार रुपये प्रति एकड की दर से मुआवजा दिया जाए इससे पहले हुए नुकसान का बकाया मुआवजा भी किसानों को तरह तुरंत अदा किया जाए। प्रदेश सरकार को आगे बढ़कर किसानों के आँसू पोंछने का काम करना चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार को अपने किसान विरोधी नीतियों को छोड़ना होगा।

धरतीपुत्र के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार अशोभनीय है आज किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ा रहा है, किंतु सरकार की कानों में गूंज तक नहीं रेंग रही। सरकार को किसानों को एमसपी पर गारंटी आदि को पूरा करना चाहिए।

# विदेश भेजने के नाम से युवक के ठगे 23 लाख

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** कस्बे के रहने वाले एक युवक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठग लिया गया। ठगों ने उससे अलग-अलग बार में कुल 23 लाख 60 हजार रुपए हड़पे लिए। यहां तक कि उसे दुबई भेज दिया। जहां पर भी खुद ठगों ने उससे मारपीट कर 3 लाख रुपए के यूएस डॉलर छीन लिए। किसी तरह भारत लौटने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक ने बताया कि वह मतलौडा का रहने वाला है। उसे एक जानकार दिलबाग ने बताया कि उसका बेटा आमिन ऑस्ट्रेलिया गया हुआ है। जिसे बिक्रमदीप निवासी अकबरपुर, जिला कपूरथला, पंजाब ने भेजा है।

वह विदेश भेजकर नौकरी भी दिलवाता है। दिलबाग की बातों पर विश्वास कर वह उसी के माध्यम से ब्रिकमदीप से मिला। बातचीत के दौरान ऑस्ट्रेलिया भेजकर नौकरी लगवाने के लिए कुल 23 लाख में डील फाइनल हुई। 1 फरवरी को दिलबाग के कहे अनुसार डेढ़ लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। साथ ही सभी दस्तावेज भी दे दिए। 16 मार्च को 50 हजार रुपए लिए।

# आईबी स्कूल के 100वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** इंद्रभान भ्रातृ हाई स्कूल लैया का 100वां स्थापना दिवस पाकिस्तान स्थित जिला लैया में व स्थानीय आईबी पीजी कॉलेज में आईबी सोसाइटी व उनके शिक्षण संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा मनाया गया। सर्वप्रथम यज्ञ की आहुति से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। ततपश्चात सेठ इंद्रभान जी की प्रतिमा पर सभी द्वारा माल्यार्पण किया गया। पाकिस्तान में आयोजित प्रोग्रम में लैया जिला के जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं सोसाइटी के वर्तमान उप प्रधान परमवीर ढींगरा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा स्व. सेठ इंद्र भान ढींगरा जी के जीवन,उनकी सेवाओं पर विस्तृत रूप से सब के समक्ष सांझा किया गया।

# हरियाणा की पहचान किसान, जवान और पहलवान : संजय छौक्कर



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
हरियाणा की पहचान ही किसान जवान और पहलवान से है कुश्ती हरियाणवी की पहली पसंद है राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा के पहलवानों ने खूब परचम लहराए है और देश और प्रदेश का खूब नाम रोशन किया है उक्त बातें भाजपा नेता संजय छौक्कर ने गांव पट्टीकल्याणा में बाबा चुहड़ सिंह खेल स्टेडियम द्वारा स्व. श्री गुरु बाबा ज्ञानी राम पहलवान की याद में आयोजित विशाल दंगल में कही संजय छौक्कर ने बतौर मुख्यतिथि दंगल में शिरकत की उन्होंने कहां खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मोका मिलता है वही खेल प्रतियोगिताओ से बच्चों में नेतृत्व, आज्ञा पालन, समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम करना, खेल की भावना, साहस, सहनशीलता आदि सद्गुणों का विकास होता है उन्होंने कहा कि सिर्फ जीतना आवश्यक नहीं है आवश्यक है प्रतिभाग करना। खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों में खेल के प्रति खेल भावना विकसित करने के साथ-साथ उनमें शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूती प्रदान करती है। नियमित व्यायाम, पीटी और खेलकूद प्रतियोगिताएं बच्चों को निरोग बनाने में सहायक होती है।

# उद्घोषित अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गोहानाः** बेलजम्परो व पैरोलजम्परो की धरपकड़ अभियान के अन्तर्गत एक उद्घोषित अपराधी चढा पुलिस के हत्थे, न्यायालय में पेशकर भेजा जेल जिले के थाना शहर गोहाना की पुलिस ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफतार किया है। गिरफतार आरोपी राजबीर पुत्र हुकुम सिंह गाँव बिचपडी जिला सोनीपत का रहने वाला है। थाना शहर गोहाना में नियुक्त हाईकोर्ट विकास ने अपनी पुलिस टीम के साथ पी0ओ0, बेलजम्परों व पैरोलजम्परों की खोजबीन करते हुये वर्ष 2021 की एक चेक बाउन्स की घटना में संलिप्त उक्त आरोपी को न्यायालय द्वारा 2024 में उदघोषित अपराधी घोषित कर थाना शहर गोहाना में एक मुकदमा दर्ज किया गया था।

# 'प्रहरी योजना के रूप में हरियाणा वासियों को मिला एक और जुमला'



**निशाना बनाया**

8 प्रहरी योजना के रूप में भाजपा सरकार ने हरियाणा वासियों को मिला एक और 'जुमला' दिया है

**मनीष कुमार**
**अम्बाला/बराड़ाः** मुलाना से कांग्रेस विधायक वरुण चौधरी ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से प्रहरी योजना के संबंध में 80 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों की जिलेवार संख्या, उन सरकारी कर्मचारियों की संख्या जिन्हें इस कार्यक्रम का दायित्व मिला तथा उनका पद, जिन्हे हर दो महीने में एक बार बुजुर्गों से मिलने का कर्तव्य सौंपा गया व बुजुर्गों की संख्या कितनी है जिनसे इन सरकारी कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत रुप से मिला जाता है तथा उनके मिलने की आवृति/क्रम क्या हैं,तथा क्या सरकार द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों की आवश्यक्ताओं/जरुरतों के संबंध में कोई डाटा एकत्रित किये जाने को लेकर जानकारी मांगी।

जिस पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने विधायक के सवाल पर जानकारी देते हुए बताया कि प्रहरी योजना के अन्तर्गत एक "प्रहरी ऐप" दिनांक 26.06 2023 को शुरू की गई जिसमें प्रहरियों द्वारा सूचना डाली जा रही है। प्रहरियों को 75 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की सूचना डालने के लिए एवं उनसे नियमित रुप से मिलने बारे दिशा निर्देश दिये गये है। हालाँकि 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का प्रहरी ऐप पर कोई डाटा विशेष तौर पर उपलब्ध नहीं है। सिपाही से उपनिरीक्षक एवं गृहरक्षी / स्पैशल पुलिस अधिकारी रेंक के कुल 12,421 कर्मचारी बतौर प्रहरी/ सहायक प्रहरी नियुक्त किये गये है और उन्हें बुजुर्ग व्यक्तियों से 15 दिनों में एक बार मिलने की जिम्मेदारी दी गई है।

इस सम्बन्ध में प्रहरी एवं सहायक प्रहरी जारी किये गये स्थायी आदेशानुसार बुजुर्गो से मिल रहे है लेकिन प्रहरी योजना के अंतर्गत इस तरह का ब्यौरा प्रहरी ऐप में इस समय अपलोड नही किया जा रहा है। प्रहरी योजना के अंतर्गत इस तरह की सूचना हरियाणा पुलिस द्वारा एकत्रित नहीं की जा रही है। विधायक ने मुख्यमंत्री जी द्वारा दी गई जानकारी पर मीडिया के माध्यम से बोलते हुए कहा कि प्रहरी योजना के रूप में भाजपा सरकार ने हरियाणा वासियों को मिला एक और 'जुमला' दिया है कि हर 15 दिन में बुजुर्गों से घर जाकर सरकारी कर्मचारी उनका हाल जान रहे है।

# हिंदू समाज को जागरूक रहना चाहिए: प्रांत मंत्री

**आह्वान**

8 पानीपत के कार सेवक योद्धाओं का सम्मान किया गया और उन्हें रामलला के भव्य चित्र भेंट किये गये

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** अयोध्या में श्रीराम मन्दिर निर्माण के बाद हिंदू समाज को जागरूक रहना चाहिए क्योंकि रामकाज तो अब शुरू हुआ है। यह आह्वान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री वरुण ने एसडी कॉलेज में विश्व हिंदू परिषद कार सेवक योद्धा सम्मान एवं धर्म रक्षा निधि समारोह को संबोधित करते हुए किया। उन्होंने धर्मांतरण व जातिगत भेदभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार सबरी ने श्री राम की प्रतीक्षा की थी

उसी प्रकार हिंदू समाज के ऐसे वर्ग जो स्वयं को उपेक्षित महसूस करते हैं उन्हें अपने गले लगाया जाना चाहिए एवं सामाजिक समरसता का भाव उत्पन्न करना चाहिए ताकि हिंदू समाज मजबूत होकर धर्मांतरण करने वाली ताकतों का मजबूती से जवाब दे सके। इस अवसर पर 1990-92 में अयोध्या के विवादित ढांचे को ध्वस्त करने गए पानीपत के कार सेवक योद्धाओं का सम्मान किया गया और उन्हें रामलला के भव्य चित्र भेंट किये गये।

# आर्य गर्ल्स स्कूल में एडमिशन कार्निवल का किया गया आयोजन



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में एडमिशन कारनेवल का आयोजन किया गया। जिसमें 100 विद्यार्थी जिन्होंने रजिस्ट्रेशन करवाया था ने स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लिया। स्कॉलरशिप टेस्ट का उद्देश्य उन्हें उनकी प्रतिभा के दम पर एडमिशन फीस में छूट देना था। इस अवसर पर अभिभावकों के लिए अनेक मनोरंजक कार्यक्रम रखे गए। अभिभाविकों ने विद्यालय में प्रतिदिन होने वाले हवन में भाग लेकर आहुतियां डाली। उन्होंने स्कूल की फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायो तथा एस्ट्रोनॉमी लैब में जाकर स्कूल द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। स्कूल पुस्तकालय भी विद्यार्थियों तथा अभिभावकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कुछ अभिभावकों ने फन गेम्स में भाग लेकर पुरस्कार जीते। उन्होंने स्कूल की पिछले वर्ष की गतिविधियों का अवलोकन प्रोजेक्टर से किया। स्कूल के प्रबंधक अरुण आर्य तथा कोषाध्यक्ष नरेश गर्ग ने कारनेवल का जायजा लेते हुए सभी अध्यापकों तथा प्रिंसिपल को बधाई दी।

# अनिल ग्रेवाल बने क्लेरिकल एसो. वेलफेयर सोसाइटी के सर्वसम्मति से राज्य महासचिव



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी हरियाणा के बैनर तले 42 दिनों तक हड़ताल पर रहें हरियाणा के सभी विभागों ,बोर्डो ,नगर निकायों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत लिपिकीय कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है,वित विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर लिपिक/आशुलिपिक का वेतन 19900(ऋढछ-2) से बढ़ाकर 21700(ऋढछ-3) कर दिया है जिसको एसोसिशन ने हड़ताल के समय ही नकार दिया था। सभी कर्मचारियों ने इस नोटिफिकेशन को मुख्यमंत्री द्वारा किया गया भद्दा मजाक करार दिया है । आज जींद में क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी ने राज्य स्तरीय बैठक की जिसमें सभी राज्य कार्यकारिणी सदस्य, जोनल कोऑर्डिनेटर ,जिला कोऑर्डिनेटर व जिला के प्रधान उपस्थित रहें।

# सेवा ट्रस्ट यू.के. ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल तंगोर में सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया की तरफ से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में जिला परिषद कुरुक्षेत्र की अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल व जसबीर राणा ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना एक बहुत ही नेक कार्य है, रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचती है तो रक्तदाता की सेहत को भी लाभ है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने युवाओं से कहा कि उन्हें बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। जिला परिषद सदस्य रमेश पाल ने कहा कि दुनिया में रक्त का कोई विकल्प नहीं है। रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है। सेवा ट्रस्ट के खंड कोऑर्डिनेटर राजेश सैन्, पूजा सैनी, यादवेन्द्र राणा व सोनू राणा ने मौजूद सभी रक्त दाताओं का धन्यवाद किया। शिविर में कुल 70 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर पर रक्त संग्रहण टीम ब्लड बैंक कुरुक्षेत्र, पूर्व सरपंच अनिल राणा, अमरेन्द्र सैनी, अजय तंगोर, विजय, अभिमन्यु, नरेंद्र राणा, मास्टर गंगाधर, अशोक कश्यप, रवि कुमार, सुखबीर राणा, कंवरपाल, मामचद जरोली इत्यादि मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ हुई श्रीराम कथा की शुरूआत









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के केवल पार्क में संगीतमय श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की शुरूआत से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। मजलिस पार्क ए ब्लॉक के शिव मंदिर से शुरू हुई ये कलश यात्रा कथा स्थल यानी केवल पार्क के रामलीला मैदान पर जाकर संपन्न हुई।

**प्रभु कृपा कथा समिति कर रही है आयोजन:** कथा का आयोजन प्रभु कृपा कथा समिति, आदर्श नगर के द्वारा किया जा रहा है। यह कथा 2 मार्च से शुरू हुई है और 10 मार्च तक चलेगी। इस कथा का आयोजन पिछले 11 वर्षों से नियमित हो रहा है।

**शिव मंदिर से हुई कलश यात्रा की शुरूआत:** श्रीरामकथा से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह क्षेत्र की जनता ने भव्य रूप में स्वागत किया। कलश यात्रा की शुरूआत शिव मंदिर ए ब्लॉक मजलिस पार्क से हुई और कई गलियों से होते हुए रामलीला ग्राउंड केवल पार्क पर संपन्न हुई।

**समिति कर रही हैं 11वीं कथा का आयोजन:** समिति के महासचिव गोपाल खनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभु कृपा कथा समिति के द्वारा यह 11वीं कथा का आयोजन किया जा रहा है। मैं कथा में आये हुए सभी भक्तों का धन्यवाद करता हूं।

**कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें:** परम श्रद्धेय हिमेश शास्त्री जी महाराज के द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का वर्णन संगीतमय तरीके से किया जा रहा है। कथा वाचक ने भक्तों से कहा कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें।

**सत्य हमेशा ही सत्य रहता है:** कथा वाचक ने भक्तों से कहा कि जिस प्रकार से प्रभु श्रीराम ने हमेशा ही सत्य का साथ दिया, उसी प्रकार हमें भी सत्य की राह पर चलना चाहिए और सभी कार्य मयार्दा में रहते हुए ही करने चाहिए।

**ये लोग रहे मौजूद:** प्रभु कृपा कथा समिति, आदर्श नगर के चेयरमैन सीताराम शर्मा, अजय गोयल प्रधान, गोपाल खनेजा महासचिव, राजेन्द्र अगवाल कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, मुख्य संरक्षक रामकरण कंसल, प्रकाश चंद अग्रवाल मुख्य संयोजक, जगदीश छाबड़ा सहसंयोजक, सुरेश बंसल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**सीताराम शर्मा, चेयरमैन: कथा में बताई गई बातों को सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य की हमेशा ही जीत होती है और इसलिए सभी बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें।**



**अजय गोयल, प्रधान: भक्ति में शक्ति होती है, इसलिए सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए। जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी मनोकामनाएं अवश्य ही पूर्ण करते है।**



**प्रकाशचंद अग्रवाल, संयोजक व प्रसिद्ध समाजसेवी: कथा में आये हुए सभी भक्तो का पहले तो मैं धन्यवाद करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं सभी भक्ति में लीन रहे और अपना जीवन नेक व पुण्य के कार्यों में लगाये।**



**रामकरण कंसल, संरक्षक: प्रभु कृपा कथा समिति आदर्श नगर के द्वारा केवल पार्क रामलीला ग्राउंड में भव्य रूप में श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है और कथा से पहले आज भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई है।**



## जहांगीरपुरी में शिव जयंती महोत्सव का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके के आई ब्लॉक स्थित 291 के सामने पार्क वाले पार्क में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा जहांगीरपुरी द्वारा शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुरेंद्र खर्ब पूर्व निगम पार्षद व चेयरमैन सिविल लाइन जोन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि समय, संकल्प, वचन और कर्म को महत्व देने वाला व्यक्ति स्वतः ही महत्वपूर्ण बन जाता है। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी मंजू बहन ने आत्मा परमात्मा के रहस्य को समझाया। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी साधना बहन, ब्रह्मा कुमार विकास, ब्रह्माकुमार प्रदीप, ब्रह्म कुमार देवेंद्र शर्मा, ब्रह्मा कुमार खुशहाल शर्मा, ब्रह्मा कुमार विनोद, ब्रह्म कुमार राजेंद्र,आशीष कौशिक, बनीता माथुर और क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय ने मनाया वार्षिकोत्सव




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एसपीएम कॉलेज पंजाबी बाग में श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय रघुवीर नगर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनेकता में एकता वाली भारतीय संस्कृति की झलक भी साफतौर पर देखने को मिली। हरियाणवी लोक नृत्य, पंजाबी लोक नृत्य, संस्कृत नाटक, एकलगीत एवं काव्यावली आदि कार्यक्रमों ने लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया। बदलते भारत की तस्वीर में आज शिक्षा का बड़ा महत्व है। भारत में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब शिक्षा में रामायण और महाभारत जैसे महान ग्रंथ को शामिल करने की वकालत भी की जा रही है। कुछ ऐसा ही वक्तव्य हिंदूवादी विचारधारा को प्रमुखता से रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय ने दिए। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय द्वारा पावन पर्व प्रबोधिनी नामक पत्रिका का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में सत्यप्रकाश मंगल और मुख्य वक्ता के रूप में सर्वोच्य न्यायालय के अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय उपस्थित रहे। अश्वनी उपाध्याय ने हिन्दू संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब आज के समय की विशेष मांग है कि अब शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव किए जाए। बदलते परिवेश में अब पूरे भारत में एक समान शिक्षा की जरूरत है, जिसके लिए सरकार को आगे बढ़ कर कदम उठाना चाहिए।

# जहांगीरपुरी में पुलिस चौकी के पास जाहरवीर की रसोई का हुआ विशाल आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके के पुलिस चौकी के पास जाहरवीर की रसोई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन साहू समाज एकता समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार साहू ने किया।

इस रसोई का शुभारंभ हरीश चंद साहू और ओमवती साहू ने किया।

इस मौके पर सेवादार राजाराम साहू, राम सिंह साहू, रोहित साहू, प्रमोद साहू, इन्द्रजीत साहू, राजेन्द्र साहू, नितिन साहू, अवधेश त्यागी, शरद साहू, तीरथ राज यादव, संदीप सोनकर बागड़ी, प्रेम सिंह साहू, संतोष साहू, मुकेश साहू, प्रेमचंद साहू के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन सभी को करने चाहिए।

इस अवसर पर गिरीश कुमार साहू ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक महीने के पहले रविवार को किया जाता है, हमारी सोच, कर्म और उद्देश्य सभी के जीवन में अच्छी, शानदार और बेहतरीन परिस्थितियाँ पैदा करना है और व्यक्ति कभी भी पारिस्थियों का दास नहीं है परमात्मा ने परिस्थितियों को बदलने की ताकत और हिम्मत दोनों दी है। उन्होंने आगे बताया कि यह हमारी दूसरी जाहरवीर की रसोई है यह कार्यक्रम इसी प्रकार जाहरवीर जी महाराज की कृपा से जारी रहेगा।

## भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ककरोला गांव में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज दिल्ली प्रदेश की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज दिल्ली प्रदेश के संयोजक डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने की।

इस मौके पर समाज से जुड़े कई मुद्दों पर जहां एक और चर्चा की गई, वही संगठन विस्तार पर जोर दिया गया और वाल्मीकि जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग भी उठाई गई। साथ ही कई लोगों ने ठेकेदारी प्रथा खत्म करो के नारे भी लगाए।

डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने कहा कि सभी को आदि धर्म का प्रचार करना है और हमें शिक्षा के महत्व को पहचाना है। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि हमे अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलानी है जिससे कि बच्चे पढ़-लिख कर समाज और देश का नाम रोशन करें। मैं संगठन की ओर से बैठक में आए हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद भी करता हूं और सभी से अपील करता हूं कि सभी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज का विस्तार करने में अग्रणीय भूमिका निभाएं। इस मौके पर धर्म प्रचारक जगदीश जी महाराज, गुजरात से चेतन सोलंकी, रमेश मकवाना, गिरी राज, दिनेश, सुरेंद्र सोलंकी, महेश मकवाना, सुधीर परमार, समाज सेवीका प्रमिला चौधरी, जयप्रकाश वाल्मीकि, यूथ विंग अध्यक्ष सुशील उज्जैनवाल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत थीम को समर्पित हुई फरीदाबाद की हॉफ मैराथन

हॉफ मैराथन

8 स्वच्छता सैनिक का संकल्प ले जीवन में आगे बढ़ें प्रदेशवासी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हॉफ मैराथन को किया फ्लैग ऑफ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि नए संकल्प के साथ सभी को स्वच्छता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सुखद वातावरण की परिकल्पना को साकार करना है। आज फरीदाबाद में आयोजित हॉफ मैराथन स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ भारत थीम को समर्पित हैं वे स्वयं स्वच्छता सैनिक की भूमिका निभाते हुए प्रदेशवासियों के साथ स्वच्छ हरियाणा बनाने के लिए आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री रविवार की सुबह फरीदाबाद के सूरजकुंड परिसर में हरियाणा की अब तक की सबसे बड़ी हाफ मैराथन की विभिन्न श्रेणियों को फ्लैग ऑफ करने के दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने हॉफ मैराथन सहित 10 व 5 किलोमीटर व दिव्यांग जनों की मैराथन के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद हॉफ मैराथन को स्वच्छता को समर्पित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हम अगर अपने आसपास साफ सफाई रखेंगे तो इससे हमारी सेहत भी ठीक रहेगी। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को स्वभाव बनाने पर जोर देते हुए कहा कि गंदगी किसी भी सभ्य समाज का पैमाना नहीं है। ऐसे में हम सभी को यह सामूहिक प्रयास करना है कि हम अपने आसपास स्वच्छता को बरकरार रखते हुए स्वच्छ व स्वस्थ हरियाणा के साथ-साथ स्वच्छ भारत के मार्ग पर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान उपस्थित जनसमूह से आस-पास कचरा मुक्त वातावरण रखने के लिए स्वच्छता सैनिक



बनने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

फरीदाबाद का वार्षिक इवेंट बना हॉफ मैराथन, अक्टूबर के पहले रविवार को हैप्पी संडे बनाने की घोषणा :

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद हॉफ मैराथन में हजारों की संख्या में शामिल प्रतिभागियों से सीधा संवाद करते हुए घोषणा की कि गुरूग्राम में प्रत्येक वर्ष फरवरी के आखिरी रविवार को आयोजित की जाने वाली फुल मैराथन की तर्ज पर अब भविष्य में फरीदाबाद में भी अक्टूबर माह के पहले रविवार को फरीदाबाद हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन दोनों शहरों में 6 महीने के अंतराल पर इन दोनों वार्षिक इवेंट का आयोजन सकारात्मक उद्देश्य के साथ होगा जिससे हर वर्ग को सार्थक संदेश दिया जाएगा। वहीं प्रदेश के अन्य बड़े शहरों में भी इस प्रकार के आयोजन करवाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

हरियाणा के गौरव कार्यक्रम आयोजन की हुई घोषणा, प्रदेश की छिपी हुई प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन :

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद जिला में आयोजित हॉफ मैराथन में उमड़े जनसमूह को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक नए कार्यक्रम का शुभारंभ करने जा रही है। उन्होंने मुख्य मंच से हरियाणा के गौरव कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का विमोचन करते हुए बताया कि यह आयोजन हरियाणा प्रदेश का सबसे बड़ा टेलेंट हट कार्यक्रम होगा जोकि आगामी मई माह से शुरू होगा। यह कार्यक्रम हरियाणा प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उनका कौशल दिखाने का एक मजबूत मंच होगा

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट से प्रेरणा लेने का किया आह्वान :

मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान में हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या से तनाव कम करने के लिए अपने व परिवार के लिए समय अवश्य निकालना है और इस प्रकार के आयोजन हर वर्ग को नई ऊर्जा का संचार करने में सहभागी होते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट व योग से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि देश का युवा अगर फिट रहेगा तो देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से वर्ष 2015 में योग को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान से लोगों की मानसिकता में बदलाव आया है और अब लोग योग को जीवन का हिस्सा बनाते हुए स्वास्थ्य सुधार में अग्रणी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेशवासियों के सुखद भविष्य के लिए विभिन्न गतिविधियों राहगीरी, साइक्लोथॉन सहित मैराथन का आयोजन करते हुए आमजन को तनाव मुक्त बनाने व सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक करने में अपना दायित्व निभा रही है।

मुख्यमंत्री ने मैराथन के ट्रैक पर पहुंच कर बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह :

मुख्यमंत्री समाज को सार्थक संदेश देने वाले आयोजनों में स्वयं किस प्रकार सहभागी बनते हैं। इसका अद्भुत नजारा फरीदाबाद हॉफ मैराथन में देखने को मिला। मैराथन की 10 किलोमीटर श्रेणी व 5 किलोमीटर फन रन की श्रेणी में शामिल हजारों प्रतिभागियों को फ्लैग ऑफ करने उपरान्त मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल स्वयं खुली में जीप में सवार होकर मैराथन ट्रैक पर पहुँचे व दौड़ रहे धावकों का उत्साहवर्धन किया।

बरसात के बावजूद फरीदाबाद की हॉफ मैराथन में उमड़ा जनसमूह :

रविवार की सुबह बारिश के बावजूद सूरजकुंड परिसर से आयोजित हॉफ मैराथन में प्रतिभागियों में अपार उत्साह देखने को मिला। जिला प्रशासन की ओर से मैराथन को लेकर किए गए पुख्ता इंतजामों ने धावकों के जोश को और

## संक्षिप्त खबरें

### इंसानियत शर्मसार : नवजात को फेंका; लोहे की ग्रिल पर अटका मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

अजरौंदा गांव सेक्टर-15ए में सोसाइटी की दीवार की ग्रिल पर शनिवार सुबह एक नवजात अटका हुआ मिला। उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर आई और नवजात के शव को नीचे लेकर आए। इसके बाद इसे बादशाह खान नागरिक अस्पताल की मोरचरी में रखवाया गया। सेंट्रल थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पैदा होने के बाद किसी ने नवजात को ग्रिल के ऊपर से फेंकने की कोशिश की होगी, लेकिन वह ऊपर ही फंस गया। इस दृश्य को जिसने भी देखा, वह दंग रह गया। अब पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बता दें 23 फरवरी को भी एयरफोर्स रोड पर शुक्रवार सुबह कचरे के ढेर पर नवजात का शव मिला था। बच्ची को पैदा होते ही रात को ही यहां फेंका गया था। पुलिस की ओर से इस मामले में सुराग देने वाले को 10 हजार रुपये देने की घोषणा की गई थी लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं लग सका है। डबुआ थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समितियां गठित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

प्रदेश सरकार ने मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समितियां गठित की गई हैं। इन समितियों की निगरानी में विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जायेगी तथा समय-समय पर चिन्हित किये गए मामलों की समीक्षा भी की जाएगी।

प्रवक्ता ने बताया कि यह समितियां नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय नशा मुक्त भारत अभियान समितियों के तौर पर कार्य करेंगी। प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा यह समितियां कारगर होंगी और राज्य के नागरिकों को नशे की प्रवृति से निजात दिलाने और हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने में भरपूर सहयोग करेंगी।

जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति में सदस्य के तौर पर पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी, बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, औषधि नियंत्रण अधिकारी, उपायुक्त द्वारा नामित ड्रग्स के क्षेत्र में कार्य करने वाले तीन गैर सरकारी संगठन, उपायुक्त द्वारा नामित दो सेवानिवृत्त वरिष्ठ सिविल सेवा अधिकारी, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की राज्य स्तरीय निगरानी एजेंसी के अलावा जिला समाज कल्याण अधिकारी इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।

उन्होंने बताया कि यह समिति नशा मुक्त ड्रग फ्री अभियान की रूपरेखा तैयार करेगी। जिला के सभी स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवायेगी। लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से महाविद्यालयों में विद्यार्थी क्लब स्थापित किए जायेंगे। नशे का सेवन करने वालों की पहचान कर उन्हें पुनर्वास केन्द्रों तथा अस्पताल तक परामर्श एवं इलाज के लिए भिजवाया जायेगा। इसके अलावा जिला स्तर पर नशे की लत से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज व परामर्श की सुविधाओं की निगरानी की जायेगी। इसके साथ ही शिक्षण संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि में सिगरेट बिक्री पर प्रतिबंध सख्ती से लागू किया जायेगा। ड्रग्स की बिक्री इत्यादि व उपलब्धता की जानकारी जुटाई जायेगी। नशे के आदि लोगों को सेवाए उपलब्ध करवा रही संस्थाओं व अस्पतालों का समय-समय पर दौरा कर समीक्षा की जायेगा।

### हरियाणा में ओलावृष्टि ने मचाई तबाही, किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा में पिछले दो दिन के दौरान हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि ने हर तरफ तबाही मचा दी है। खेत में खड़ी गेहूं की फसल लगभग बर्बाद हो गई है। प्रदेश में अचानक हुई बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के बाद विपक्ष ने एकजुट होकर सरकार से किसानों को तुरंत मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दावा किया कि इस बरसात और भारी ओलावृष्टि से किसानों की सौ प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि बर्बाद हुई फसलों की तुरंत प्रभाव से निश्चित समय अवधि में गिरदावरी कराकर किसानों को मुआवजा प्रदान करे।

## बीएसए ने कई शिक्षक शिक्षिकाओं का वेतन रोका

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

बीएसए सुनील दत्त द्वारा किए गए स्कूलों के औचक निरीक्षण के क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय भैरई नौहझील का निरीक्षण किया गया। उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि रेनू पालीवाल बिना सूचना एवं बिना किसी अवकाश के लगातार अनुपस्थित चल रही है तथा प्रधानाध्यापक लक्ष्मण सिंह निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाये गए। दोनो का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने के आदेश किए गए हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय जाफरपुर नौहझील समय से पूर्व ही बंद पाया गया ।समस्त स्टाफ का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है।

# टीटीई ने पार की हैवानियत की हदें, महिला को चलती ट्रेन से दिया धक्का

हैवानियत

8 पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

तीन दिन पहले झेलम एक्सप्रेस के एसी कोच में सवार होने पर टीटीई ने कथित तौर पर एक महिला को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया था। इससे महिला का पैर और कूल्हा टूट गया था। जीआरपी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है।

पुलिस के मुताबिक, एसजीएम नगर निवासी 40 वर्षीय भावना झाड़ू-पोंछा लगाने का काम करती हैं। 29 फरवरी को वह झांसी जाने के लिए फरीदाबाद रेलवे स्टेशन आई थीं। दोपहर करीब 12:15 बजे ट्रेन के रुकने पर वह एसी कोच में चढ़ गईं। इसी बीच वहां टीटीई आ पहुंचा। टीटीई ने महिला से कोच से उतरने के लिए कहा। इस बीच ट्रेन चलने लगी। महिला ने कहा कि वह जल्दबाजी में एसी कोच में सवार हो गई है। अगला स्टेशन आने पर इस कोच से उतर जाएगी।

### चलती ट्रेन से उतरने का बनाया दबाव

आरोप है कि टीटीई महिला पर चलती ट्रेन से ही उतरने का दबाव बनाने लगा। पहले टीटीई ने महिला का बैग प्लेटफॉर्म पर फेंका। फिर उसे धक्का दे दिया। इससे महिला का पैर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच आ गया।

इस घटना में महिला का दाहिना पैर और कूल्हा टूट गया। वहां मौजूद महिला की बेटी शिल्पा अपनी मां को लोगों की मदद से बीके अस्पताल ले गई। इसके बाद एनआईटी-तीन स्थित ईएसआई मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। शनिवार को घायल महिला को आईसीयू (इंटेंसिव केयर यूनिट) से निकालकर सामान्य वार्ड में भर्ती कर दिया गया।

'न जुमार्ना लगाया और न दिया उतरने का मौका'

पीड़ित महिला ने बताया कि टीटीई ने हैवानियत की हदें पार कर दी थीं। उसके पास सामान्य कोच का टिकट था।

उसने टीटीई से जुमार्ना लगाने का भी आग्रह किया था। न तो उसने जुमार्ना लगाया न न ही उसे अगले स्टेशन पर उतरने का मौका दिया। टीटीई की हैवानियत की वजह से उसकी यह हालत हुई है।

# स्नैचिग के मुकदमें में 2 आरोपी को अपराध शाखा की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने स्नैचिंग के मुकदमें में 2 आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रोहित उर्फ ब्रावो और आकाश उर्फ चूसा का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद की भूड कॉलोनी ओल्ड



फरीदाबाद के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को माननीय अदालत से पुलिस प्रोडक्शन पर लिया है। दोनों आरोपियो को अपराध शाखा टीम ने अवैध हथियार सहित काबू किया था। दोनों आरोपियो से थाना सेक्टर-31 के स्नैचिंग के मुकदमें का खुलासा हुआ था। आरोपियो द्वारा मोटरसाइकिल पर जाते हुए व्यक्ति से स्कूटी पर सवार होकर बंगाल शूटिंग चौक के पास मोबाइल फोन स्नैचिंग व मार-पीट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें आरोपियो से मोबाईल फोन बरामद किया गया है।

## होली महोत्सव में राधारानी मंदिर पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

श्री राधा रानी सेवा समिति राया द्वारा 97वीं मासिक पदयात्रा रविवार सुबह 6 बजे ठाकुर गोपाल जी मंदिर से निकाली गयी। पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालु राधा रानी के भजनों पर नाचते झूमते हुए चल रहे थे। खादर स्थित राधारानी मंदिर पहुंचने पर पदयात्रियों ने राधारानी के दर्शन किये। जिसके बाद राधा रानी को अबीर-गुलाल अर्पित कर होली महोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। होली के भजनों पर नाचते श्रद्धालु व उड़ते गुलाल से पूरा मंदिर प्रांगण सतरंगी हो गया।

# अनुसूचित मोर्चे के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने राजकुमार वोहरा का किया स्वागत अभिनन्दन



लोकसभा चुनाव

8 लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में पुरी निष्ठा से जुट जाएँ कार्यकत्ता ': राजकुमार वोहरा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

भाजपा जिला फरीदाबाद के अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने मोर्चे के कार्यकर्ताओं के साथ फरीदाबाद के गाँव झाड़सैन्तली में भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा का स्वागत और अभिनन्दन किया। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने मोर्चे के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव चौहान और मोर्चे के कार्यकर्ताओं के साथ बाल्मिकी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मीडिया सह प्रमुख अजय डुडेजा, कार्यक्रम संयोजक मुकेश बाल्मिकी एवं सोनू बाल्मिकी, अमरपाल गहलोत, महिपाल सजलाना, मामचंद, सुखबीर, संजय डागर, अमित कुमार, प्रवीण मोर्या, बलराज माहर, गौरव आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे । मोर्चे के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष गौरव चौहान ने अपनी नियुक्ति के लिए अनुसूचित जाति समाज के मौजूदा लोगों और मोर्चे के कार्यकताओं के साथ जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और गाँव की बुजुर्ग सरदारी ने जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा को पगड़ी बांधकर उनका सम्मान किया । भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने गौरव चौहान को नव दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोर्चे के सभी कार्यकर्ता देश एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को आमजन पंहुचाकर जनता को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिलवाएं । वोहरा ने समाज के बुजुर्गों से समाज की बच्चियों को पढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि एक बच्ची को शिक्षित करना एक पूरे परिवार को शिक्षित करना है । राजकुमार वोहरा ने कहा कि मोदी-मनोहर की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश व प्रदेश का जन जन सशक्त हुआ है और गरीब, युवा, महिला व किसान तक योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है ।

# घर से लापता 21 वर्षीय लडकी को क्राइम ब्रांच ने किया बरामद

लापता

8 लडकी ने अपने ब्यान में बताया कि वह अपनी मर्जी से रहना चहाती है। वह परिजनो के साथ नही जाना चाहती

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए लापता लडकी को तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 21 वर्षीय लडकी अपने घर से बिना बताए 11 फरवरी को निकल गई थी।



जिसकी परिजनों के द्वारा काफी तलाश की गई लेकिन लडकी के नही मिलने पर परिजनों ने लडकी के गुम होने की सूचना थाना सुरजकुण्ड में में दी। सूचना पर थाना सुरजकुण्ड में मुकदमा दर्ज कर लडकी की तलाश की जा रही थी। मुकदमें में क्राइम कैट की टीम के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। कैट टीम ने कार्रवाई करते हुए लडकी का अपने गुप्त सूत्रों से गुरुग्राम का पता लगाया। जिसको वहां से बरामद करने के लिए लडकी के परिजनों के साथ पुलिस टीम गुरुग्राम गई। जहां से लडकी को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया।

लडकी ने अपने ब्यान में बताया कि वह अपनी मर्जी से रहना चहाती है। वह अपने परिजनो के साथ नही जाना चाहती। लडकी के माननीय अदालत के सामने पेश कर 164 सीआरपीसी के ब्यान कराए गए। ब्यान के बाद लडकी व उसके परिजनों को फारिक किया गया। लडकी के परिजनों ने पुलिस टीम का दिल से धन्यवाद किया।

# हरियाणा में जीतोड़ मेहनत करेंगे और भाजपा को हराने का काम करेंगे: डॉ. गुप्ता

संयुक्त बैठक

8 हरियाणा में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर "इंडिया" गठबंधन मजबूत हुआ: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**कुरुक्षेत्र/ चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक रविवार को कुरुक्षेत्र में हुई। इसमें आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्लइंडियाह्व गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता समेत तमाम नेतागण और कार्यकर्ता और कांग्रेस के प्रदेश



अध्यक्ष उदयभान, नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान दोनों पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ आगामी रणनीति को लेकर संयुक्त बैठक की।

आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि परिवार में कोई सदस्य नया जुड़ता है तो धीरे धीरे आपस में रिश्ता मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि अपनी सहन शक्ति को कायम रखते हुए एक दूसरे का सम्मान करें। जब हम एक दूसरे का सम्मान कर आगे बढ़ेंगे तो हमारी जीत को दुनिया की कोई भी ताकत नहीं रोक सकती।

उन्होंने कहा कि मैं सांसद बनूं या या ना बनूं ये जरूरी नहीं है। जरूरी है ये देश और आज देश को और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस देश में सांप्रदायिक ताकतें अपना सिर उठा रही हैं। देश के प्रधानमंत्री 750 किसानों की शहादत के बाद एमएसपी का वायदा कर अपने वायदे से मुकर रहे हैं।

किसानों पर गाड़ी चढ़ाने वाले मंत्री को दोबारा टिकट दे रहे हैं। ये जनता सबका घमंड तोड़ना जानती है।उन्होंने कहा कि हम मिलकर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे, नतीजा चाहे जो भी है। सभी 9 विधानसभा के लोगों से मिला और जाना कि यहां के लोगों के मन में टीस है। कोई विकास कार्य नहीं हुआ। नायब सिंह का नाम लोगों ने गायब सिंह लिखा हुआ है। जो लोगों को मिलते नहीं हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री किस नाम के हैं। कानून व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है। एक जगह 30-30 गोलियां चला दी जाती है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर गांव में युवा नशे की गर्त में हैं। युवा अपराध के दलदल में फंस रहे हैं। या डिप्रेशन में जाकर आत्महत्या कर रहे हैं। जिस मुख्यमंत्री के राज में 30-30 पेपर लीक हो गए हों वो किस ईमानदारी की बात करते हैं। दो लाख स्वीकृत पद खाली हैं और युवा दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि फौज में नौकरी पर अग्निवीर के नाम पर युवाओं के साथ भद्दा मजाक किया गया है।

# घर से लापता 21 वर्षीय लडकी को पुलिस ने तलाश कर किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी बल्लबगढ़ के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-8 प्रभारी की टीम पुलिस चौकी सेक्टर-7 की टीम ने घर से लापता लडकी को तलाश कर परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि लडकी 31 दिसम्बर को अपने घर से निकल गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया। लडकी के नही मिलने पर लडके गुम होने के संबंध में पुलिस चौकी सेक्टर-7 में सूचना दी जिसपर



चौकी प्रभारी मनोज कुमार की टीम ने लडकी का अपने गुप्त सूत्रों व तकनीकी माध्यमों की सहायता से सेक्टर-3 फरीदाबाद का पता लगया। पुलिस टीम ने परिजनों के साथ लडकी को सेक्टर-3 से तलाश कर लीगल एड के बयान कराए गए। जिसमें लडकी ने बताया कि वह अपनी मर्जी से घर से निकल गई थी। जो अब वह परिजनों के साथ जाना चहाती है। लडकी के 164 सीआरपीसी के बयान माननीय अदालत में कराए गए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 04 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

## फास्ट न्यूज

### उपराज्यपाल ने पुंछ में मारे गए नागरिकों के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**जम्मू:** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पुंछ में मारे गए नागरिकों के परिजनों को एसआरओ-43 के तहत नियुक्ति आदेश सौंपे। नियुक्ति आदेश सफीर अहमद की पत्नी जरीना बेगम, शब्बीर अहमद के भाई मोहम्मद कबीर, शौकत अली के भाई मोहम्मद रजाक, गांव बुफलियाज, सुरनकोट, जिला पुंछ के सभी निवासियों को सौंपे गए। परिवारों को आवासीय उद्देश्य के लिए एक-एक कनाल भूमि के आवंटन आदेश भी सौंपे गए। उपराज्यपाल ने परिवार के सदस्यों को भविष्य में जम्मू-कश्मीर प्रशासन से हर संभव सहायता का आष्वासन दिया। इस अवसर पर पुंछ के उपायुक्त चौधरी मोहम्मद यासीन भी उपस्थित थे।

### ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामों के खेतों में पहुंचे अफसर, कलेक्टर बोले- जल्द करें सर्वे

**शिवपुरी:** शिवपुरी जिले में अभी दो दिनों में हुई बारिश के कारण किसानों की फसल प्रभावित हुई है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसल को भारी नुकसान हुआ है।कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सभी एसडीएम और तहसीलदार को ओलावृष्टि प्रभावित गांव में सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं । वहीं, स्वयं कलेक्टर भी रविवार को प्रभावित ग्रामों के भ्रमण के लिए निकले। उन्होंने शिवपुरी, करेरा और पिछोर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान संबंधित एसडीएम, तहसीलदार और कृषि विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, एसडीएम अनूप श्रीवास्तव के साथ शिवपुरी के ग्राम रायश्री और सतेरिया पहुंचे। वहां किसानों से भी चर्चा की। मौके पर उपस्थित तहसीलदार सिद्धार्थ शर्मा और पटवारी को ओलावृष्टि प्रभावित ग्रामों में जल्द फसल क्षति सर्वे के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पिछोर के नावली गांव में भी एसडीम राजीव समाधिया और तहसीलदार को निर्देश दिए। नावली गांव में भ्रमण के दौरान पटवारी मौके पर उपस्थित न होने पर पिछोर एसडीएम को संबंधित पटवारी पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त टीम बनाकर ओलावृष्टि से प्रभावित गांव का सर्वे कराएं।

### योगी सरकार उप्र में जल्द शुरू करने जा रही युवा उद्यमी विकास अभियान

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार जल्द ही प्रदेश में महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (ट वश्अ) शुरू करने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (टरटए) विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूरी कार्ययोजना तैयार कर उनके समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश के युवाओं में आंत्रप्रेन्योरशिप (उद्यमशीलता) को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार इस योजना के जरिए प्रति वर्ष एक लाख युवा उद्यमियों को तैयार करेगी।

# यूपी के युवा भी बनेंगे स्मार्ट : योगी

## जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले : सीएम योगी

**आश्वासन**

8 प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं, उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी। सीएम योगी रविवार को राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे।

**डिजिटली सक्षम बन रहे यूपी के युवा, बनाएंगे डिजिटल इंडिया का अग्रणी राज्य:** मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लांच कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर आए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब पीएम मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। आज इसी का अनुसरण करते हुए प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं।

### जर्जर नहीं रहेंगे माध्यमिक विद्यालय, सरकार दे रही पैसा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरूआत की गई है। सरकार पैसा दे रही है, कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। सीएम ने बताया कि आज प्रदेश भर के लिए प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों का शुभारंभ हो रहा है।

## भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीखें जीने की राह: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश भाई-भाई हैं। मैं जितना मध्य प्रदेश का हूं, उतना ही उत्तर प्रदेश का भी हूं, मेरी जड़ें उत्तर प्रदेश से संबंधित है। उन्होंने यादव समाज से अपील की कि वह एक ही परिवार की राजनीति से बाहर निकले तभी यादव समाज का विकास संभव है। बिजनौर रोड पर स्थित गुडौरा मैदान में आयोजित यादव महाकुंभ में उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ी जरूरत है कि यादव समाज का हर परिवार अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें। मध्य प्रदेश सरकार देश भर में कहीं भी यादव परिवार का युवा अगर आगे बढ़ता है और उसे पढ़ाई में किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद की जरूरत होगी तो हमारी सरकार मदद करेगी।उन्होंने कहा कि यदुवंशी भगवान श्रीकृष्ण ने भी समाज को विभिन्न माध्यमों से शिक्षा दी थी। श्रीमद्भागवत गीता उन्हीं की शिक्षाओं पर आधारित एक ग्रंथ है। इसलिए हमें आगे बढ़ाने के लिए अपने बच्चों को शिक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट का धार्मिक विकास मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार मिलकर करेगी इसके लिए दोनों सरकारों के बीच संवाद चल रहा है। इससे पहले श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार और यादव महाकुंभ के आयोजक मनीष यादव ने कहा कि आज यादव समाज के लिए एक नई लकीर खींची गई है।

## 24 घंटे में दें खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार देर रात से प्रदेश में खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से अन्नदाता किसान की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर तत्काल सर्वे कराकर संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराने के लिए आदेशित किया है ताकि 24 घंटे में अन्नदाताओं के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। इतना ही नहीं, सीएम योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि 2 मार्च तक 50 जिलों के सात हजार से अधिक किसानों ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है।

सर्वे पूरा होने के बाद फसलों के नकुसान का मुआवजा बीमा कंपनियों के साथ राजस्व विभाग से भी दिया जाएगा। वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से अति आवश्यक कार्य पर ही घर से निकलने की अपील की है।

### नक्सली स्मारक को जवानों ने किया ध्वस्त

**दंतेवाड़ा:** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत सीएएफ कैम्प पोटाली के आस-पास के क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित करने की आसूचना पर आज रविवार को थाना अरनपुर व सीएएफ कैम्प पोटाली का संयुक्त बल गस्त, सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन हेतु घुर नक्सल प्रभावित पोटाली से उरपालपारा के जंगल की ओर रवाना किया गया था। संयुक्त बल के जवानों द्वारा गस्त, सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के दौरान उरपालपारा के जंगल में नक्सलियों के द्वारा बनाये गये नक्सल स्मारक को ध्वस्त कर दिया है।



**लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले आजमगढ़ के विकास कार्यों को जनता के बीच लाने के लिए भाजपा सरकार अलर्ट मोड पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी मार्च महीने में आजमगढ़ आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रमों का जायजा लेने के लिए रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब साढ़े तीन बजे मंदुरी में स्थित आजमगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे।**

## हरियाणा से सारे गुंडे बदमाशों को फिर बाहर कर देंगे: हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कलायत अनाज मंडी में आयोजित जन-आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कलायत में उमड़ा जनसैलाब इस बात का संकेत है कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। जनआक्रोश रैली में उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित हुड्डा ने अपने अंदाज में कहा कि कलायत ने लट्ठ गाड़ दिया। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध और चरमराई कानून-व्यवस्था पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि जब 2005 में उनकी सरकार आयी थी उस समय भी कानून-व्यवस्था के हालात बेहद खराब थे।

लेकिन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही उन्होंने अपराधियों को कड़ी चेतावनी देकर कहा था कि या तो वो अपराध छोडकर मुख्यधारा में आ जाएं या हरियाणा छोड़ दें। आज भारत सरकार की

**ऐलान**

8 जनआक्रोश रैली में उमड़ी भारी भीड़ से उत्साहित हुड्डा ने कहा कलायत ने लट्ठ गाड़ दिया

सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स (रढक) रिपोर्ट में हरियाणा को देश में सबसे असुरक्षित राज्य बताया गया है। हुड्डा ने कहा कि इस बार फिर कांग्रेस सरकार आने पर हरियाणा से सारे गुंडे बदमाशों को बाहर करेंगे। हुड्डा ने अपने मन की टीस बताते हुए कहा कि 2014 के पहले जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून-व्यवस्था, खेल-खिलाड़ी, रोजगार देने में नंबर 1 था आज वो हरियाणा बेरोजगारी, अपराध, नशे और भ्रष्टाचार में नंबर 1 बन गया है।

## हाईकोर्ट ने पानी टंकी ओवरब्रिज तोड़ने के मामले में मांगी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पानी टंकी ओवरब्रिज तोड़ने के मामले में जानकारी तलब की है। कोर्ट ने कहा है कि इस सम्बंध में सुनवाई की अगली तारीख पर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कोर्ट इस मामले की सुनवाई चार अप्रैल को करेगा। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने कमलेश कुमार सिंह व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। इसके पहले सुनवाई शुरू होते ही याची अधिवक्ता ने कहा कि प्रशासन ने ओवर रेलिंग टूटने पर ही ओवरब्रिज को तोड़ने का निर्णय ले लिया। जबकि, उस ओवर ब्रिज से बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं का हाईकोर्ट, कैट, रेवेन्यू बोर्ड, जिला अदालत सहित अन्य न्यायिक संस्थानों में आना-जाना है। शहर का आधा हिस्सा ओवर ब्रिज से ही होकर गुजरता है। इससे आवागमन है। छात्रों का भी शैक्षणिक संस्थानों में आना-जाना है। पुराने ओवर ब्रिज को तोड़ देने से जाम की समस्या खड़ी हो जाएगी। सारा आवागमन एक ही ओवर ब्रिज पर हो जाएगा, जिससे लोगों को परेशानी होगी। प्रशासन ने ओवर ब्रिज तोड़ने का निर्णय ले लिया लेकिन कोई नया ब्रिज बनाने का प्रस्ताव नहीं बताया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में राजस्थान कई क्षेत्रों में रहा प्रथम स्थान पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर: शहरी** क्षेत्र में लगने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंपों में लोगों की भागीदारी के मामले में राजस्थान देश भर में प्रथम रहा है। कुल 1415 शहरी कैंपों में 52 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। वहीं इन कैंपों में 26 लाख से अधिक महिला भागीदारी के साथ इस क्षेत्र में भी राजस्थान देशभर में प्रथम रहा है। राजस्थान में चार लाख से अधिक लोगों ने आधार कार्ड कैंपों में भाग लिया व 23 लाख से ज्यादा लोगों की भागीदारी हेल्थ कैंपों में रही। इसके अलावा पांच लाख से अधिक लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाए, दो लाख से ज्यादा लोग मेरी कहानी मेरी जुबानी लाभार्थी रहे और क्विज खेलने वाले लोगों की संख्या भी दो लाख से अधिक रही। इन सभी क्षेत्रों में राज्य प्रथम स्थान पर रहा। वहीं दो लाख से अधिक लोगों द्वारा पीएम उज्ज्वला योजना का लाभ लिए जाने से इस मामले में राजस्थान, उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर रहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी) कैंपों में 25 लाख से ज्यादा पुरुषों की भागीदारी और 33 लाख से अधिक लोगों के संकल्प लेने के साथ राज्य ने इन दोनों क्षेत्रों में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं इन दोनों ही क्षेत्रों में जम्मू कश्मीर ने प्रथम स्थान हासिल किया।


### छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा करेगी जीत हासिल: देव

**जगदलपुर: भाजपा** के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की जाने के बाद बस्तर जिला भाजपा कार्यालय जगदलपुर में बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से मुलाकात की। इस अवसर पर देव ने महेश कश्यप को मिठाई खिलाकर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। निश्चित ही हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का अनुपालन करते हुए, हम छत्तीसगढ़ की 11 की 11 लोकसभा सीटें जीतेंगे।

## इंदौर को भिक्षुक मुक्त शहर बनाने के अभियान को बनाए जाएगा प्रभावी

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर:** इंदौर शहर को बाल भिक्षुक मुक्त शहर बनाने के लिए चल रहे अभियान की सफलता को देखते हुए इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है। अब बाल भिक्षुकों के साथ ही बड़ी उम्र के भिक्षुकों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। भिक्षुक मुक्त शहर बनाने के अभियान को और अधिक गति देकर प्रभावी बनाया जाएगा। भिक्षावृत्ति से मुक्त बच्चों और अन्य भिक्षुकों के शिक्षण, प्रशिक्षण, रोजगार और पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। भिक्षावृत्ति पर कार्यवाही के लिये गठित दल में अब पुलिस भी साथ



रहेगी। नगर निगम का कर्मचारी भी दल में रहेगा। डीएसपी स्तर के अधिकारी पुलिस व्यवस्था की मॉनीटरिंग करेंगे। साथ ही भिक्षावृत्ति पर निगरानी की व्यवस्था को और अधिक कारगर बनाते हुए स्मार्ट सिटी कार्यालय द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जायेगा। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भिक्षावृत्ति पर निगरानी होगी। यह जानकारी रविवार को यहां कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा भिक्षुक मुक्त शहर बनाये जाने के संबंध में ली गई समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बैनल, सपना लोवंशी, डीसीपी हंसराज सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि बाल भिक्षुक मुक्त करने के अभियान को आशातीत सफलता मिली है। इस अभियान को निरंतर चलाये जाने की जरूरत है।

साथ ही कलेक्टर आशीष सिंह ने अभियान का दायरा बढ़ाते हुए अब बड़े उम्र के भिक्षुकों के विरूद्ध भी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान को और अधिक गति देकर प्रभावी बनायें। शहर में कहीं भी भिक्षुक दिखायी नहीं दें।

**शिलान्यास** पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन और शिलान्यास किया मुख्यमंत्री ने, डबल इंजन सरकार में विकास भी, गरीब कल्याण भी : सीएम योगी

# जनता को माथे पर बैठाकर सेवा करती है अच्छी सरकार: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के ताल नदोर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी। भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह जनता जनार्दन को सिर-माथे पर बैठाकर सेवा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन



की सरकार ऐसी ही है। इस सरकार में विकास है तो गरीब कल्याण भी। इसमें सुरक्षा, आजीविका, आस्था के सम्मान के साथ समृद्धि भी है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिका पूजन तथा बटन दबाकर शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था और बाकी पब्लिक देखती रह जाती थी। आज डबल इंजन सरकार में ऐसा नहीं है। हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इस समझ को बनाए रखना है और लोकसभा चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार तथा अबकी बार चार सौ पार के नारे को साकार करना है।

**विकास कार्य**

8 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी

**भविष्य में विश्वविद्यालय बनेगा यह महाविद्यालय:** सीएम योगी ने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि ताल नदोर में बनने वाला पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय भविष्य में विश्वविद्यालय बना दिया जाएगा। तब गोरखपुर में पांच विश्वविद्यालय हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में पशुओं के इलाज के साथ नस्ल सुधार के कार्य भी होंगे।

## शिमला में बर्फ पर फिसली एचआरटीसी की बस, चालक-परिचालक बाल-बाल बचे

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में हुई भारी बर्फबारी से परिवहन व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। वहीं सड़कों पर सफर करना जानलेवा हो गया है। रविवार को रोहड़ू उपमण्डल के टिक्कर इलाके में जमी बर्फ के कारण एचआरटीसी बस खाई में गिरने से बच गई। इस बस में चालक व परिचालक ही मौजूद थे। यह हादसा पौने 11 बजे के करीब पेश आया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोहड़ू डिपू की बस एचपी 10ए-6794 पुजारली से रोहड़ू की तरफ जा रही थी। टिक्कर तहसील



के खलावन नाला के पास बर्फ से फिसल कर बस सड़क से बाहर की ओर लटक गई। गनीमत यह रही कि बस पेड़ों सेबस में चालक व परिचालक के अतिरिक्त कोई भी अन्य स्वारी नहीं बैठी थी। हादसे में बस के आगे के शीशे टूट गए। हालांकि चालक व परिचालक पूरी तरह सुरक्षित है। एचआरटीसी ने क्रेन के जरिये बस को निकाला। बस को पवन कुमार चला रहा था। रोहड़ू के डीएसपी ने बताया कि बर्फ पर फिसलने से हादसा हुआ है। बस के चालक और परिचालक चोटिल नहीं हुए हैं। बर्फबारी ने प्रदेश के पहाड़ी इलाकों की सपीली सड़कों की रफतार पर ब्रेक लगा दी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रविवार देर शाम तक राज्य भर में पांच नेशनल हाईवे समेत 652 सड़कें अवरूद्ध हो गई हैं।